# देशबन्धु

जबलपुर, रविवार 05 नवम्बर 2023 । वर्ष –67 । अंक –356 पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.

■ जार्ज पंचम की नाक
■ ए मुहब्बत तेरे अंजाम... 04
■ अमेरिका से नहीं डरते हिजबुल्लाह चीफ की...
■ पाकिस्तानी वायु सेना के ट्रेनिंग बेस पर... 09
■ सीमेंट की कीमतों में उछाल, भारतीय...
■ पीएनबी ने एफडी दरों में किया इजाफा 11
■ पाकिस्तान टीम सेमीफाइनल..
■ रचिन रविन्द्र ने तोड़ा सचिन... 10




ICC CRICKET WORLD CUP INDIA 2023

**आज के मैच**
भारत विरूद्ध साउथ अफ्रीका
समय - 2.00 दोपहर

**सार संक्षेप**

## सिवनी और खण्डवा में प्रधानमंत्री की जनसभाएं आज

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश पर चुनावी रंग गाढ़ा होता जा रहा है। बीते दिन रतलाम में बड़ी रैली को संबोधित करने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज 5 नवम्बर को सिवनी और खण्डवा में विशाल जनसभाओं को संबोधित करेंगे। सिवनी के जगबम्बा सिटी ग्राउंड पर सुबह 11.30 बजे और खंडवा के आईसेक्ट कॉलेज ग्राउंड पर दोपहर 3.15 बजे प्रधानमंत्री की जनसभाएं होंगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वी.डी. शर्मा ने नागरिकों से बड़ी संख्या में उपस्थिति की अपील की है। वहीं इन सभाओं में समीपी क्षेत्रों,जिलों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचेंगे।

**सूचना**

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर
epaper.deshbandhump.com
वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

**बिरादरी की बात**

**चूहा-सुनती हो-** मोदी कह रहे हैं कांग्रेस में चुनाव के बाद सिर फुटव्वल होगी।
**चुहिया- हां प्रिये-** पहले ही कौन सी कम है ? किसी पार्टी में पर्दे के आगे तो कहीं पर्दे के पीछे...

## चुनावी रैली में मोदी की बड़ी घोषणा..

# अगले 5 साल तक मिलता रहेगा गरीबों को मुफ्त अनाज



## रतलाम में बोले- चुनाव के बाद कांग्रेस में होगी सिर फुटव्वल, अभी कपड़े फाड़ रहे

**रतलाम/ दुर्ग, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज म.प्र. के रतलाम और छत्तीसगढ़ के दुर्ग में बड़ी चुनावी रैलियों को संबोधित किया। श्री मोदी ने जहां कांग्रेस पर तीखा हमला बोला वहीं एक बड़ी घोषणा करते हुए दुर्ग में कहा कि अगले पांच साल तक गरीबों को मुफ्त अनाज मिलता रहेगा। रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि देश-प्रदेश की जनता को श्री मोदी पर पूरा भरोसा है और देश तथा म.प्र. में हुए ऐतिहासिक विकास के चलते प्रदेश की जनता एक बार फिर भारी बहुमत से म.प्र. में भाजपा की सरकार बनाएगी।

रतलाम की सभा में प्रधानमंत्री ने कहा कि- मध्य प्रदेश के विकास के लिए ठोस रोडमैप क्या होगा? इसकी कांग्रेस को जानकारी नहीं है। कांग्रेस इतनी दूर की नहीं सोच सकती है। कांग्रेस के नेता कांग्रेस के डायलॉग और कांग्रेस घोषणाएं फिल्मी हैं। जब किरदार ही फिल्मी है तो सीन भी तो फिल्मी ही होगा।

श्री मोदी ने दावा किया कि अब मध्य प्रदेश में इस पर चर्चा नहीं होगी कि कौन जीतेगा। अब चर्चा इस पर होगी कि भाजपा को दो तिहाई बहुमत मिलेगा या उससे कम। श्री मोदी ने कहा-कांग्रेस के नेता, कांग्रेस के डायलॉग और कांग्रेस घोषणाएं फिल्मी हैं। जब किरदार ही फिल्मी है तो सीन भी तो फिल्मी ही होगा। दिग्विजय और कमलनाथ का नाम लिए बिना प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यहां पर कांग्रेस के दो नेताओं के बीच कपड़े फाड़ने का कॉम्पिटिशन चल रहा है।



### प्रदेश में भारी बहुमत से बनेगी भाजपा की सरकार : शिवराज

➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

## रायगढ़ की फॉर्मा कंपनी के प्लांट में विस्फोट, 7 मौतें , कई घायल



**रायगढ़।** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में एक भयानक हादसे में सात लोगों की जलने से मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। आग एक फार्मास्युटिकल कंपनी की फैक्ट्री में सिलसिलेवार विस्फोटों के बाद लगी। अधिकारियों के मुताबिक उनको इसकी सूचना सुबह साढ़े दस बजे मिली।

घटना महाड के एमआईडीसी स्थित ब्लू जेट हेल्थकेयर प्लांट में घटी।प्रशासनिक अधिकारियों ने शुरुआती जांच के बाद आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट को बताई है। अधिकारियों ने बताया कि प्लांट में विस्फोट के बाद पहले आग लगी। इसके बाद आग से वहां रखे रयासनों से भरे बैरल में फिर विस्फोट हो गया। इससे आग पूरे प्लांट में फैल गई।

पुलिस के मुताबिक, जब आग लगी तो प्लांट के अंदर करीब 57 लोग मौजूद थे और उनमें से 46 को सुरक्षित बचा लिया गया। पुलिस अधीक्षक सोमनाथ घार्गे ने कहा, हमें सात शव मिले हैं और चार लोग अभी भी लापता हैं। हमारा मानना है कि ये सभी प्लांट के कर्मचारी हैं। कुछ शव इतने जले हुए हैं कि उनकी पहचान करना मुश्किल हो गया है और हम उनकी पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं।

एक अधिकारी ने कहा, देर शाम तक आग पर काबू पा लिया गया। कुछ शव शनिवार सुबह पाए गए।

## मोदी कहते हैं कि देश में सिर्फ एक जाति गरीब फिर खुद को ओबीसी क्यों कहते-राहुल



**जगदलपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सवाल किया है कि यदि वह कहते हैं कि देश में सिर्फ एक ही जाति गरीब है तब वह खुद को बार-बार ओबीसी क्यों कहते हैं? गांधी ने शनिवार को बस्तर जिले के जगदलपुर जिला मुख्यालय में चुनावी रैली को संबोधित करते कहा कि भाजपा के नेता आदिवासियों को वनवासी इसलिए कहते हैं क्योंकि वह आदिवासियों को दिखाना चाहते हैं उनकी जगह कहां होनी चाहिए।

राज्य में 90 सीटों के लिए हो रहे विधानसभा चुनाव के लिए सात और 17 नवंबर को दो चरणों में मतदान होगा। कांग्रेस नेता ने आदिवासी बाहुल्य बस्तर जिले में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, आज अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने कहा की हिंदुस्तान में एक ही जाति है। वह हिंदुस्तान का गरीब है। वह कह रहे हैं कि इस देश में ना दलित है, ना आदिवासी है और ना पिछड़े हैं। हम सब जानते हैं कि इस देश में आदिवासी हैं, आदिवासी एं हैं, आदिवासी संस्कृति हैं और आदिवासी इतिहास है।

## दीर्घकालिक विजन दस्तावेज के जरिए होगी धरोहर स्थलों पर खुदाई

**नई दिल्ली।** देश में मौजूद प्राचीन पुरातात्त्विक स्थलों पर होने वाली खुदाई के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) ने एक अनोखी पहल की शुरुआत की है। इसमें उसकी ओर से एक दीर्घकालिक विजन दस्तावेज तैयार किया जा रहा है। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक पहली बार एएसआइ किसी विजन दस्तावेज के जरिए आगामी कुछ वर्षों की अवधि को आधार बनाकर देश में मौजूद पुरातात्त्विक स्थलों को सूचीबद्ध करेगा। तदोपरांत वहां खुदाई की योजना पर काम करेगा। इसके लिए देश में अलग-अलग जगहों पर कार्यशालाओं का आयोजन भी हो रहा है।

इनमें एएसआइ के अलावा राज्यों के पुरातत्व सर्वेक्षण के अधिकारी, विशेषज्ञ, पुरातत्वविद, विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि और विषय विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि विजन दस्तावेज तैयार करने की पूरी प्रक्रिया प्रधानमंत्री कार्यालय से जुड़े क्षमता विकास आयोग के निर्देश के बाद ली गई है। विजन दस्तावेज को तैयार करने के लिए एएसआइ देश को पांच भागों में बांटकर कार्यशालाओं का आयोजन कर रही है। पहली कार्यशाला केंद्रीय क्षेत्र की हुई, जिसका आयोजन पिछले अक्तूबर माह में मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में किया गया था। इसके बाद पूर्वी क्षेत्र की कार्यशाला का आयोजन ओडिशा के भुवनेश्वर में हुआ, दक्षिणी क्षेत्र की कार्यशाला कोच्चि में हुई और अब उत्तरी क्षेत्र की कार्यशाला का आयोजन 3 और 4 नवंबर को श्रीनगर में किया जाएगा।

**आपदा** नेपाल में भूकम्प से दिल्ली-पटना तक थर्राई धरती

# नेपाल में 154 से ज्यादा मौतें, बढ़ सकता है आंकड़ा



### 6.4 तीव्रता, भारी तबाही

### मुश्किल की घड़ी में नेपाल के साथ खड़ा है भारत, हर संभव मदद देंगे : मोदी

**काठमांडू-दिल्ली।** नेपाल में आए भूकम्प के बाद मौतों का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। इस बड़ी तबाही के साथ ही भारत ने इस मुश्किल घड़ी में नेपाल को हरसंभव मदद देने का भरोसा दिलाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जान-माल की हानि पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि- हम बहुत दुखी हैं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना करते हैं। नेपाल को हरसंभव मदद दी जायेगी।

नेपाल में शुक्रवार देर रात भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। 6.4 तीव्रता वाले इस भूकंप ने नेपाल में तबाही मचा दी। इस भूकंप की वजह से नेपाल में अब तक 154 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि सैंकड़ों लोग घायल हो गए हैं।

नेपाल में एक महीने में तीसरी बार भूकंप के तेज झटके लगे हैं। नेपाल के जजरकोट जिले के लामिडांडा इलाके में इस भूकंप का केंद्र था। यहां 92 लोगों की मौत हुई है। वहीं रुकुम जिले में 62 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। नेपाल में आए इस भूकंप के झटके दिल्ली-एनसीआर सहित उत्तर भारत के कई हिस्सों में भी महसूस किए गए।

रात करीब 11 बजकर 32 मिनट पर आए इस भूकंप के झटके जैसे ही महसूस हुए लोगों अपने-अपने घरों से बाहर निकलने लगे। चारों तरफ दहशत का माहौल बन गया। दिल्ली, यूपी, बिहार उत्तर भारत के कई राज्यों में इसके झटके महसूस किए गए।

➤➤शेष पृष्ठ 2 पर



# देश-विदेश

## जयशंकर ने इजरायली विदेश मंत्री कोहेन से की बातचीत

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को इजरायल के विदेश मंत्री एली कोहेन से बातचीत की और मौजूदा स्थिति के बारे में इजरायली आकलन को साझा करने के लिए उनकी सराहना की। डा. जयशंकर ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा, आज दोपहर इजरायल के विदेश मंत्री से बातचीत की। मौजूदा स्थिति के बारे में इजरायली आकलन को साझा करने के लिए उनकी सराहना की।

## गठबंधन को लेकर खड़गे ने खत्म की नीतीश की नाराजगी!

**नई दिल्ली,देशबन्धु।** इंडिया गठबंधन को लेकर नीतीश कुमार के नाराजगी वाले बयान के बाद कांग्रेस फिर से सक्रिय हो गई है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हालात को संभालने के लिए नीतीश से बात की और गठबंधन को लेकर पूरी प्रतिबद्धता जताई।

साथ ही भरोसा दिया कि पांच राज्यों के चुनाव के बाद कांग्रेस सहयोगियों से बात कर गठबंधन के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएगी। सूत्रों का कहना है कि खड़गे ने फोन पर नीतीश कुमार से बात कर उनकी नाराजगी खत्म करने की कोशिश की और गठबंधन को मजबूत बनाने को लेकर चर्चा की।इंडिया गठबंधन बनने से पहले नीतीश कुमार ने ही पूरे देश में ममता बनर्जी से लेकर शरद पवार, स्टालिन, अरविंद केजरीवाल,अखिलेश यादव सहित तमाम क्षेत्रीय दलों के क्षत्रपों को साधने की पहल की थी। लेकिन हाल के दिनों में गठबंधन आगे बढ़ाने को लेकर कोई कदम नहीं उठाया गया। इंडिया गठबंधन के सहयोगी नेताओं के बीच आपसी विचार-विमर्श का सिलसिला भी ठप पड़ा हुआ है। जिसके चलते नीतीश कुमार नाराज बताए जा रहे हैं और शुक्रवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की 'भाजपा हटाओ,देश बचाओ' रैली में कांग्रेस को कोसकर उन्होंने इसका इजहार भी कर दिया। उनका कहना था कि सभी विपक्षी नेता कांग्रेस को विपक्षी गठबंधन में आगे बढ़ा रहे हैं, लेकिन कांग्रेस को गठबंधन की कोई चिंता नहीं है।

### चुनाव बाद गठबंधन के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएगी कांग्रेस पार्टी

उन्होंने कहाकि कांग्रेस पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनावों में व्यस्त है और इंडिया गठबंधन को मजबूत करने के लिए कोई चर्चा नहीं की जा रही है। वहीं विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने सहयोगी दलों के साथ सीटों का तालमेल भी नहीं किया। जिसके चलते सपा प्रमुख अखिलेश यादव और आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल अपनी चुनावी सभाओं में भाजपा के साथ ही कांग्रेस पर भी हमला कर रहे हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री सुनक से की बात, एफटीए और इजरायल-हमास युद्ध पर चर्चा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने ब्रिटिश समकक्ष ऋषि सुनक से शुक्रवार को टेलीफोन पर बात की। दोनों नेताओं ने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए चल रही वार्ता की प्रगति को लेकर चर्चा की। दोनों नेता सहमत थे कि इस समझौते से दोनों देशों को लाभ होगा। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया में चिंताजनक स्थिति पर चर्चा की और इजरायल पर हमास के हमलों की निंदा की।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने बयान में कहा कि दोनों नेताओं ने आतंकवाद, बिगड़ती सुरक्षा स्थिति और आम नागरिकों की जा रही जान को लेकर गहरी चिंता जताई। सुनक ने विश्व कप में टीम इंडिया की जीत के लिए भी पीएम मोदी को बधाई दी। अधिकारियों ने कहा कि दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश, उभरती प्रौद्योगिकी, रक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और अन्य क्षेत्रों सहित द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

फार्मेट सी-1

### आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटेरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता: सुनीता पटेल पता 10- चारगाँव कला, पो. सूखाखैरी तहसील गाडरवारा, जिला-नरसिहपुर (म.प्र.)

राजनैतिक दल का नाम : इंडियन नेशनल कांग्रेस

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)

निर्वाचन का नाम : विधानसभा मध्यप्रदेश

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : 121 गाडरवारा

में सुनीता पटेल (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूँ

| क्रम सं. | लंबित आपराधिक मामले | | | आपराधिक मामलों के लिए दोषसिध्दि के मामलों के संबंध में विवरण | |
|---|---|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं मामले की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (एं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शो) की तारीख | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण |
| 1 | श्रीमान् मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी महोदय नरसिंहपुर जिला-नरसिहपुर | मा.क. 2031/2018 विचाराधीन | 188 भारतीय दंड संहिता लोकसेवक द्वारा विधिवत् रूप से प्रख्यापित आदेश की अवज्ञा | शून्य | शून्य |

राज्य सभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद् के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

ANNEXURE 47
FORMATS C-1 TO C-8 and CA
Format C-1
Declaration about criminal cases

(As per the judgement dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Intrest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate: SANJAY SATYENDRA PATHAK

Name of political party: BHARATIYA JANTA PARTY (Independent candidates should write "Independent" here) Name of Election : 2023

MADHYA PRAESH VIDHAN SABHA

*Name of Constituency 92 VIJAYRAGHAVGARH

I, SANJAY SATYENDRA PATHAK Name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

**(A) Pending criminal cases**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of Case (s) | Section (s) of Acts concerned and brief description of offence (s) |
|---|---|---|---|---|
| | 2nd Additional Judge to 1st Civil Judge, Senior Division cum JMFC, Katni, M.P. | Case No. UNCR 990/2022 Dated | Hon'ble High Court passed an interim order on 14-09-2023 and the said interim relief is still in force and continued | Section 294, 323, 365, 366 & 506 Part II of IPC. In Complaint Case No. UNCR 990/2022 Ravi Gupta Vs SanjayPathak & others 2nd Additional Judge to 1st Civil Judge, Senior Division cum JMFC, Katni, M.P. takes cognizance and directs for the registration of case and then transfers it to the court of Special Magistrate (M.P./M.L.A.) Jabalpur, vide order dated 04/09/2023. However, the Learned Trial Court has been restrained from taking any action against the applicant, by the Hon'ble High Court vide Order dated 14-09-2023 passed in MCRC No. 40988/2023 and later on the said interim relief granted has been confirmed by the Hon'ble High Court vide Order dated 03-10-2023 and 18-10- 2023, and the said interim relief is still in force and continued. |

**(B) Details about cases of conviction for criminal offences**

| Sl. No. | Name of Court & date (s) of orders (s) | Description of office (s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| | Not applicable | Not applicable | Not applicable |

In the case of election of Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### अगले 5 साल तक.....

अभी तो यह फिल्म का ट्रेलर है, यह लोग अपने-अपने चेलों को बताते हैं कि अगर एक बार हमें मौका मिल गया न तो उसके बाद यह खुद के तो फाड़ेंगे ही और आपके भी फाड़ेंगे।

**चुनाव बाद कांग्रेस में सिर फुटव्वल होगी-** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि तीन दिसंबर को भाजपा की जीत के बाद यहां कांग्रेस की असली फिल्म दिखेगी। कांग्रेस की असली सिर फुटव्वल होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अवसर देना बहुत बड़ा संकट होता है। उन्होंने कहा कि रतलाम की पहचान स्वाद के लिए है। रतलाम आए और रतलामी सेव नहीं खाया तो उसे रतलाम आया माना ही नहीं जाता। जब तीन दिसंबर को भाजपा सरकार की वापसी का जश्न मनेगा, तो लड्डू के साथ रतलामी सेव भी खूब खाया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मध्य प्रदेश में भाजपा के समर्थन में चल रही ये आंधी अद्भुत है, जो लोग दिल्ली में बैठकर गुणा भाग करते रहते हैं, आज उनका हिसाब बदल जाएगा। अब चर्चा ये नहीं होगी कि कौन जीतेगा, चर्चा ये होगी कि भाजपा दो तिहाई बहुमत लेगी या दो तिहाई बहुमत से कम रहेगी।छत्तीसगढ़ के दुर्ग में चुनाव प्रचार के दौरान बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत अगले पांच साल तक के लिए गरीबों को मुफ्त राशन मिलते रहेंगे। उनकी इस घोषणा से देश के करीब 80 करोड़ से अधिक लोगों को लाभ मिलेगा। जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, मैंने निश्चय कर लिया है कि देश के 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन देने वाली योजना को भाजपा सरकार अब अगले 5 साल के लिए और बढ़ाएगी। आपका ये प्यार और आशीर्वाद मुझे हमेशा पवित्र निर्णय करने की ताकत देता है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत गरीब नागरिकों को पांच किलो गेहूं या चावल मुफ्त में मिलता है। इसकी घोषणा 30 जून 2020 को की गई थी। इस योजना को समय-समय पर बढ़ाया जाता रहा है। सरकार ने पहले दिसंबर 2023 तक के लिए इसे बढ़ाया था। अब पीएम मोदी ने चुनाव प्रचार के दौरान अगले पांच साल के लिए इसे लागू रखने की बात कही है। **क्या है प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना?-** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना/पैकेज गरीबों के लिए 1.70 लाख करोड़ रुपये का एक व्यापक राहत पैकेज है ताकि उन्हें कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई लड़ने में मदद मिल सके। इसकी घोषणा मार्च 2020 में की गई थी, ताकि सबसे गरीब लोगों तक भोजन और पैसा पहुंचाया जा सके, ताकि उन्हें आवश्यक आपूर्ति खरीदने और आवश्यक जरूरतों को पूरा करने में कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

### नेपाल में 154........

नेपाल में इस तेज भूकंप के कारण अब तक 154 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि भारी संख्या में लोग घायल हैं। हालांकि, मौतों का आंकड़ा और बढ़ सकता है। भूकंप के कारण कई मकान जमींदोज हो गए हैं। जजरकोट की आबादी 1 लाख 90 हजार है। यहां काफी नुकसान की खबर है। राहत बचाव कार्य शुरू हो गया है। नेपाल के पीएम पुष्प दहल प्रचंड ने घटना पर दुख जताया है **नेपाल में पिछले एक महीने में तीसरा बार भूकंप**-बता दें कि नेपाल में पिछले एक महीने में तीसरी बार तेज भूकंप आया है। पिछले महीने दोपहर 2 बजकर 51 मिनट पर आए 6.2 तीव्रता वाले भूकंप ने जो तबाही मचाई थी, उसकी भरपाई अभी तक नहीं हो पाई थी कि 6.4 तीव्रता वाले इस भूकंप ने एक बार फिर नेपाल में कहर बरपा दी। नेपाल में 6.3 तीव्रता वाले भूकंप का केंद्र बझांग इलाके के चैनपुर में था। नेपाल में भूकंप के कारण भूस्खलन और मकान गिरने और दरकने की कई घटनाएं हुईं। गनीमत ये रही कि बहुत ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान समेत पूरे उत्तर भारत में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे।

परिशिष्ट 47
प्रारूप सी-1 से सी-8 और सीए
प्रारूप C-1

### आपराधिक मामलों के बारे में

माननीय सर्वोच्च न्यायालय के डब्ल्यूपी (सिविल) संख्या 536/2011 (सार्वजनिक) में दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के फैसले के अनुसार इंटेरेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य)

उम्मीदवार का नाम और पता: ठा. सुरेश झारिया, ग्राम - मल्हौआ, तह. व जिला नरसिंहपुर

राजनीतिक दल का नाम : गोंडवाना गणतंत्र पार्टी

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां ''स्वतंत्र'' लिखना चाहिये)

चुनाव का नाम : विधानसभा

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : 118 गोटेगांव

मैं ठा. सुरेश झारिया (सुरेश कुमार मेहरा) (उम्मीदवार का नाम) उपर्युक्त चुनाव के लिए एक उम्मीदवार सार्वजनिक जानकारी के लिए मेरे आपराधिक इतिहास के बारे में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूं।

(ए) लंबित अपराधिक मामले

| सं. क्र. | न्यायालय का नाम | केस संख्या और दिनांक | केस की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारायें और अपराध का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1, 2, 3, 4, 6 | न्यायालय श्रीमान न्यायिक अधिकारी महोदय जबलपुर प्रथम श्रेणी | 663/19, 380/21, 260/21, 847/19, 1943/19 | लंबित | 138 |
| 6,7 | न्यायालय श्रीमान प्रथम श्रेणी दंडा. महोदय जी नरसिंहपुर | 72/18, 73/21 | लंबित | 138 |

राज्यों की परिषद के लिये चुनाव या विधायकों द्वारा विधान परिषद के लिये चुनाव के मामलों में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित चुनाव का उल्लेख करें।

फार्मेट सी- 1

### आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं 536 (पब्लिक इंटेरेस्ट फाउंडेशन एव अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता : श्री नर्मदा प्रसाद प्रजापति म.क. 175 वार्ड नंबर 8 इकबाल वार्ड पांडव नगर जयसिंह नगहर शहडोल जिला शहडोल (म.प्र.)

राजनैतिक दल का नाम : इंडियन नेशनल कांग्रेस

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां 'निर्दलीय' लिखें)

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : विधानसभा मध्यप्रदेश

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : 118 गोटेगांव (अ.जा.)

मैं नर्मदा प्रसाद प्रजापति (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं।

| क्रं. सं. | लंबित आपराधिक मामले | | | आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण | |
|---|---|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं मामले की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ए) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शो) की तारीख | अपराध (अपरधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण |
| 1. | न्यायालय श्रीमान मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट पटियाला हाउस न्यू देहली | मामला सं. 41475/2016 विचाराधीन | धारा 147, 148 149, 188, 353 332 एवं 34 भारतीय दंड संहिता Unlawfull assambly, Disobediance of public order causing hurt and criminal force | शून्य | शून्य |

राज्यसभा के निर्वाचन या विधानसभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

### आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा-

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं 536 (पब्लिक इंटेरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता : कमल नाथ ग्राम शिकारपुर, विकासखण्ड- तहसील मोहखेड़, जिला छिन्दवाड़ा म.प्र.

राजनैतिक दल का नाम : इंडियन नेशनल कांग्रेस

निर्वाचन का नाम : विधानसभा निर्वाचन 2023

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : 126 छिन्दवाड़ा

मैं कमलनाथ उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने अपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं।

| क्रं. संख्या | लंबित अपराधिक मामले | | | अपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धी के मामलों के संबंध में विवरण | |
|---|---|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं मामले की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारायें एवं अपराध का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम एवं आदेश की तारीश | अपराध और अधिरोपित दण्ड का विवरण |
| 1. | एम.पी. एम.एल.ए. कोर्ट भोपाल | द.प्र.क्रं. 2981/ 2018 न्यायालय में विचाराधीन अब तक आरोप विरचित नहीं किये गये। | धारा 465, 468, 469, 471, 472, 474 120 (बी) भा.द.वि. (प्रकरण राजनैतिक दबाव में दर्ज किया गया है) | लागू नहीं । | लागू नहीं । |
| 2. | थाना इंदौर | अपराध क्रमांक 384/2023 प्रकरण के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई है परंतु पुलिस थाने एवं न्यायालय से अब तक कोई सूचना नहीं दी गई। | धारा 420, 469, भा.द.वि. (प्रकरण राजनैतिक दबाव में दर्ज किया गया है) | लागू नहीं । | लागू नहीं । |

देशबन्धु
जबलपुर, रविवार 05 नवम्बर 2023 | वर्ष - 67 | अंक - 356 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 3.00 रु.



# विधायिका कोर्ट के फैसले को सीधे खारिज नहीं कर सकती : चन्द्रचूड़

## अदालत के फैसले में खामी को दूर करने के लिए नया कानून लागू कर सकती है विधायिका

न्यायाधीश इस बात पर ध्यान नहीं देते हैं कि जब वे मुकदमों का फैसला करेंगे तो समाज क्या कहेगा। सरकार की निर्वाचित शाखा तथा न्यायपालिका में यही फर्क है।

**- डीवाई चंद्रचूड़, सीजेआई**

**नई दिल्ली,( एजेंसियां )।** भारत के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि विधायिका अदालत के फैसले में खामी को दूर करने के लिए नया कानून लागू कर सकती है, लेकिन उसे सीधे खारिज नहीं कर सकती है। सीजेआई चंद्रचूड़ ने एक कार्यक्रम में कहा कि न्यायाधीश इस बात पर ध्यान नहीं देते हैं कि जब वे मुकदमों का फैसला करेंगे तो समाज क्या कहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार की निर्वाचित शाखा तथा न्यायपालिका में यही फर्क है। उन्होंने कहा, 'इसकी एक सीमा है कि अदालत का फैसला आने पर विधायिका क्या कर सकती है और क्या नहीं कर सकती है। अगर किसी विशेष मुद्दे पर फैसला दिया जाता है और इसमें कानून में खामी का जिक्र किया जाता है तो विधायिका उस खामी को दूर करने के लिए नया कानून लागू कर सकती है।'

### 72 हजार मुकदमों का समाधान किया

सीजेआई ने कहा, 'विधायिका यह नहीं कह सकती कि हमें लगता है कि फैसला गलत है और इसलिए हम फैसले को खारिज करते हैं। विधायिका किसी भी अदालत के फैसले को सीधे खारिज नहीं कर सकती है।' उन्होंने यह भी कहा कि न्यायाधीश मुकदमों का फैसला करते समय संवैधानिक नैतिकता को ध्यान में रखते हैं, न कि सामाजिक नैतिकता को। इस साल कम से कम 72 हजार मुकदमों का समाधान किया है और अभी डेढ़ महीना बाकी है। न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि न्यायपालिका में प्रवेश स्तर पर संरचनात्मक बाधाएं हैं। उन्होंने कहा कि यदि समान अवसर उपलब्ध होंगे तो अधिक महिलाएं न्यायपालिका में आएंगी।

# दिल्ली-एनसीआर की हवा लगातार होती जा रही जहरीली

## राजधानी में तीसरे दिन भी 'गंभीर श्रेणी' में रही वायु गुणवत्ता

**नई दिल्ली,देशबन्धु।** दिल्ली की वायु गुणवत्ता शनिवार सुबह लगातार तीसरे दिन 'गंभीर श्रेणी' में बनी हुई है और सुबह 08:30 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 504 दर्ज किया गया। राष्ट्रीय राजधानी में पीएम 2.5 विश्व स्वास्थ्य संगठन की सीमा से 80 गुना अधिक रहा।

दिल्ली में पीएम2.5 की सांद्रता 354 है, जबकि दिल्ली-एनसीआर के अधिकांश क्षेत्रों में पीएम10 की सांद्रता 552 है, जो 60 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर की सुरक्षित सीमा से अधिक है। दिल्ली के लिए वायु गुणवत्ता प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार, आज सुबह हल्के कोहरे के साथ हवा की गति लगभग छह से आठ किमी प्रति घंटे रहने की संभावना है।

इसके अलावा, नोएडा में हवा की गुणवत्ता 576 की एक्यूआई के साथ 'गंभीर' श्रेणी में गिर गई। सीपीसीबी के अनुसार, सेक्टर 116 और 62 में एक्यूआई क्रमश: 426 और 428 दर्ज की गई। इसी तरह, गुड़गांव की वायु गुणवत्ता 512 एक्यूआई के साथ 'गंभीर' श्रेणी में रही। दिल्ली में गुरुवार को हवा की गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में होने के साथ, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के चरण-3 को लागू किया है।

### उपराज्यपाल ने ली आपात बैठक

इस बीच, दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने शहर में गिरती वायु गुणवत्ता की समीक्षा करने और स्थिति को चिंताजनक बताने के लिए कल एक आपात बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में अंतरिम उपायों पर चर्चा की गई, जिसमें आम जनता से जहां तक संभव हो घर के अंदर रहने और उत्सर्जन और धूल प्रदूषण को कम करने के लिए सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने की अपील शामिल है। उपराज्यपाल ने वायु प्रदूषण संकट को कम करने के लिए दीर्घकालिक स्थायी कार्य योजना बनाने की आवश्यकता दोहराई।

### क्रिकेट विश्व कप

# 401 रन बनाने के बावजूद हारा न्यूजीलैंड

## पाकिस्तान ने डकवर्थ लुइस नियम के तहत हराया

**बेंगलुरु, ( एजेंसियां )।** किस्मत पाकिस्तान का साथ दे रही है। न्यूजीलैंड ने सलामी बल्लेबाज रचिन रवींद्र (108 ) के शानदार शतक और कप्तान केन विलियम्सन की 95 रन की बेहतरीन पारी की बदौलत पाकिस्तान के खिलाफ विश्व कप मुकाबले में शनिवार को छह विकेट पर 401 रन का विशाल स्कोर बनाया, लेकिन बारिश के चलते पाकिस्तान डकवर्थ लुइस नियम के तहत मैच जीतने में सफल रहा और उसने सेमीफाइनल की अपनी उम्मीदें कायम रखीं। पाकिस्तान ने डीएलएस से यह मैच 21 रन से जीत लिया और सेमीफ़ाइनल की अपनी संभावनाओं को बरकरार रखा। अपने शुरुआती चार मैच जीतने के बाद कीवी टीम को लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ा है।

# गायिका से दुष्कृत्य के मामले में पूर्व विधायक विजय मिश्रा को 15 साल की सजा

**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही जनपद के ज्ञानपुर विधानसभा के पूर्व विधायक और बाहुबली विजय मिश्रा को गायिका के साथ दुष्कर्म करने के मामले में शनिवार को सजा सुनाई गई। विजय मिश्रा को 15 साल की सजा और एक लाख रुपए जुर्माना चुकाने का आदेश न्यायालय द्वारा जारी किया गया।

दरअसल, इस मामले में बीते 3 साल से सुनवाई चल रही थी और शुक्रवार को एमपी एमएलए कोर्ट द्वारा विजय मिश्रा को दोषी कर दिया गया था। दोषी करार दिए जाने के बाद शनिवार को सजा का ऐलान करने की बात कही गई थी। शनिवार को पूर्व विधायक विजय मिश्रा को सजा सुनाए जाने के दौरान न्यायालय परिसर में भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रही। मौजूदा समय में पूर्व विधायक विजय मिश्रा आगरा जेल में बंद है। विजय मिश्रा पर अन्य मामले भी पहले से ही दर्ज हैं। वाराणसी की रहने वाली एक गायिका द्वारा साल 2020 में विजय मिश्रा और विजय मिश्रा के बेटे विष्णु मिश्रा और नाती विकास मिश्रा के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया था। गायिका द्वारा आरोप लगाया गया था कि साल 2014 में उसे कार्यक्रम करने के लिए विधायक विजय मिश्रा द्वारा भदोही बुलाया गया था। भदोही बुलाने के बाद कार्यक्रम के दौरान ड्रेस चेंज करते समय विधायक ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया था।

# आंध्र प्रदेश कैबिनेट ने जाति जनगणना को दी मंजूरी

**अमरावती ( आंध्र प्रदेश )।** मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी की अध्यक्षता में आंध्र प्रदेश कैबिनेट ने शुक्रवार को राज्य में व्यापक जाति-आधारित जनगणना करने सहित कई महत्वपूर्ण फैसले किए हैं। बिहार सरकार द्वारा जाति सर्वेक्षण डेटा जारी करने के एक महीने बाद, यहां सचिवालय में आयोजित एक बैठक में कैबिनेट ने यह अभ्यास करने का निर्णय लिया गया है। इस मुद्दे पर चर्चा के दौरान, मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी ने कहा कि- यह उत्पीड़ित वर्गों के जीवन को बेहतर बनाने और उनके सामाजिक सशक्तिकरण को अगले स्तर पर ले जाने में सहायक होगा।

# कोच्चि में भारतीय नौसेना का चेतक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, दो अधिकारियों की हालत गंभीर

**कोच्चि।** केरल के कोच्चि में भारतीय नौसेना का एक चेतक हेलीकॉप्टर शनिवार को ट्रेनिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह हादसा आईएनएस गरूड़ के रनवे पर हुआ, जिसमें सवार दो अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना दोपहर करीब 2.30 बजे की है। जिस दौरान यह हादसा हुआ, उस दौरान हेलीकॉप्टर में दो लोग सवार थे। दोनों ही अधिकारियों की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। यह एक नियमित ट्रेनिंग उड़ान पर था।

# भारत ने पहली बार शुरू किया राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति पर काम

भारत ने एक राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति लाने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय (NSCS) कई केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों के परामर्श से एक व्यापक राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति बना रहा है। इसके लिए कैबिनेट की अंतिम मंजूरी भी मांगी जाएगी।

यह पहली बार है कि भारत राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति लेकर आएगा। अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों ने राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीतियां प्रकाशित की हैं जिन्हें समय-समय पर अपडेट किया जाता है। इस दस्तावेज़ का उद्देश्य भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा उद्देश्यों और उन्हें प्राप्त करने या साकार करने के लिए अपनाए जाने वाले तरीकों को एक साथ रखना है। पिछले कुछ महीनों में कई मंत्रालयों ने दस्तावेज़ के लिए भारत के सामने आने वाली चुनौतियों और खतरों पर इनपुट प्रदान किए हैं, जिनमें गैर-पारंपरिक चुनौतियां जैसे वित्तीय और आर्थिक सुरक्षा, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, इनफार्मेशन वार, भारत की महत्वपूर्ण जानकारी में कमजोरियां शामिल हैं। संबंधित मंत्रालयों के मंत्री भी इस प्रक्रिया में शामिल होंगे।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने एक अंग्रेजी अखबार को बताया कि विभिन्न पारंपरिक और गैर-पारंपरिक खतरों की कठिन प्रकृति को देखते हुए यह महसूस किया गया कि एक

> व्यापक दस्तावेज़ भारत के लिए अद्वितीय चुनौतियों और खतरों को एक साथ रखेगा और तत्काल और निकट भविष्य में उनसे निपटने के लिए रणनीति तैयार करेगा

राष्ट्रीय मसौदा तैयार करने की तत्काल आवश्यकता है। यह देश की व्यापक राष्ट्रीय शक्ति से प्रेरित होगा। अधिकारी ने कहा, इसके लिए संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। कई केंद्रीय मंत्रालयों और अन्य हितधारकों ने राष्ट्रीय सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं, कमजोरियों और खतरों और उन्हें दूर करने के तरीकों के लिए अपनी भूमिकाएं तय कर दी हैं। कुछ पहलुओं की गोपनीय प्रकृति को देखते हुए रणनीति की सटीक रूपरेखा मसौदे का हिस्सा होगी। एक बार तैयार हो जाने पर आधिकारिक दस्तावेज़ सार्वजनिक कर दिया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि- उभरती स्थितियों और नए खतरे के आकलन के आधार पर इसे नियमित रूप से अपडेट किया जाएगा। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि रणनीति में नागरिक समाज संगठनों, शिक्षाविदों, मीडिया, थिंक टैंक और अन्य संस्थानों जैसे डोमेन में पहचाने जाने वाले कई गैर-पारंपरिक खतरों और कमजोरियों से निपटने के लिए अन्य हितधारकों को शामिल किया जा सकता है। व्यापक दस्तावेज़ भारत के लिए अद्वितीय चुनौतियों और खतरों को एक साथ रखेगा और तत्काल और निकट भविष्य में उनसे निपटने के लिए रणनीति तैयार करेगा। इसमें मौजूदा आंतरिक और वैश्विक स्थिति को ध्यान में रखते हुए संसाधनों का भी ध्यान दिया जायेगा।



कहानी

# जार्ज पंचम की नाक

■ कमलेश्वर



यह बात उस समय की है जब इंग्लैंण्ड की रानी ऐलिज़ाबेथ द्वितीय मय अपने पति के हिन्दुस्तान पधारने वाली थीं। अखबारों में उनके चर्चे हो रहे थे। रोज़ लन्दन के अखबारों में ख़बरें आ रही थीं कि शाही दौरे के लिए कैसी-कैसी तैयारियाँ हो रही हैं.... रानी ऐलिजाबेथ का दर्ज़ी परेशान था कि हिन्दुस्तान, पाकिस्तान और नेपाल के दौरे पर रानी क्या पहनेगी ? उनका सेक्रेटरी और जासूस भी उनके पहले ही इस महाद्वीप का तूफान दौरा करने वाला था.. आखिर कोई मजाक तो था नहीं, ज़माना चूंकि नया था, फौज-फाटे के साथ निकलने के दिन बीत चुके थे इसलिए फोटोग्राफरों की फौज तैयार हो रही थी....

इंग्लैंड के अखबारों की कतरनें हिन्दुस्तानी अखबारों में दूसरे दिन चिपकी नज़र आती थी.... कि रानी ने एक ऐसा हल्के नीले रंग का सूट बनवाया है, जिसका रेशमी कपड़ा हिन्दुस्तान से मंगवाया गया है... कि करीब 400 पौंड खर्चा उस सूट पर आया है।

रानी ऐलिज़ाबेथ की जन्मपत्री भी छपी। प्रिन्स फिलिप के कारनामे छपे, और तो और उनके नौकरों, बावर्चियों, खानसामों, अंगरक्षकों की पूरी-की-पूरी जीवनियां देखने में आई ! शाही महल में रहने और पलनेवाले कुत्तों तक की जीवनियाँ देखने में आई !

बड़ी धूम थी। बड़ा शोर-शराबा था। शंख इंग्लैंड में बज रहा था, गूँज हिन्दुस्तान में आ रही थी।

इन अख़बारों से हिन्दुस्तान में सनसनी फैल रही थी। नई दिल्ली ने अपनी तरफ देखा और बेसाख़्ता मुंह से निकल गया ङ्कवह आएं हमारे घर, खुदा की रहमत... कभी हम उनको कभी अपने घर को देखते हैं। और देखते-देखते नई दिल्ली का कायापलट होने लगा।

और करिश्मा तो यह था कि किसी ने किसी से नहीं कहा, किसी ने किसी को नहीं देखा- पर सड़कें जवान हो गई, बुढ़ापे की धूल साफ हो गई। इमारतों ने नाज़नीनों की तरह श्रृंगार किया....

लेकिन एक बड़ी मुश्किल पेश थी.... वह थी जार्ज पंचम की नाक ! नई दिल्ली में सब कुछ था, सब कुछ होता जा रहा था, सब कुछ हो जाने की उम्मीद थी, पर पंचम की नाक की बड़ी मुसीबत थी ! दिल्ली में सब कुछ था...सिर्फ नाक नहीं थी।

इस नाक की भी एक लम्बी दास्तान है। इस नाक के लिए बड़े तहलके मचे थे किसी वक्त ! आन्दोलन हुए थे। राजनीतिक पार्टियों ने प्रस्ताव भी दिये थे। गर्मागर्म बहसें भी हुई थीं। अखबारों के पन्ने रंग गए थे। बहस इस बात पर थी कि जार्ज पंचम की नाक रहने दी जाए या हटा दी जाए ! और जैसा कि हर राजनीतिक आन्दोलन में होता है, कुछ पक्ष में थे कुछ विपक्ष में और ज्यादातर लोग खामोश

थे। ख़ामोश रहनेवालों की ताकत दोनों तरफ थी...

यह आन्दोलन चल रहा था। जार्ज पंचम की नाक के लिए हथियारबंद पहरेदार तैनात कर दिए गए थे.... क्या मजाल कि कोई उनकी नाक तक पहुँच जाए। हिन्दुस्तान में जगह-जगह ऐसी नाकें खड़ी थीं और जिन तक लोगों के हाथ पहुँच गये उन्हें शानों ङ्कशौकत के साथ उतारकर अजायबघरों में पहुँचा दिया गया। शाही लाटों की नाकों के लिए गुरिल्ला युद्ध होता रहा।.....

उसी ज़माने में यह हादसा हुआ-इंडिया गेट के सामने वाली जार्ज पंचम की लाट की नाक एकाएक गायब हो गई ! हथियारबंद पहरेदार अपनी जगह तैनात रहे। गश्त लगाते रहे...और लाट चली गई।

रानी आए और नाक न हो ! ...एकाएक यह परेशानी बढ़ी। बढ़ी सरगर्मी शुरू हुई। देश के ख़ैरख़्वाहों की एक मीटिंग बुलाई गई और मसला पेश किया गया कि क्या किया जाए ?'' वहां सभी एकमत से इस बात पर सहमत थे कि अगर यह नाक नहीं है, तो हमारी भी नाक नहीं रह जाएगी....

उच्च स्तर पर मशवरे हुए। दिमाग खरोंचे गए और यह तय किया गया कि हर हालत में इस नाक का होना बहुत जरूरी है। यह तय होते ही एक मूर्तिकार को हुक्म दिया गया कि फौरन दिल्ली में हाजिर हो। मूर्तिकार यों तो कलाकार था, पर ज़रा पैसे से लाचार था। आते ही उसने हुक्कामों के चेहरे देखे ... अजीब परेशानी थी उन चेहरों पर; कुछ लटके हुए थे, कुछ उदास थे और कुछ बदहवास थे। उनकी हालत देखकर लाचार कलाकार की आँखों में आँसू आ गए ....तभी एक आवाज सुनाई दी ''मूर्तिकार ! जार्ज पंचम की नाक लगनी है।''

मूर्तिकार ने सुना और जवाब दिया नाक लग जाएगी पर मुझे पता होना चाहिए कि यह लाट कब और कहां बनी थी ? इस लाट के लिए पत्थर कहाँ से लाया गया था ?''

सब हुक्कामों ने एक -दूसरे की तरफ ताका...एक की नज़र ने दूसरे से कहा कि यह बताना ज़िम्मेदारी तुम्हारी है ! खैर मामला हल हुआ। एक क्लर्क को फोन किया गया और इस बात की पूरी छानबीन करने का काम सुपुर्द कर दिया गया !.... पुरातत्त्व विभाग की फाइलों के पेट चीरे गये, पर कुछ भी पता नहीं चला। क्लर्क ने लौटकर कमेटी के सामने कांपते हुए बयान किया- ''सर ! मेरी खता माफ हो फाइलें सब कुछ हज़्म कर चुकी हैं !''

हुक्मरानों के चेहरों पर उदासी के बादल छा गए । एक खास कमेटी बनाई गई और उसके जिम्मे यह काम दे दिया गया कि जैसे भी हो यह काम होना है और इस नाक का दारोमदार आप पर है । आखिर मूर्तिकार को फिर बुलाया गया...उसने मसला हल कर दिया । वह बोला-'पत्थर की किस्म का ठीक पता नहीं चलता, तो परेशान मत होइए...मैँ हिन्दुस्तान के हर पहाड़ पर जाऊँगा और ऐसा ही पत्थर खोजकर लाऊँगा !' कमेटी के सदस्यों की जान-में-जान आई । सभापति ने चलते-चलते गर्व से कहा-'ऐसी क्या चीज है जो अपने हिन्दुस्तान में मिलती नहीं । हर चीज़ इस देश के गर्भ में छिपी है...जरूरत खोज लाने की है...खोज करने के लिए मेहनत करनी होगी, इस मेहनत का फल हमें मिलेगा...आने वाला जमाना खुशहाल होगा।'

वह छोटा-सा भाषण फौरन अखबारों में छप गया ।

मूर्तिकार हिन्दुस्तान के पहाड़ी प्रदेशों और पत्थरों की खानों के दौरे पर निकल पड़े। कुछ दिन बाद वह हताश लौटे, उनके चेहरे पर लानत बरस रही थी, उन्होंने सिर लटकाकर खबर दी- 'हिन्दुस्तान का चप्पा-चप्पा खोज डाला, पर इस किस्म का पत्थर कहीं नहीं मिला। यह पत्थर विदेशी है!' सभापति ने तैश में आकर कहा- 'लानत है आपकी अक्ल पर ! विदेशों की सारी चीज हम अपना चुके हैं...दिल-दिमाग, तौर-तरीके और रहन-सहन...जब हिन्दुस्तान में बॉल डांस तक मिल जाता है तो पत्थर क्यों नहीं मिल सकता !'

मूर्तिकार चुप खड़ा था । सहसा उसकी आँखों में चमक आ गई । उसने कहा- 'एक बात मैं कहना चाहूंगा, लेकिन इस शर्त पर कि यह बात अखबारवालों तक न पहुंचे...' सभापति की आँखों में भी चमक आई । चपरासी को हुक्म हुआ और कमरे के सब दरवाजे बन्द कर दिए गए । तब मूर्तिकार ने कहा- 'देश में अपने नेताओं की मूर्तियाँ भी हैं...अगर इजाजत हो...अगर आप लोग ठीक समझें, तो मेरा मतलब है, तो...जिसकी नाक इस लाट पर ठीक बैठे. उसे उतार लाया जाए...'

सबने सबकी तरफ़ देखा । सबकी आँखों में एक क्षण की बदहवासी के बाद खुशी तैरने लगी । सभापति ने धीमे से कहा- 'लेकिन बड़ी होशियारी से !'

और मूर्तिकार फिर देश-दौरे पर निकल पड़ा । जार्ज पंचम की खोई हुई नाक का नाप उसके पास था । दिल्ली से वह बम्बई पहुंचा...दादाभाई नौरोजी, गोखले, तिलक, शिवाजी, कावस जी जहाँगीर-सबकी नाकें उसने टटोलीं, नापीं और गुजरात की ओर भागा-गांधीजी, सरदार पटेल, विट्ठलभाई पटेल, महादेव देसाई की मूर्तियों को परखा और बंगाल की ओर चला-गुरूदेव रवीन्द्रनाथ, सुमाषचन्द्र बोस, राजा रामामोहन राय आदि को भी देखा, नाप-जोख की और बिहार की तरफ चला । बिहार होता हुआ उत्तर प्रदेश की ओर आया...चन्द्रशेखर आजाद, बिस्मिल, मोतीलाल नेहरु, मदमोहन मालवीय की लाटों के पास गया...घबराहट में मद्रास भी पहुंचा, सत्यमूर्ति को भी देखा, और मैसूर, केरल आदि सभी प्रदेशों का दौरा करता हुआ पंजाब पहुंचाज्लाला लाजपतराय और भगतसिंह की लाटों से मी सामना हुआ । आखिर दिल्ली पहुंचा और अपनी मुश्किल बयान की- 'पूरे हिन्दुस्तान की मूर्तियों की परिक्रमा कर आया । सबकी नाकों का नाप लियाज्पर जार्ज पंचमज्की नाक से सब बड़ीजनिकलीं !..' सुनकर सब हताश हो गए और झुंझलाने लगे । मूर्तिकार ने ढाढ़स बंधाते हुए आगे कहा, 'सुना था कि बिहार सेक्रेटेरियट के सामने सन् ब्यालीस में शहीद होनेवाले तीन बच्चों की मूर्तियाँ स्थापित हैं...शायद बच्चों की नाक ही फिट बैठ जाए, यह सोचकर वहाँ भी पहुंचा पर...इन तीनों की नाकें भी इससे कहीं बड़ी बैठती हैं । अब बताइए, मैं क्या करूँ ?'

...राजधानी में सब तैयारियां थीं । जार्ज पंचम की लाट को मल-मलकर नहलाया गया था । रोगन लगाया गया था। सब कुछ था, सिर्फ नाक नहीं थी !

बात फिर बड़े हुक्मरानों तक पहुंची । बड़ी खलबली मचीज्अगर जार्ज पंचम के नाक न लग पाई, तो फिर रानी का स्वागत करने का मतलब ? यह तो अपनी नाक कटानेवाली बात हुई ।

लेकिन मूर्तिकार पैसे से लाचार था...यानी हार माननेवाला कलाकार नहीं था । एक हैरतअंगेज ख्याल उसके दिमाग में कौंधा और उसने पहली शर्त दुहराई । जिस कमरे में कमेटी बैठी हुई थी, उसके दरवाजे फिर बन्द हुए और मूर्तिकार ने अपनी नई योजना पेश की- 'चूँकि नाक लगना एकदम जरुरी है, इसलिए मेरी राय है कि चालीस करोड़ में से कोई एक जिंदा नाक काटकर लगा दी जाए...' बात के साथ ही सन्नाटा छा गया । कुछ मिनटों की खामोशी के बाद सभापति ने सबकी ओर देखा । सबको परेशान देखकर मूर्तिकार कुछ अचकचाया और धीरे-से बोला- 'आप लोग क्यों घबराते हैं । यह काम मेरे ऊपर छोड़ दीजिए...नाक चुनना मेरा काम है...आपकी सिर्फ इजाजत चाहिए !'

कानाफूसी हुई और मूर्तिकार को इजाजत दे दी गई ।

अखबारों में सिर्फ इतना छपा कि नाक का मसला हल हो गया है और राजपथ पर इण्डिया गेट के पास वाली जार्ज पंचम की लाट के नाक लग रही है।

नाक लगने से पहले फिर हथियारबंद पहरेदारों की तैनाती हुई । मूर्ति के आस-पास का तालाब सुखाकर साफ किया गया । उसकी खाद निकाली गई । और ताजा पानी डाला गया, ताकि जो जिन्दा नाक लगाई जाने वाली थी वह सूखने न पाए । इस बात की खबर औरों को नहीं थी । यह सब तैयारियां भीतर-भीतर चल रही थीं । रानी के आने का दिन नजदीक आता जा रहा था । मूर्तिकार खुद अपने बताए हल से परेशान था । जिन्दा नाक लाने के लिए उसने कमेटीवालों से कुछ और मदद मांगी । वह उसे दी गई । लेकिन इस हिदायत के साथ कि एक खास दिन हर हालत में नाक लग जाएगी।

और वह दिन आया ।

जार्ज पंचम के नाक लग गई ।

सब अखबारों ने खबरें छापीं कि जार्ज पंचम के जिंदा नाक लगाई गई है...यानी ऐसी नाक जो कतई पत्थर की नहीं लगती । लेकिन उस दिन के अखबारों में एक बात गौर करने की थी । उस दिन देश में कहीं भी किसी उद्घाटन की खबर नहीं थी । किसी ने कोई फीता नहीं काटा था । कोई सार्वजनिक सभा नहीं हुई थी । कहीं भी किसी का अभिनंदन नहीं हुआ था, कोई मानपत्र भेंट करने की नौबत नहीं आई थी । किसी हवाई अड्डे या स्टेशन पर स्वागत-समारोह नहीं हुआ था । किसी का ताजा चित्र नहीं छपा था।

सब अखबार खाली थे ।

पता नहीं ऐसा क्यों हुआ था ?

नाक तो सिर्फ एक चाहिए थी और वह भी बुत के लिए।

---

मलिका-ए-ग़ज़ल बेगम अख़्तर का स्मृति दिवस

# ऐ मुहब्बत तेरे अंजाम पे रोना आया...

■ ज़ाहिद ख़ान

वे सरापा ग़ज़ल थीं। उन जैसे ग़ज़लसरा न पहले कोई था और न आगे होगा। ग़ज़ल के बिना बेगम अख़्तर अधूरी हैं और बेगम अख़्तर बग़ैर ग़ज़ल। बेगम अख़्तर ने बतलाया कि ग़ज़ल सिर्फ़ पढ़ी ही नहीं जाती, बल्कि इसे संगीत में ढालकर गाया भी जा सकता है। वे बेगम अख़्तर ही थीं, जिन्होंने सबसे पहले कहा, ग़ज़ल भारतीय शास्त्रीय संगीत की परम्परा का हिस्सा है। एक अहम बात और जो उन्हें अज़ीम बनाती है, उस दौर में जब महिलाएं साहित्य, संगीत और कला हर क्षेत्र में कम दिखलाई देती थीं, तब बेगम अख़्तर देश की उन चुनिंदा गायिकाओं सिद्धेश्वरी देवी, गौहरजान कर्नाटकी, गंगूबाई हंगल, अंजनीबाई मालपकर, मोगूबाई कुर्डीकर, रसूलन बाई में से एक थीं, जिन्होंने सार्वजनिक कॉन्सर्ट दिए। और भारतीय समाज को बतलाया कि महिलाएं भी भारतीय शास्त्रीय संगीत, उप-शास्त्रीय संगीत के गायन में किसी से कम नहीं। 1960 के दशक के मध्य में जब एलपीज चलन में आए, तो जो शुरुआती रिकॉर्डिंग आईं, उसमें भी बेगम अख़्तर के ग़ज़लों की रिकॉर्डिंग थीं। वे बड़े बेलौस अंदाज़ में, बिना किसी तनाव के महफ़िलों में खुलकर गाती थीं। हारमोनियम पर उनके हाथ पानी की तरह चलते थे। अख़्तरीबाई फ़ैज़ाबादी बैठकी और खड़ी दोनों ही तरह की महफ़िलों में गायन के लिए पारंगत थीं।

एक दौर था, जब बेगम अख़्तर के अलावा ग़ज़ल गायन के मैदान में दूर-दूर तक कोई नहीं था। उन्होंने ही उप-शास्त्रीय संगीत में ग़ज़ल को सम्मानजनक मुक़ाम तक पहुंचाया। बेगम अख़्तर ज़्यादा पढ़ी-लिखी नहीं थीं। बावजूद इसके उर्दू और फ़ारसी अल्फ़ाज़ों से लबरेज ग़ज़लों के तलफ़्फ़ुज़ को वे बड़े ही सरलता से पकड़ लेती थीं और इस अदायगी से गाती थीं कि सुनने वालों के मुंह से वाह-वाह ही निकलता था। उर्दू अदब से उन्हें मुहब्बत थी, ख़ास तौर पर बेहतरीन शायरी उनकी कमजोरी थी। जो कलाम उन्हें पसंद आ गया, अपनी बेहतरीन गायकी से उन ग़ज़लों में उन्होंने रूह डाल दी। बेगम अख़्तर ने जिस शायर का कलाम गा दिया, वह ज़िंदा जावेद हो गया। ग़ज़ल के अलावा बेगम अख़्तर ने भारतीय उप शास्त्रीय गायन की सभी विधाओं मसलन ठुमरी, दादरा, कहरवा, ख्याल, चैती, कजरी, बारामासा, सादरा वगैरह में भी उसी महारथ के साथ गाया। वे ठेठ देशी ढंग से ठुमरी गाती थीं। उनकी ठुमरी में कभी-कभी बनारस के लोक गीतों की शैली का असर भी दिखलाई देता था। बेगम अख़्तर ने ठुमरी, दादरा और ग़ज़ल को शास्त्रीय संगीत के बराबर लाकर खड़ा किया और बड़े-बड़े दिग्गज उस्तादों से अपनी गायकी का लोहा मनवाया।

'उल्टी हो गईं सब तदबीरें', 'दिल की बात कही नहीं जाती (मीर तक़ी मीर), 'वो जो हम में तुम में क़रार था, तुम्हें याद...' (मोमिन ख़ान 'मोमिन'), 'ज़िक्र उस परीवश का और फ़िर....', 'वो न थी हमारी किस्मत..' (मिर्ज़ा ग़ालिब), 'ए मुहब्बत तेरे अंजाम पे रोना आया', 'मेरे हमनफ़स, मेरे हमनवा..' (शकील बदायुनी), 'दीवाना बन जाना..' (ख़ुमार बाराबंकवी), 'आये कुछ अब्र कुछ शराब आए...' (फ़ैज़ अहमद फ़ैज़), 'कोई ये कह दे गुलशन-गुलशन, लाख बलाएं...(जिगर मुरादाबादी), 'इतना तो ज़िंदगी में किसी की ख़लल पड़े..' (कैफ़ी आज़मी), 'कुछ तो दुनिया की इनायत ने दिल तोड़ दिया' (सुदर्शन फ़ाकिर), 'दीवाना बनाना है, तो दीवाना बना दे..' (बहजाद लख़नवी), 'सख़्त है इश्क़ की रहगुज़र..' (शमीम जयपुरी), 'अब छलकते हुए सागर नहीं देखे जाते' (अली अहमद जलीली) बेगम अख़्तर द्वारा गायी, वे ग़ज़लें हैं, जो उन्हीं के नाम और गायन से जानी जाती हैं। जिसमें भी उनकी ये ग़ज़ल 'ए मुहब्बत तेरे अंजाम पे रोना आया', उस ज़माने में नेशनल ऐन्थम की तरह मशहूर हुई। वे जहां जातीं, सामयीन उनसे इस ग़ज़ल की फ़रमाइश ज़रूर करते।

बेगम अख़्तर की आवाज़ में पुरबिया, अवधी और भोजपुरी बोलियों की मिठास थी। उन्होंने ग़ज़ल के अलावा लोक संगीत को भी अपनी आवाज़ दी। मिसाल के तौर पर उनकी कुछ उप शास्त्रीय बंदिशें जो उस समय ख़ूब मशहूर हुईं, वे इस तरह से हैं-'हमरी अटरिया पे आओ संवरिया..', 'कोयलिया मत कर पुकार करेजवा लागे..', 'छा रही काली घटा जिया मेरा लहराये', 'पपीहा धीरे-धीरे बोल', %हमार कही मानो हो राजा जी', 'कौन तरह से तुम खेलत होरी', 'जब से श्याम सिधारे..'। बेगम अख़्तर ज़्यादातर ख़ुद ही अपनी ग़ज़लों और तमाम उप शास्त्रीय गायन की धुन तैयार करती थीं। यही नहीं गायन में वे कहन को ज़रूरी मानती थीं। उनका मानना था, जो भी गाओ खुलकर गाओ। बेगम अख़्तर की शख़्सियत और गायन में ग़ज़ब का जादू था। लाखों लोग उन पर फ़िदा थे और आज भी बेगम अख़्तर के गायन के जानिब उनकी चाहतें कम नहीं हुई हैं।



---

-समीक्षा -

# तीन युवा कवियों की पदचाप: त्रिपथ

■ राज बोहरे

बोधि प्रकाशन जयपुर से %त्रिपथ% के नाम से तीन कवियों का कविता संकलन पिछले दिनों प्रकाशित हुआ है, जिसका संपादन और कविता चयन ब्रज श्रीवास्तव ने किया है, संपादक का कौशल सँग्रह में झांकता है। इस त्रिपथ (तीन पथ) के नाम से ख्यात संग्रह में तीन युवा कवि आनंद सौरभ उपाध्याय की 30, पद्मनाभ की 31 और मिथिलेश राय की 30 कविताएं सम्मिलित हैं । संग्रह में तीन खंड हैं, प्रत्येक खंड में कवि का आत्मकथ्य व प्रत्येक कवि पर संपादक की टिप्पणी भी लिखी गई है। पहला खंड आनंद सौरभ उपाध्याय पर केंद्रित है। कवि खुद के बारे में लिखते हैं आसपास की समस्याएं जिंदगी के रंग समाज में व्याप्त अंधविश्वास, भौतिकवादी दौड़, राजनीतिक उथल-पुथल मेरी कविताओं के लिए प्रेरक स्थिति पैदा करती हैं। ब्रज श्रीवास्तव ने आनंद सौरभ के बारे में लिखा है, वह वस्तु तथा राजनीतिक और सामाजिक चिताओं के संभावनाशील कवि हैं ।कविता के बारे में आनंद की दो कविताएं हैं -कवि के हाथ की चाय और समीक्षक । विचार और दर्शन प्रधान कविताओं के शीर्षक हैं, दुख ही जन्मा, तेरी मिट्टी, धारणा, मौन, बुराई, फ़िक्र, सच का संघर्ष, धुंधली याद, इंतजार, और मर्यादाहीन । मन में धीमे से प्रवेश पाती बुराई के बारे में कविता बुराई का अंश दृष्टव्य है-आखिर/आकर बैठ गई/अंतर्मन में/कोई लगाव नहीं/कोई चाह नहीं/फिर भी/बचते बचाते/आ ही जाती/बुराई/और मैं/बुरा हो जाता... घटिया निर्माण कविता देखिए-हिस्सों में सबका ख्याल/उछलकर शराफत की पगड़ी/वो रचते हैँ झूठ का संसार/और बनाते हैं हर बार/बूंद-बूंद टपकती छतें/छत के गिरने तक ! आनंद सौरभ को कभी-कभी धार्मिक पाखंड और धार्मिक विद्वेष से क्षोभ होता है । कवि अपना ईश्वर दुख से उपजा ईश्वर बताते हैं। धर्म से जुड़े हुए उनके विचार रचनागत रूप में पाठकों के सामने कविता के रूप में अमूमन आते हैं और उनकी इस तरह की कविताएं धर्मांधता, मेरे ईश्वर का जन्म, हमको देखने को मिलती है,एक अंश देखिए-ईश्वर का जन्म तो/मेरे दुखों के बाद हुआ/विषम परिस्थिति में पुस्तकों के प्रति कवि को बहुत प्रेम है, वे कहते हैं कि किताबें अपना काम करना बंद नही करतीं,जबकि मनुष्य उनकी बेकदरी करता है। उन्होंने किताबें 1 व 2 शीर्षक से कविताएं लिखी हैं! एक अंश देखिए-एक तुम हो कि/घर की साफ सफाई में/निकालते रहे उन किताबों को ही/जिन्हें पढ़कर सभ्य/हुए तुम/इतने सभ्य/कि थोड़े लालच में रद्दी के भाव/बेच दिया/उन्हें। संकलन के संपादक ब्रज श्रीवास्तव ने पद्मनाभ के बारे में लिखा है प्रेम, स्त्री और सत्ता इस कविता के केंद्रीय पद कहे जा सकते हैं। पद्मनाभ के भी कुछ अपने प्रिय विषय हैं, उनके अपने कुछ अनूठे विचार हैं । व्यवस्था के विरोध में वे चुप नहीं रहते , अपनी कविता के मार्फ़त, अपने रोष और असंतुष्टि को प्रकट करते हैं । यह दौर तुम्हारे साथ हूं का अंश देखिए-अगर तुम गाय हो/तो मुद्दा बना देंगे/अगर तुम बैल हो/तो तुम्हारा कुछ नहीं हो सकता/अगर तुम शेर हो/तो पिंजरा तैयार है/अगर तुम गूँगे हो/तो ये अच्छी बात है/यह दौर तुम्हारे साथ है।

अपने दार्शनिक विचारों को अनूठे ढंग से प्रकट करने वाले पद्मनाभ की कविताओं में एक तंज, एक रोष और क्षोभ दिखाई देता है। मृत्यु कविता का अंश देखिए-जहां है कोई मुझसे चाहता है/मेरा शरीर एवं मुझसे जुड़े लाभ/पर वह स्वीकार करती/मुझे निश्शरीर/समेटती मुझे राख से/चाहती केवल मेरी आत्मा/उसकी यही आत्मीयता मुझे प्रिय है! राजनीति भी पद्मनाभ के निशाने से हटी नहीं है, जब उन्हें राजनैतिक विचार और सत्ताधीश की कार्यवाहियों से क्षोभ होता है, तो वह आग उगलती कविता लिखते हैं। सत्तानामा का अंश देखिए-आगे उसने भी भरोसा नहीं किया/किसी पर, सिवाय खुद के/न ही खुद/भरोसेमंद बना किसी के लिए/इसी अ भरोसे के भरोसे /वह एक/ताक़तवर राजा बना रहा!

> शायद वो समझ गया है कि/ वह अब अकेला ठूंठ सा ही रहने वाला है / किसी अनचाहे बुजुर्ग की तरह/ और गांव तो अब केवल एक जगह बन गया है /अपने यौवन की यादों को समेटे हुए/ जर्जर बुढ़ापे में सांस लेते हुए/ अपनी मृत्यु की प्रतीक्षा में/ जिसकी किसी को खबर तक नहीं होगी/

अपनी प्राचीन परंपरा से मोह रखते हुए कवि ने बड़ी सशक्त कविता बूढ़ा गांव कविता लिखी है , इसका अंश देखिए- मेरा गांव /जब भी अपने गांव से लौट कर आता हूं /स्मृतियों य और विस्मृतियों से भर जाता हूं/ कितना जवान था वो शायद वो समझ गया है कि/ वह अब अकेला ठूंठ सा ही रहने वाला है / किसी अनचाहे बुजुर्ग की तरह/ और गांव तो अब केवल एक जगह बन गया है /अपने यौवन की यादों को समेटे हुए/ जर्जर बुढ़ापे में सांस लेते हुए/ अपनी मृत्यु की प्रतीक्षा में/ जिसकी किसी को खबर तक नहीं होगी/

**पुस्तक त्रिपथ ( कविता संकलन) प्रकाशक- बोधि प्रकाशन**
**कवि-आनंद सौरभ उपाध्याय, पद्मनाभ पाराशर, मिथिलेश राय**
**मूल्य 150 पृष्ठ 128**

पर्यावरण से जुड़ी कविताओं में पेड़ का विश्वासघात (पृष्ठ 78) भी उल्लेखनीय है। क्लासिक ग्रंथ या शास्त्रीय पुस्तक से अनुराग प्रकट करती और उसके प्रति निष्ठा बताती कविता काश मुझे पढ़ लिया होता(59) उन्होंने लिखी है, तो स्त्री की संवेदना उसके दुख दर्द और अनुभूतियों को प्रकट करती उनकी कविता देह(60) स्त्रियों ने रची है सभ्यता यह (पृष्ठ 82) पठनीय है। कविता के बारे में कवि बहुत गम्भीर हैं, इस विषय मे नहीं लिखी कोई कविता(58) जैसी कविता में वे कविता और उसके सृजन के बारे में लिखते हैं, - कई दिनों से नहीं लिखी कोई कविता/ ऐसा नहीं है कि मेरी लेखनी की आग बुझ गई है/ या कि मेरे विषय चुक चुके हैं/ अथवा मेरी संवेदना समाप्ति की ओर है इस संग्रह के तीसरे खंड के कवि हैं मिथिलेश राय, उन्होंने आत्मकथ्य में लिखा है मैं भूख, गरीबी, शोषण, अत्याचार ,जाति, नस्ल भेद पर कविता लिखते हुए प्रेम और सुंदरी को परे हटाकर नहीं देखता, क्योंकि दोनों ही जीवन के जरुरी हिस्से हैं। मिथिलेश की कविताओं में के बारे में संपादक ब्रज श्रीवास्तव ने लिखा है मिथिलेश की कविता में विषयों और अनुभवों की विविधता है, इसलिए उनके पास कविता के भरे पूरे संसार का एक प्रतिदर्श है।

मिथिलेश के सरोकार समाज के सब पक्षों से हैं, सारे संसार से हैं। गांव और पुरानी परंपरा के बारे में जब कविता लिखते हैं, तो अपनी आत्मीयता उड़ेलङ्ग देते हैं. कविता किताब में वे किताब को सम्बोधित हो कर कहते हैँ- तुम्हीं ने सिखाया हर मुश्किल /समय की बारहखड़ी पढ़ना/ और कसकर थामें रहना धैर्य की डोर/

सिखाया तुम्हीं ने खूब और उदासी के बीच सुनना
आहट उम्मीद की
तुम ही से सीखा बार-बार उठना गिरकर
जीवन जीना भी सिखाया तुम्हीं ने ओ मेरी किताब

धर्म व ईश्वरीय सत्ता पर उनकी कविता ईश्वर पठनीय है उठो /ए ईश्वर /तुम कब तक लड़ते रहोगे /अपनी ही धर्म ध्वजा के खातिर (ईश्वर 1) सभी ने रखा केवल अपने ही/ अनुयायियों का ख्याल/ उन्हें ही किया उपकृत /केवल उन्हीं के सुख-दुख का/ लिया जिम्मा/ हर ईश्वर के अनुयाई /भरते रहे आपस में /अपने ईश्वर के लिए वे बने रहे/ एक दूसरे की जान के दुश्मन! नासमझ कविता का यह अंश देखिए- कौए ने /कोयल से जने/ उन चूजों को भी/ अपने चूजों के/ समान ही पाला-पोसा/ दुलारा अपना ही/ समझकर/ कौए से बड़ा नासमझ/ तो देखा ही नहीं कहीं/ आज तक/ फिर भी/ कभी-कभी सोचता हूं/ दुनिया रहने तक/ बना रहे प्रेम/ इसके लिए उतना बुरा तो नहीं है/ कौए की तरह/ बेवकूफ बने रहना!

समाज के अंतिम व्यक्ति के बारे में उनकी कविता बारिश में कसक एक विशिष्ट प्रकार के भाव से भर देती है, तो काव्य करने के बारे में मोची का छाता की कविता उनको समकालीन कवियों से कुछ ऊंचा खड़ा कर देती है - मोची का छाता/ एक/ भरोसे जैसा है /जैसा भी है उसका है /काम करने की सहूलियत देता हुआ/ कविता, जैसी भी है मेरी है/ इंसान की तरह जीने में मदद करती हुई! इस संकलन में शामिल तीनों कवि अभी उदीयमान कवि हैं, उन्होंने अभी कुछ वर्षों से लिखना शुरू किया है, उन सबके कविता के मुहावरे विकसित होने के दौर में हैं। उन्हें यश मिलेगा लेकिन तब जब वे खुद की शैली को एक पहचान देंगे। निश्चित ही तीनों की कविता सहित विचार और शैली की हिंदी साहित्य में पहचान कायम होगी, यानि तब बिना नाम पढ़े भी उनकी कविता को देख पाठक को उनका नाम याद आएगा। वह पहचान कर सकेगा कि यह आनंद सौरभ की या पद्मनाभ या मिथिलेश राय की है । तीनों कवियों ने प्रचलित विषयों से हटकर कविताएं लिखी हैं और हरेक ने कुछ विशिष्ट अनुभूतियां और विषयों पर कविताएं रची हैं यह एक उल्लेखनीय बात है ।

अभी तक कविता के दायरे से बाहर रहे भाव, विषयों पर कविता लिखना ऐसे युवा रचनाकारों की नई दृष्टि और विशिष्ट रचना धर्मिता कहीं जा सकती है । सामान्य बोलचाल की भाषा में अपनी काव्य परंपरा को ग्रहण कर यह तीनों कवि अपने रचना कर्म की पहली झलकी से एक संकलन के रूप में पाठकों को आत्म परिचय प्रदान करते हैं और पाठक इन्हें पढ़कर उत्साह के भाव से भर जाता है, तीनों के प्रति सराहना का भाव प्रकट होता है। निश्चित ही तीनों कवि आगे जाकर अपना महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त करेंगे। यह संकलन ब्रज श्रीवास्तव की दूरदर्शिता और एक सुविचारित नीति का पहला पुष्प है, यह संकलन उनके संपादकीय हुनर के लिए भी पाठक को आश्वस्त करता है ।

---

## मतदान करो

लोकतंत्र का यह महापर्व है
मतदान करो, मतदान करो।
अवसर मिला जिसे भी यह
मान करो, सम्मान करो ।
मतदान करो, मतदान करो।
दानों में यह महादान है
उत्सव है यह बड़ा अनोखा।
प्रत्याशी मन का चुनना है
पांच बरस में मिलता मौका।
मौका है अभिमान करो।
मतदान करो, मतदान करो।
फर्ज सभी का बनता है यह
अपनों को भी ज्ञान कराओ।
लालच लोभ अगर दे कोई
बातों में बिल्कुल मत आओ।
निडर रहो डर को दूर करो।
मतदान करो, मतदान करो।
लोकतंत्र का यह महापर्व है
इसका सब सम्मान करो।
अधिकार तुम्हें मत देने का
अधिकारों का उपयोग करो।
मतदान करो, मतदान करो।

- डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी
प्राचार्य
श्रीजानकीरमण महाविद्यालय जबलपुर

# मार्बल ज़ोन

' स्वच्छ शहर, स्वस्थ नागरिक'

सुप्रभात से शुभरात्रि तक

## स्टूडेंट्स फीड बैक तय करेगा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की नैक ग्रेडिंग

**जबलपुर, देशबन्धु।** क्वॉन्टिटेटिव मूल्यांकन में विश्वविद्यालय की ओर से जो एसएसआर रिपोर्ट भेजी गई है उसमें 70 प्रतिशत अंक उसी से विश्वविद्यालय को दिए जाएंगे। इसमें विश्वविद्यालय ने जो जानकारी भरी है, उसका मूल्यांकन होगा। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के छात्रों से ऑनलाइन फीडबैक लेना शुरू कर दिया है। इसमें ऑनलाइन छात्रों का फीडबैक भी शामिल है। विश्वविद्यालय द्वारा जो अपने छात्रों का ब्यौरा फोन नंबर और ईमेल आईडी भेजे गए है। उनमें से रैंडमली 30 प्रतिशत छात्रों से नैक फीडबैक लिया जाएगा। वहीं शेष 30 प्रतिशत अंक नैक की टीम विजिट पर दिए जाएंगे। जानकारी के मुताबिक रादुविवि प्रशासन द्वारा जमा की गई एसएसआर रिपोर्ट में करीब 1300 छात्रों के नाम शामिल किए गए हैं। जिसके पास अब फीडबैक लेने मेल आने शुरू गए है। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए नैक द्वारा जिन छात्रों को मेल भेजे गए हैं। उनके मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी भी आएगा। जब छात्र ओटीपी सम्मिट करेगा। उसके बाद ही फीडबैक को सही माना जाएगा। यह क्रास बेरिफिकेशन इसलिए रखा गया है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि जिस छात्र को मेल भेजा गया है वह है या फर्जी आई बनाई गई है।



**एसएसआर रिपोर्ट के अन्य बिंदूओं पर मांगे गई क्वैरी** -दरअसल रादुविवि को मार्च 2015 में नैक ग्रेडिंग प्राप्त हुई थी। जिसके बाद के वर्षो में हुई शैक्षेणिक गतिविधियों को मय दस्तावेजी प्रमाणों को साथ ऑनलाइन पोर्टल में भेजना होता है। जिसे विश्वविद्यालय की इंटर क्वालिटी एश्योरेंस कमेटी (आइक्यूएससी) कंपाइल करती है। जैसे तैसे विश्वविद्यालय सेल्फ स्टडी रिपोर्ट (एसएसआर) कम्पाइल कर भेज तो दिया गया। लेकिन नैक द्वारा कई बिंदुओं पर क्वैरी मांगी गई है। नैक ने एसएसआर रिपोर्ट में दर्शाए गए कामों जुडें और प्रमाण मांगे हैं।

## सराफा एसोसिएशन के साथ महाकौशल और जबलपुर चेंबर ऑफ कॉमर्स तथा कैट जैसी व्यापारिक संस्थाएं करेगी चुनाव एवं मतदान का बहिष्कार

**जबलपुर, देशबन्धु।** चुनाव आयोग व पुलिस प्रशासन की सख्ती से सराफा का कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। जिसके चलते जबलपुर सराफा एसोसिएशन ने चुनाव के बहिष्कार का ऐलान किया है। जिसके चलते जबलपुर में करीब दस हजार से ज्यादा सराफा कारोबारी परिवार सहित मतदान नहीं करेंगें। इस आशय का निर्णय जबलपुर सराफा एसोसिएशन ने आज आयोजित बैठक में लिया है।

विधानसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जबलपुर सहित आसपास के जिलों में चेकिंग प्वाइंट बनाए है। जहां पर सराफा कारोबारियों को चेकिंग के नाम पर परेशान किया जा रहा है. पिछले दिनों इंदौर से आए सराफा कारोबारी को पुलिस ने रोककर लाखों रुपए के जेवर जब्त कर आयकर विभाग को सौंप दिया। अभी तक व्यापारी के जेवर वापस नहीं मिल पाए है, इसी तरह मंडला, रतलाम व सागर में भी चेकिंग के नाम पर सराफा कारोबारियों को परेशान किया जा रहा है। जिसके चलते जबलपुर सराफा कारोबारियों ने बैठक कर निर्णय लिया है कि वे अपने परिवार के मिलकर मतदान का बहिष्कार करेंगें। सराफा कारोबारियों का कहना है कि पुष्य नक्षत्र, धनतेरस व दीपावली सालभर का सबसे बड़ा त्यौहार होता है जिसमें अधिकतर लोग सोने-चांदी की खरीदी करते है, लेकिन इस वर्ष विधानसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग की सख्ती से 50 हजार रुपए से अधिक नगदी




या फिर जेवर मिलने पर जब्त किया जाएगा. इस तरह के निर्देश सराफा कारोबारियों के लिए परेशानी का कारण बन गए है।

पूरा कारोबार प्रभावित हो रहा है। पूरा कारोबार प्रभावित हो रहा है, जिसके चलते सराफा एसोसिएशन जबलपुर ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया है जबलपुर के सभी सराफा व्यापारी, कारीगर, पटवा, जौहरी, गलाई, टंच, दलाल संघ के करीब 10000 परिवार चुनाव का बहिष्कार करेंग। सराफा एसोसिएशन के इस निर्णय का महाकौशल चेंबर ऑफ कॉमर्स, जबलपुर चैंबर सहित अन्य व्यापारी संघ ने समर्थन किया है।

आम सभा में सराफा एसोसियेशन के अध्यक्ष राजा सराफ, सचिव राजेश सराफ, कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल अन्नू एवं समस्त कार्यकारिणी और महाकौशल चैम्बर ऑफ कॉमर्स से रवि गुप्ता, शंकर नागदेव, युवराज गढ़ावाल, अनूप अग्रवाल, अखिल मिश्रा, तथा जबलपुर चैम्बर से प्रेम दुबे, अजय बख्तावर, एड. अभिषेक स्वामी तथा कैट से जितेन्द्र पचौरी, दीपक सेठी सहित अनेकों व्यापारिक संस्थाओ के पदाधिकारी एवं जबलपुर जिले के सराफा व्यापारी बड़ी संख्या में शामिल हुये।



## शा.मो.ह. गृहविज्ञान महाविद्यालय में दीपात्सव कार्यक्रम

**जबलपुर, देशबन्धु।** होमसाइंस महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा उद्यमिता प्रशिक्षण शिविर दीपों उत्सव का आयोजन किया गया । जिसमें 25 स्टाल छात्राओं एवं महिला उद्यमियों द्वारा लगाये गये जिसके माध्यम से छात्राओं ने पढ़ाई के साथ-साथ अर्न वाइल यू लर्न योजना के तहत उत्पाद निर्माण एवं विक्रय की कला सीखी। दीपों उत्सव मेले में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं द्वारा शास.महाविद्यालय गढ़ा के विद्यार्थियों ने भी अपना स्टाल लगाया । दीपो उत्सव मेले में खाने पीने के विभिन्न व्यंजनों के साथ दीपावली के अवसर पर प्रयोग आने वाली सामग्री दीपक तोरण,पूजन सामग्री भगवान की पोषाके ,सजावटी पौधे,चाकलेट केकस,चाकलेट केक पिज्जा,सेंडविज पानी पुरी के स्टाल छात्राओं ने लगाये। इनके आकर्षण के प्रमुख केन्द्र आशा दीप संस्था द्वारा मानसिक विकलांग बच्चों द्वारा बनाई केंडलस एवं नि:शक्त दिव्यांगजनो द्वारा प्रकाश करने की स्वदेश झालरें प्रमुख रहे। यह एक मनोरंजक के साथ साथ रोजगार मेला रहा जिसमें छात्राओं ने आर्थिक लाभ अर्जित कर खुशी हासिल की। यह मेला प्राचार्य डॉ नंदिता सरकार के प्रेरणादायी मार्गदर्शन में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। मेले के संचालन में विवेकानंद समिति की प्रभारी डॉ.ज्योति जैन ,डॉ.गीता शुक्ला,डॉ.मनीषा आर्या.डॉ.गीता चौबे,डॉ.रीना भैरव,अपूर्वा सोनी, रश्मि सिंगरौरे का प्रमुख योगदान रहा।

## अवैध को वैध और ठग कॉलोनाइजर्स से क्षेत्र को मिलेगी मुक्ति : तरुण भनोत

**जबलपुर, देशबन्धु।** कांग्रेस प्रत्याशी तरुण भनोत के द्वारा रानी दुर्गावती वार्ड में संपर्क से जनसमर्थन के तहत गुरुद्वारा बेदी नगर, छुई खदान से निकलकर सिद्धेश्वरी मंदिर में मत्था टेक देवी नगर, सिंगराहा मोहल्ला, बीटी तिराहा, छोटी बजरिया, फुलवाड़ी, आनंदकुंज, लाडिया मोहल्ला, रामनगर, देवताल के क्षेत्र में सघन जनसंपर्क करते हुए कांग्रेस पार्टी के वचन पत्र के जनहितैषी बिंदुओं के बारे में बताया, 15 महीनों के कांग्रेस कार्यकाल के दौरान जबलपुर को बेहतर दशा और दिशा देने के साथ ही पश्चिम क्षेत्र को मजबूत प्रतिनिधित्व देने नागरिकों से जनसमर्थन की मांगा। असुविधा पर श्री भनोत ने पीड़ा व्यक्त की और बताया कि उनके द्वारा इस संबंध में निरंतर प्रयास किया गया है, किंतु भाजपा की सरकार में अवैध कॉलोनी को वैध करने के नाम पर सु-राज कॉलोनी योजना के प्रचार पर करोड़ों रुपए खर्च किए गए, लेकिन इसकी जानकारी उन अवैध कॉलोनियों,



रानी दुर्गावती वार्ड में जनसंपर्क

जनसंपर्क के दौरान पार्षद शेखर सोनी, शरद मेहरा, गौरव मिश्रा, इसरार अहमद, आशु अली, रूपेश मिश्रा, जवाहर अली एवं सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

## हमारी नीता की शादी नाटक का मंचन दर्शकों की मिली वाह-वाहीं

**जबलपुर, देशबन्धु।** विवेचना के 29 वें राष्ट्रीय नाट्य समारोह के तीसरे दिन अंक मुम्बई द्वारा द्वारा नाटक 'हमारी नीता की शादी' का मंचन किया। इस सौ टका विनोदी नाटक का दर्शकों ने खूब आनंद लिया। बार बार दर्शकों की तालियां बजती रहीं और ठहाके गूंजते रहे।

अंक मुम्बई देश की प्रसिद्ध संस्था है जिसे जाने माने अभिनेता निर्देशक दिनेश ठाकुर ने स्थापित किया था। अंक ने देश में थियेटर को व्यावसायिक बनाने और लोकप्रिय बनाने में बहुत बड़ा योगदान दिया है। अंक ने पूरे देश में घूम घूम कर नाटक किए और थियेटर को जन जन में प्रचारित किया। अंक ने अपने नाटकों में उच्च स्तर बनाये रखा है। अंक के नाटकों के हजारों शो हुए हैं जो एक कीर्तिमान है।

नीता कावेरी और दशरथ, की बेटी है जो उच्चवर्गीय ठेठ



बम्बईवासी हैं, लेकिन बेटी की शादी की बात चलते ही अचानक उन्हें अपना उत्तर प्रदेश याद आ जाता है। दोनों अपनी बेटी नीता की एक शानदार शादी रचाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं और कावेरी की कोशिश तो ये है कि शादी में लेखिका वीना बक्शी विज्ञापन और फिल्म की दुनिया का बडा नाम है। उन्होंने मजे मजे में यह नाटक लिख डाला और अंक की टीम के साथ हल्के फुल्के हास्य के साथ इसे निर्देशित किया। नाटक में प्रीता माथुर ठाकुर और अमन गुप्ता कावेरी और दशरथ की भूमिकाओं में थे।

## छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुति से सबको मंत्र मुग्ध कर दिया

### संत अलाएसियस स्कूल पोलीपाथर का 'वार्षिक उत्सव'



**जबलपुर, देशबन्धु।** मनुष्य का जीवन रंगों के बिना अधूरा है, क्योंकि विभिन्न रंग हमारी जिंदगी के विभिन्न परिस्थितियों का प्रतिनिधित्व करते हैं। दरअसल जिंदगी को खुशनुमा बनाने के लिए हमें अपने जीवन में कई तरह के रंगों की जरूरत होती है, और प्रकृति में हमें यह रंग अपने चारों ओर किसी न किसी रूप में दिखाई दे जाते हैं। रंग हमारी इंद्रियों को आकर्षित करने के साथ-साथ हमारे विचारों और भावनाओं को भी तरह-तरह से प्रभावित करते हैं। इसी भावनाओं से प्रेरित होकरसंत अलाएसियस स्कूल पोलीपाथर में वर्ष 2023- 24 का वार्षिक उत्सव समारोह बड़े ही निराले अंदाज में आयोजित किया गया जिसका विषय 'जीवन के इंद्रधनुषीयरंग' था। इस समारोह के मुख्य अतिथिनगर निगम के वित्तअपर आयुक्त विद्यानंद बाजपेई तथा विशिष्ट अतिथि बिशप जेराल्ड अल्मेडा रहें। सर्वप्रथम इस समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि कोउनके परिचय के साथ स्वागत एवं सम्मान स्वरूप पौधा भेंट किया गया।इस समारोह के कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि विद्यानंद बाजपेई, विशिष्ट अतिथि बिशप जेराल्ड अल्मेडा,शाला प्रबंधक श्रद्धेयफादरएस.जी. विल्सन ,शाला प्राचार्या सोमा जॉर्ज ,शाला उप्राचार्य डेनिस पैट्रिक, कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती निधि नारंग एवं शाला नायक दिव्यांश मेहताएवं शालानायिका अनुष्का तिवारीके द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। शाला प्राचार्य श्रीमती सोमा जॉर्ज ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विगत वर्ष में विद्यालय द्वारा अर्जित उपलब्धियां की जानकारी दी तथा भविष्य म ें भी इसी तरह की उपलब्धियां प्राप्त करते रहने का आश्वासन दिया। शाला प्रबंधक फादर एस.जी. विल्सन द्वारा मुख्य अतिथि की गरिमा में उपस्थित के लिए उन्हें धन्यवाद स्वरूप स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। समारोह श्रीमती निधि नारंगएवंप्रीति शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न किया गया।

## कांग्रेस सरकार बनी तो बिजली बिलों में मिलेगी राहत : सक्सेना

**जबलपुर, देशबन्धु।** बीते पांच सालों में हर पल हर दिन जो व्यक्ति हमारे साथ रहा, जिसने फोन पर भी हमारी बात सुनी और कामों को पूरा किया इस चुनाव की घड़ी में हम भी उस व्यक्ति का भरपूर साथ निभायेंगे। उक्ताशय की बात कांग्रेस प्रत्याशी विनय सक्सेना ने राजीव गांधी वार्ड में जनसंपर्क के दौरान कही। उन्होंने कहा कि पार्टी की सरकार बनने पर बिजली बिलों में राहत, छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति, पेंशन योजना सहित अन्य ढेरों लाभ अपने क्षेत्र की जनता को दिलवाएंगे। रामजानकी मंदिर में पूजन अर्चन के साथ हुई। शांतिनगर गली नंबर 1 से गली नंबर 26 तक, अंबेडकर कॉलोनी, समता कॉलोनी, जीटी परिसर, कृष्णा कॉलोनी, आदि इलाकों में सघन जनसंपर्क किया।



राजीव गांधी वार्ड में सघन जनसंपर्क

सतीश उपाध्याय, जगत बहादुर सिंह अन्नू, सचिन यादव, शिवकुमार चौबे गुड्डू, संजय उपाध्याय, जितिन राज, रोहित नेमा, मंडलम अध्यक्ष अतुल सोनी, सुशीला कनौजिया, बसंत ठाकुर, संजय शर्मा, शैलेश राठौर आदि मौजूद थे।

## जल समस्या दूर करने बनवायेंगे पानी की टंकी : घनघोरिया

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में पूर्व विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में सोलह क्वार्टर से प्रारम्भ होकर काजी मोहल्ला से स्लाटर हाउस से मदार छल्ला से दुर्गा मंदिर से हनुमान मंदिर से जोगी मोहल्ला से ढ़ेडी नीम से दस नल से रजा मस्जिद से सोलह क्वाटर में सघन जनसंपर्क कर कांग्रेस प्रत्याशी लखन घनघोरिया ने जनता से कहा कि पानी की समस्या कुछ क्षेत्रों में हैं, पूर्व में बनी पानी की टंकी जर्जर हो चुकी है, उसी स्थल पर नई पानी की टंकी का निर्माण किया जायेगा। जनसंपर्क में पार्षद गुलाम हुसैन, आजम अली खान, मतीन अंसारी, मेहबूब अंसारी, टीपू सुल्तान, मकसूद बाबा, युसूफ, एजाज खान, फिरोज, दिलशाद, मुन्नू, शाहिद गोलू, मेहफूज, अनवर, निजाम, पप्पू, नियाज, बब्लू, आसिफ बब्लू, आसिफ, शाहवाज और सैकड़ों की तदाद में कांग्रेस कार्यकर्ता जनसंपर्क में उपस्थित थे।



लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में जनसम्पर्क

## आयुध निर्माणी में सतर्कता जागरुकता सप्ताह

**जबलपुर, देशबन्धु।** आयुध निर्माणी खमरिया में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत निर्माणी मे आयोजित चित्रकला निबंध एवं नारा प्रतियोगिता में भाग लिए हुए कर्मचारियों, अप्रेंटिस प्रशिक्षणार्थियों एवं विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था उन्हें निर्माणी के महाप्रबंधक एम एन हालदार के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक, के. ऐल. विश्वकर्मा, एस.एस. सलाठिया, संयुक्त महाप्रबंधक राजीव सिंह, दिनेश कुमार प्रशासनिक अधिकारी अविनाश शंकर, मंडल प्रभारी शेखर गजभिए सहित यूनियन एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## पास्ता मशीन के ब्लेड घुसने से जख्मी हुआ हाथ, चिकित्सकों ने जटिल ऑर्थोपेडिक सर्जरी से किया ठीक




**जबलपुर, देशबन्धु।** उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाएं देने में अग्रणी उखरी चौक स्थित गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में एक जटिल आर्थोपेडिक सर्जरी सफलता पूर्वक की गई। सेमर, जबलपुर के रहने वाले 22 वर्षीय पेशेंट को नई जिंदगी मिली। दरअसल पेशेंट का एक हाथ पास्ता मशीन से बुरी तरह जख्मी हो गया। उसके ब्लेड हाथ में घातक रूप से धसने से टेंडन डैमेज हो गए। इतना ही नहीं

धमनियां भी फट गई थी। ऐसे में हॉस्पिटल की एक्सपर्ट टीम ने समय रहते सर्जरी को अंजाम दिया। आम तौर पर पर इस तरह के केसेस में हाथ काटने की नौबत आ जाती है लेकिन 40 से 45 मिनट चली सर्जरी की प्रक्रिया के दौरान चिकित्सकों ने पूरी सावधानी बरती और धमनियों को रिपेयर किया। 24 घंटे में ही बेहतर नतीजे सामने आ गए। पेशेंट फिलहाल अस्पताल में एडमिट है, जल्द ही उन्हें डिस्चार्ज भी किया जाएगा। अब उनके हाथ में पूरी तरह से जान आ गई है। यह चुनौतीपूर्ण सर्जरी ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉक्टर चतुर्वेदी, डॉक्टर पटेल और एनेस्थीसिया एक्सपर्ट डॉक्टर श्रीधर खंडेलवाल ने की। गैलेक्सी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ अखिलेश दुबे एवं डॉ विवेक गुप्ता ने वार्ता की अध्यक्षता की एवं सभी मीडिया मित्रों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## विकास का दृढ़ संकल्प लेकर चल रही भाजपा : अभिलाष पांडे

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश एक बीमारू राज्य की श्रेणी में गिना जाता था उसके पश्चात भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने लगातार विकास के काम करते हुए मध्य प्रदेश को एक विकसित प्रदेश की श्रेणी में स्थान दिलाने का प्रयास किया भाजपा का मंतव्य साफ है कि विकास का दृढ़ संकल्प लेकर भाजपा चल रही है और विकास की इस सतत प्रक्रिया में हमेशा समय की परिपाटी में भारतीय जनता पार्टी खरी उतरी है, यह बात उत्तर विधानसभा प्रत्याशी अभिलाष पांडे ने महाराजा अग्रसेन एवं जयप्रकाश नारायण वार्ड में सघन जनसंपर्क के दौरान कही ।

अभिलाष पांडे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने इस बार युवा प्रत्याशी को चुना है एवं मैं उत्तर विधानसभा में नेता नहीं बल्कि बेटा बनकर काम करूंगा ताकि प्रत्येक व्यक्ति अपने बेटे का हाथ पकड़कर काम करा सके भाजपा ने विकास एवं जनसेवा की है आज मोदी जी के नेतृत्व में देश में एवं कई राज्यों में भाजपा की सरकार है क्योंकि हम आमजनों के मन की बात समझते हैं और काम करना जानते हैं। इस तरह की बात कही गई।



महाराजा अग्रसेन एवं जय प्रकाश नारायण वार्ड में जनसंपर्क

जनसंपर्क के दौरान पूर्व मंत्री शरद जैन, कमलेश अग्रवाल, अतुल जैन दानी, राजकुमार गुप्ता, रमेश रैकवार, शैलेंद्र राजपूत, राजेश ठाकुर, पप्पू चौकसे, श्वेता सिंह, हर्षित राय, सारिका राय, दुर्गेश शाह, जयराम तिवारी, पूजा बाधवानी, सुबोध पांडे आदि उपस्थित थे।

## घरेलू गैस के सिलेंडरों के दुरुपयोग के विरुद्ध खाद्य विभाग की बड़ी कार्यवाही

**जबलपुर, देशबन्धु।** खाद्य विभाग की टीम द्वारा घरेलू प्रवर्ग के गैस सिलेंडर के दुरुपयोग के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई । जिला आपूर्ति नियंत्रक कमलेश टांडेकर के अनुसार यादव कालोनी में अमर सिंह यादव के बाड़े में रंजीत सिंह ठाकुर द्वारा संचालित अवैध गैस रिफिलिंग सेंटर की आकस्मिक जाँच की गई। जाँच के समय रंजीत सिंह द्वारा आटोरिक्शा क्रमांक एम.पी. 20क्र 4912 में घरेलू प्रवर्ग के गैस सिलेंडर से गैस भरते पाया गया। मौके पर आटोरिक्शा का ड्राइवर चिंटू बर्मन भी मौजूद था।

अवैध गैस रिफिलिंग सेंटर चला रहे रंजीत सिंह ने बताया कि वह हाकरों से घरेलू प्रवर्ग के गैस सिलेंडर खरीद कर मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 20 केएल 9794 में रख कर लाते हैं ।

फलस्वरूप मौके पर उक्त मोटर साइकिल,ऑटो रिक्शा,एच.पी. कम्पनी का एक घरेलू प्रवर्ग का गैस सिलेंडर, एक रबर पाइप, एक विद्युत मोटर, एक इलेक्ट्रानिक तौल कांटा, दोअग्निशामक यंत्र, एक अमानक रेगुलेटर, जब्त कर मोटर साइकिल एवं आटो रिक्शा को पुलिस थाना लार्ड गंज की अभिरक्षा में तथा अन्य जब्तशुदा वस्तुएँ गैस एजेंसी की सुपुर्दगी में दी गई।

टीम द्वारा पुराना बस स्टैण्ड स्थित द्वारिका होटल,संचालक-वासुदेव सिंह,की जाँच की गई । जाँच के समय होटल में वाणिज्यिक प्रयोजन से उपयोग हो रहे चार एच.पी.कम्पनी के घरेलू प्रवर्ग के गैस सिलेंडर पाए गए।होटल से उक्त चार सिलेंडर के साथ- साथ दो रेगुलेटर जब्त किए गए।

इसी प्रकार द्वारिका होटल के बगल में संचालित द्वारिका स्वीट्स एंड नमकीन, संचालक नरेंद्र सिंह की आकस्मिक जाँच की गई। जाँच समय होटल में वाणिज्यिक प्रयोजन से उपयोग हो रहे एच.पी. कम्पनी के घरेलू प्रवर्ग के आठ गैस सिलेंडर तथा बिना दस्तावेज के चार व्यवसायिक गैस सिलेंडर पाए गए । फलस्वरूप होटल में पाए गए उक्त समस्त गैस सिलेंडर,पाँच भट्टियाँ तथा रबर पाइप एवं रेगुलेटर आदि जब्त किए गए। दोनो होटलों से जब्तशुदा गैस सिलेंडर एवं अन्य वस्तुएं गैस एजेंसी की सुपुर्दगी दी गई.

अवैध गैस रिफिलिंग सेंटर संचालक,आटो रिक्शा ड्राइवर तथा दोनों होटल संचालकों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत प्रवृत्त द्रवित पेट्रोलियम गैस प्रदाय एवं वितरण विनियमन आदेश 2000 के प्रावधानों के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

जॉच की कार्रवाई में जिला आपूर्ति नियंत्रक कमलेश टांडेकर,सहायक आपूर्ति अधिकारी संजय खरे,अनीता सोरते तथा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी संजीव अग्रवाल, रोशनी पांडे,भावना तिवारी एवं कुंजन सिंह शामिल रहे।

## सामूहिक उपनयन संस्कार व पुनर्विवाह जनवरी में होगें




**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय ब्राह्मण एकता मिशन ने आगामी जनवरी माह में ब्राह्मण बच्चों का सामूहिक उपनयन संस्कार कराया जायेगा। इस धार्मिक आयोजन में ब्राह्मण परिवारों के ऊपर जो भारी खर्च होता हैं उसको हमारी संस्था वहन करेगी।

परिवार को सिर्फ 1100 रु रजिस्ट्रेशन शुल्क देना होगा। इस आयोजन में जो भी खर्च होगा वह ब्राह्मण एकता मिशन द्वारा वहन किया जाएगा। इस आशय की जानकारी एकता मिशन के पदाधिकारियों ने पत्रकार वार्ता के दौरान पत्रकारों को दी। इस सामूहिक आयोजन का उद्देश्य ब्राह्मण बच्चों में सनातन संस्कृति के प्रति जागरूकता तथा धार्मिक संस्कारों के पालन में रुचि पैदा करना। संस्था ने यह भी निर्धारित किया है कि जो भी गरीब विप्र रजिस्ट्रेशन शुल्क देने में असमर्थ है, उसका खर्च भी संस्था द्वारा वहन किया जाएगा। भारतीय ब्राह्मण एकता मिशन ने पुनर्विवाह कि योजना पर भी कार्य किया जा रहा है। जिसके लिए इच्छकुक ब्राह्मण परिवारों का एक सम्मलेन किया जायेगा जिसमें आपसी समानता और स्वीकारोक्ति के आधार पर परिवारों से वार्ता कर आगे कि कार्यवाही कि जाएगी।

पत्रकार वार्ता को राष्ट्रीय सचिव डा. पं संजय गौतम, प्रांतीय महिला महासचिव पं शोभा तिवारी जिला अध्यक्ष पं जगदीश दुबे, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष पं कल्पना तिवारी ने संबोधित किया। इस अवसर पर मिशन के प्रदेश सचिव पं अमित दुबे, संभागीय महिला अध्यक्ष पं नंदा शर्मा, राकेश त्रिवेदी, विनय पाण्डेय, अनुपम पाण्डेय, कुलदीप तिवारी, देवकान्त मालवीय, संजय दुबे, रितु रावत, उषा तिवारी, कल्पना दुबे, प्रीति दुबे, पूर्णिमा पाण्डेय, मानस तिवारी, अर्चना तिवारी, यामिनी शुक्ला, रत्ना दीक्षित, दीपिका पाण्डेय, आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

## सफर-ए-उमराह के लिए ज़ायरीन रवाना



**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर से ज़ायरीनों का एक जत्था शनिवार को अज़हरी की रहनुमाई में मुबारक सफर-ए-उमराह के लिए रवाना हुआ। रिश्तेदारों और परिचितों ने फूल माला पहनाकर ज़ायरीनों को विदा किया। उनसे काबा शरीफ में अपने हक में दुआ मांगने की अपील की। मुबारक सफर पर रवाना होने वाले ज़ायरीनों का इस्तकबाल करने के लिए बड़ी संख्या में लोग मुख्य रेलवे स्टेशन पहुंचे। हाजी ज़मीर रज़वी ने बताया कि ज़ायरीन गरीब रथ एक्सप्रेस से मुम्बई जाएंगे। जहां से 06 अक्टूबर को जेद्दाह की फ्लाइट पर सवार होंगे। मक्का-मदीना शरीफ पहुंचकर अमन चैन की दुआ मांगेंगे। ज़ायरीनों के जत्थे में सैय्यद लियाक़त अली (दरगाह आगा मोहम्मद साहब), सैय्यद अकबर अली, सैय्यद मुबश्शिर अली (बंटी), सलीम खान (एमपीईबी), गुलाम खान, अशफाक़ खान, उसमान खान ( एमपीईबी), शैख सबिर (छोटू), मिर्ज़ा मुनीर, मिर्ज़ा इफ्तिखार, मेहविश निमरा, कुलसुम फातिमाह, हसनैन रज़ा, ज़ेनब फातिमा, अलिज़ा फातिमा वा अन्य शामिल हैं। ज़ायरीनों का इस्तकबाल करने के लिए स्टेशन पहुंचे लोगों में मुफ्ती सय्यद अब्दुर रहमान, मौलाना माहताब आलम, हाफिज़ निज़ामुद्दीन, मुफ्ती फैज़ान रज़ा, तौसीफ खान ,अब्दुल शकील, रऊफ रज़वी, समीर रज़वी, निज़ाम खान ( हाईकोर्ट ), सलमान खान, मसूद गुड्डू नबी, शाहीद हसन, राशिद रज़ा, आरिफ, रानू, आलम, शोएब, शहज़ाद, मुबीन, गुड्डू, शाहीद ज़ैद, हमज़ा, राहिम शामिल थे।

## गुरू रामदास जी का प्रकाश पर्व आज

**जबलपुर,देशबन्धु।** सिक्खों के चौथे गुरू श्री गुरू रामदास का प्रकाशोत्सव आज रविवार को पूर्ण श्रद्धाभक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया जायेगा। मुख्य कार्यक्रम गुरूद्वारा अधारताल में आयोजित किया गया, जहां दिन भर विविध धार्मिक अनुष्ठान होंगे। सुबह 10.30 से 11 बजे तक भाई इंदर सिंह, 11.00 से 11.30 तक स्त्री सत्संग सभा, 11.30 से 12.00 तक बच्चों द्वारा काव्यपाठ, 12.00 से 01.15 तक कथावाचक भाई महिन्दर पाल सिंह, 01.15 से 02.30 तक भाई मोहिन्दर सिंघ अपने साथियों के साथ गुरूवाणी, कथाविचार प्रस्तुत करेंगे।

इस अवसर पर गुरू के अटूट लंगरों का आयोजन कमेटी के स. हरमिन्दर सिंघ सैनी, गुरदीप सिंघ सोढ़ी, कुलजीत सिंघ दुग्गल, भुपिन्दर सिंघ भारज आदि ने समस्त धर्मप्रेमियों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की पुरजोर अपील की है।

# हिपहॉप में थिरके युवा, कत्थक में दिखाया कमाल

## ट्रिपल आईटीडीएम में कल्चरल फेस्ट के दूसरे दिन हुई डिफरेंट एक्टिविटी

**जबलपुर, देशबन्धु।** हिपटॉप, बी-बोइंग, फ्री स्टाइल में जहां युवाओं ने ऑडियंस को झूमने पर मजबूर किया, वहीं कत्थक की भाव भंगिमाओं ने मंत्रमुग्ध किया। देशभर से आई इंजीनियरिंग संस्थानों के युवाओं ने हुनर के एक से बढ़कर एक रंग दिखाए।



यह नजारा शनिवार को ट्रिपल आईटीडीएम में छाया रहा। यहां तरंग फेस्ट के दूसरे दिन युवाओं ने कला का हुनर दिखाया। इसके चलते कैनवास पर प्रकृति और प्रेम की तस्वीरें उकेरी गई, वहीं ड्रामा क्लब के रंगमंच का मंचन किया गया। फेस्ट में संस्थान डायरेक्टर प्रो. भारतेन्दु कुमार सिंह, डीन मुकेश कुमार रॉय का सहयोग रहा।

**साहित्य में युवा कदम**- साहित्य में रुचि रखने वाले युवाओं के लिए क्विजेरिया क्विज हुआ। पेन इट डाउन इवेंट रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता, सिम्फनी कैस्केड में समसामयिक शास्त्रीय प्रस्तुतियों ने समां बांधा। जजमेंट जतिन बिरहा, शुभम चौधरी ने किया।

**एकल नृत्य प्रस्तुतियों से सजा मंच**-ओडिसी थीम पर एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में क्लासिकल, सेमिक्लासिकल और वेस्टर्न डांस फॉर्म पर कलाकारों ने प्रस्तुति दी। शो का जजमेंट संदीप पेंड्रो और गौरव कुमार ने किया।

### ये कार्यक्रम भी रहे खास
- हिंदी काव्य पाठ
- कला प्रदर्शनी
- आर्ट से जुड़ा कैसिओपिया
- एनीमे कॉस्प्ले और फेस पेंटिंग
- फोटोग्राफी और फिल्म निर्माण
- बैंड प्रदर्शन

## विजन हो तो मोबाइल फोटोग्राफी भी होती है कमाल
### गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज में कार्यक्रम



**जबलपुर, देशबन्धु।** फोटोग्राफी ऐसी कला जो समय के साथ आसान हो गई है। डिजिटल कैमरा के साथ मोबाइल कैमरा भी इतने क्वॉलिटी वाले आ रहे हैं, जिनसे बेहतर फोटो मिल रही है। लेकिन परफेक्ट फोटोग्राफी के लिए विजन होना आवश्यक है। यह बात डॉ. आरके ग्रेवाल ने कही। उन्होंने कहा कि हर तस्वीर एक कहानी होती है। फोटो में लाइटिंग, एंगल, एपर्चर, आइसो, शटर स्पीड महत्वपूर्ण होता है। यह जानकारी गवर्नमेंट फाइन आर्ट कॉलेज में आयोजित फोटोग्राफी वर्कशॉप में वक्ताओं ने कही।

**लेंस और फ्रेमिंग पर बात**-कार्यक्रम में डॉ. नीलम अग्रवाल ने फैशन टेक्नोलॉजी और फोटोग्राफी से जुड़ी बात कही। कार्यक्रम में वक्ता सुनील नेमा ने लेंस हार्ड बैलेंसिंग ऑफ एलिमेंट्स और फ्रेमिंग की जानकारी देकर बताया कि फ्रेम में वस्तु का संयोजन पृष्ठभूमि के साथ किस तरह से किया जा सकता है। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. राजलक्ष्मी त्रिपाठी, शैलजा सुल्लेरे, प्रणव भट्ट, डॉ. मनीष कोष्टा, दुर्गेश बिल्थरे, डॉ. अर्चना साहू, सोमेश सोनी मौजूद थे।

## अर्न विद लर्न कॉन्सेप्ट पर लगाया स्टार्टअप कैम्प

**जबलपुर, देशबन्धु।** अर्न वाइल यू लर्न यानी पढ़ाई के दौरान की युवाओं को कमाई के अवसर तलाशने की थीम पर शासकीय होमसाइंस कॉलेज में उद्यमिता शिविर लगाया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने 25 स्टॉल्स लगाए। शिविर में छात्राओं ने जहां उत्पाद निर्माण की कला सीखी, वहीं क्रय विक्रय का हुनर भी जाना। शिविर में सजावटी सामान के साथ-साथ लजीज व्यंजनों का लुत्फ भी उठाया गया।



**हैंडमेड डेकोरेटिव आइटम्स**- शिविर में स्टूडेंट्स ने हैंडमेड डेकोरेटिव आइटम्स तैयार किए। इसमें डेकोरेटिव दीया, तोरण पूजन सामग्री, भगवान की पोशाक और दीवाली के व्यंजन बनाए। कार्यक्रम में आशादीप संस्था के दिव्यांगों द्वारा तैयार कैंडल्स और झालर खास रहे। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. नंदिता सरकार, डॉ. ज्योति जैन, डॉ. गीता शुक्ला, डॉ. मनीषा आर्या, डॉ. गीता चौबे, डॉ. रीना भैरम, अपूर्वा सोनी, रश्मि सिंगरीरे मौजूद रहीं।

## ब्लड डोनेशन से जिंदगी बचाने का संदेश




**जबलपुर, देशबन्धु।** रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा दान है। इसे करके ना सिर्फ आत्म संतुष्टि मिलती है, बल्कि दूसरों के जीवन में नई रोशनी भी आती है। नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज की टीम द्वारा सदर स्थित स्कूल में ब्लड डोनेशन कैम्प लगाया गया। शिविर में डॉ. अर्चना शुक्ला, सिस्टर नव्या मैथ्यू, आशु गूमर, वेरोनिका माइकल मौजूद रहीं।

## गवर्नमेंट साइंस कॉलेज में सेमिनार सम्पन्न

**जबलपुर, देशबन्धु।** इंटर्नशिप और स्किल डवलपमेंट को लेकर शनिवार को गवर्नमेंट साइंस कॉलेज में सेमिनार आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ भूपेन्द्र कपूर, सचिन पाठक एवं आदित्य शुक्ला ने युवाओं को स्किल के जरिए हर इंटरव्यू क्लीयर करने की बात कही। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. एएल महोबिया, विभागाध्यक्ष डॉ. रवि कटारे, डॉ. जया बाजपेयी मौजूद रहीं।

## आज होगा इंटरस्कूल में समूहगान

**जबलपुर, देशबन्धु।** रोटरी क्लब जबलपुर साउथ के तत्वावधान में इंटरस्कूल समूहगान प्रतियोगता 5 नवम्बर को सुबह 10 बजे से नवीन विद्या भवन सभागार में सम्पन्न होगी।

## दैनिक राशिफल

**रविवार 05 नवम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। कार्तिक कृष्णपक्ष की अष्टमी। नक्षत्र-पुष्य।**

**मेष**
धार्मिक और आध्यात्मिक प्रवृत्ति में आपका समय व्यतीत होगा। अनिर्णायकता के कारण योग्य निर्णय नहीं ले सकेंगे।

**कर्क**
जो लोग विदेश जाने के इच्छुक हैं, वे सफलता पा सकेंगे। विदेश से अच्छे समाचार प्राप्त कर सकेंगे। आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।

**वृषभ**
आपके व्यापार में वृद्धि होगी, साथ ही व्यापार के सम्बंध में सौदे लाभदायक सिद्ध होंगे। आपकी आय का स्रोत बढ़ेगा।

**सिंह**
आज आपको स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा। स्वास्थ्य की सुरक्षा के पीछे खर्च होने की संभावना है। गलत मार्ग की तरफ प्रेरित न हों ।

**मिथुन**
आपकी शारीरिक और मानसिक खुशी बनी रहेगी। नौकरी या व्यवसाय में अपने परिश्रम का अच्छा फल प्राप्त कर सकेंगे।

**कन्या**
आज आप परिवार में आनंद के पल गुजार सकेंगे। भाग्य आपके साथ है। आप समाज और लोगों में आदर पा सकेंगे। खरीदारी कर सकते हैं।

क.

**तुला**
स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। बीमार व्यक्ति के स्वास्थ्य में भी सुधार होगा। पारिवारिक सुख- शांति बनी रहेगी।

**मकर**
आज आप अपने विरोधियों से विजय प्राप्त कर सकेंगे। नए काम की शुरुआत होगी। उसमें सफलता प्राप्त करेंगे। व्यापार में लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

**वृश्चिक**
आज यात्रा करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। स्वास्थ्य भी चिंता का कारण बनेगा। संतान की चिंता रहेगी। अपमानित होने का योग है।

**कुंभ**
आपको मानसिक समस्याएं और उलझन रहेगी। निर्णय लेने में तकलीफ होगी। वाणी पर संयम नहीं रख पाएं। धार्मिक कामों पर खर्च होगा।

**धनु**
आज आप गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के रंग में रहेंगे। इस विषय में गहरे उतरने का प्रयास करेंगे। नए काम शुरू करने का प्रयास करेंगे।

**मीन**
आज आपको शारीरिक-मानसिक ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव होगा। उत्साह बढ़ेगा। नए काम की शुरुआत करेंगे।

मा.

## विद्युत महिला मंडल बालक स्कूल में आर्ट क्राफ्ट कला प्रदर्शनी: विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



**जबलपुर, देशबन्धु।** म.प्र. विद्युत महिला मंडल द्वारा संचालित बालक मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल रामपुर जबलपुर में आर्ट क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कला प्रदर्शनी में शाला के विद्यार्थियों ने 109 उत्कृष्ट कलाकृतियों का प्रदर्शन किया गया। जिसमें पूजा की थाली सजावट, कलश सज्जा, दिया सजावट, फ्लावर पॉट स्टैंड, डिस्पोजेबल आयटम द्वारा झूमर, आइस्क्रीम स्टीक, हाउस मूर्ति कला, रंगोली आदि की प्रस्तुति रही। कलाकृतियों को आमंत्रित अतिथियों व अभिभावकों द्वारा सराहा गया। इस अवसर पर महिला मंडल अध्यक्षा डॉ. अंजना तिवारी, डॉ रश्मि श्रीवास्तव, सुजाता सिंह, प्रतिभा पाणी, कविता निगम, फरहत परवीन, जयश्री मुलमुले उपस्थित रही।

**कला प्रदर्शनी में परिणाम इस तरह रहे**

**इंग्लिश मीडियम स्कूल**- इंग्लिश मीडियम के ग्यारहवीं के कक्षा विद्यार्थियों को दीप स्टैंड में प्रथम दुर्गेश राऊन, द्वितीय माहि धूरिया, तृतीय आरफा खान रंगरेज, नवमी एवं दसवीं के बच्चों ने कागज की कलाकृतियों में प्रथम अभय अहिरवार, द्वितीय वरदान काछी, तृतीय वैष्णवी शर्मा रहीं।

कक्षा सातवीं और आठवीं के छात्रों को पूजा थाली के डेकोरेशन में प्रथम अंशुल कौल, द्वितीय वैष्णवी बाल्मिक एवं तृतीय स्थान शुभि चौबे को मिला। कक्षा पहली और दूसरी की छात्राओं को ग्रीटिंग कार्ड में प्रथम राधिका पटेल, द्वितीय आयशा साहू और तृतीय सांभवी कुशवाहा को प्राप्त हुआ। कक्षा चौथी और तीसरी के छात्र-छात्राओं को आइस्क्रीम स्टिक में प्रथम भावेश वर्मा, द्वितीय रिद्धिमा ठाकुर एवं तृतीय स्थान समृद्धि बोरिया रहीं। कक्षा पांचवी और छठवीं की छात्राओं को स्टोन आर्ट में प्रथम कनक पटनिया, द्वितीय अदिती चौधरी, तृतीय अक्ष चौधरी ने स्थान प्राप्त किया।

**हिन्दी मीडियम स्कूल**- हिन्दी मीडियम के प्रायमरी स्कूल के विद्यार्थियों को कक्षा पहली और दूसरी के छात्रों को दीपक सजावट के लिए प्रथम हार्दिक कुशवाहा, द्वितीय अनमोल रैकवार, तृतीय अमन कुशवाहा को स्थान मिला।

चौथी और पांचवी कक्षा के विद्यार्थियों को कलश सज्जा के लिए प्रथम समक्ष सौंधिया, द्वितीय कार्तिक पटेल, तृतीय दिव्या बर्मन को स्थान प्राप्त हुए। छठवीं एवं सातवीं क्लास के बच्चों को वॉल हेंगिंग के लिए प्रथम कार्तिक शर्मा, द्वितीय सुहानी सेन और तृतीय स्थान पर रानी सैलार रहीं।

ग्यारहवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों को मूर्ति कला के लिए प्रथम सृष्टि पटेल, द्वितीय उज्जवल प्रजापति एवं तृतीय स्थान संयुक्त रूप से रविता यादव और आदित्य यावद को मिला। आठवीं के विद्यार्थियों को रंगोली प्रगियोगिता में प्रथम सौम्या समुन्द्रे, द्वितीय अर्पित सेन और तृतीय स्थान नितिन केवट को प्राप्त हुआ। कक्षा नवमीं और दसवीं के विद्यार्थियों को झूमर के लिए प्रथम गगन साहू, द्वितीय अंजलि कुशवाहा एवं तृतीय स्थान पर कौशिक सोनी रही। आर्ट क्राफ्ट कला प्रदर्शनी में सम्मिलित सभी विद्यार्थियों को सांत्वना पुरूस्कार भी प्रदान किया गया।

## चमन श्रीवास्तव प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष नियुक्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता चमन श्रीवास्तव को मप्र कांग्रेस कमेटी का उपाध्यक्ष नियुक्त किया। उनकी इस नियुक्ति पर केंट कांग्रेस द्वारा चमन श्रीवास्तव को फूल माला पहनाकर मिष्ठान वितरण कर अपनी शुभकामनायें प्रदान करते हुए प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नगर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू पूर्व केबिनेट मंत्री लखन घनघोरिया, पूर्व केबिनेट मंत्री तरूण भानोट, विधायक विनय सक्सेना, संजय यादव, क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, पियुष सिंह, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की ओर से अनूप वर्मा, अजीत श्रीवास्तव, दीप्ती श्रीवास्तव, गणेश खरे, संतोष श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, मुकेश श्रीवास्तव, मयंक श्रीवास्तव, नीलेश भटनागर, रश्मि श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, केन्ट कांग्रेस की ओर से पूर्व पार्षद अमरचंद बावरिया, शरद शर्मा, ज्ञान चंद गोलछा, संतोष विनोदिया, किरण लखन ठाकुर, लखन ठाकुर, रितेश



तिवारी, अकबर खान, उमाशंकर धानुक, जगदीश ठाकुर, सुशील पासी, पुरूषोत्तम नामदेव, धनवीर ठाकुर आदि ने चमन श्रीवास्तव जी को अपनी शुभकामना प्रदान की।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**सुश्री शिखा दत्ता**- कमला नेहरू नगर चेतराम की मढ़िया के निकट निवासी श्री हेमचंद दत्ता की पुत्री सुश्री शिखा दत्ता (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मदन मोहन शर्मा**- पोस्ट आफिस के पीछे सिविल लाइन निवासी श्री मदन मोहन शर्मा (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मानिक लाल विश्वकर्मा**- करमेता निवासी श्री मानिक लाल विश्वकर्मा (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री आलोक चंद्र दास**- छोटा फुहारा मिलौनीगंज निवासी श्री आलोक चंद्र दास (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कंधी सेन**- ग्वारीघाट पुरानी बस्ती निवासी श्री कंधी सेन का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नरबद प्रसाद उईके**- छापर शिवाजी नगर रामपुर निवासी श्री नरबद प्रसाद उईके (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती फूला बाई शुक्ला**- डी 13, कांचघर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी श्री सुखलाल शुक्ला की धर्मपत्नी श्रीमती फूला बाई शुक्ला (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सरला दीक्षित**- रतन कॉलोनी हांडा पेट्रोल पंप के पास निवासी श्री प्रकाश दीक्षित की धर्मपत्नी श्रीमती सरला दीक्षित (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

**श्रीमती बबीता सिंह**- आनंद कुंज गढ़ा निवासी श्री राजेंद्र सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती बबीता सिंह (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

**श्री हरि ओम वर्मा**- हनुमानताल निवासी श्री हरि ओम वर्मा (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विष्णु मित्र तिवारी**- अप्सरा अपार्टमेंट साउथ सिविल लाइन निवासी श्री विष्णु मित्र तिवारी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सीता दुबे**- अमखेरा गोहलपुर निवासी श्री जमना प्रसाद दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती सीता दुबे (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भूरा चौधरी**- रामपुर सामुदायिक भवन के पास निवासी श्री भूरा चौधरी (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेश पटेल**- तिलहरी खलकू टोला निवासी श्री छोटे लाल पटेल के पुत्र श्री राजेश पटेल (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

**श्री जीतेश कुंगवानी**- नेपियर टाउन मोटर मित्र पेट्रोल पंप के पास निवासी श्री श्याम लाल कुंगवानी के पुत्र श्री जीतेश कुंगवानी (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कस्तूर चंद गर्ग**- थम्मन सिंह का बाड़ा गोरखपुर निवासी श्री कस्तूर चंद गर्ग (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री सुभाष चंद्र विश्वकर्मा- खेरमाई वार्ड बढ़ई मोहल्ला निवासी श्री सुभाष चंद्र विश्वकर्मा (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।



## दो पटाखा दुकानों पर पुलिस की दबिश, भारी मात्रा में पटाखा पकड़े गए

**जबलपुर, देशबन्धु।** बेलबाग थाना क्षेत्र स्थित गुरंदी बाजार में उस वक्त हड़कम्प मच गया, जब कोतवाली थाना व क्राइम ब्रांच की टीम ने दो दुकानों पर छापा मार दिया।

यहां से पुलिस ने भारी मात्रा में बॉक्स में रखे पटाखे बरामद किए है, जिनकी कीमत लाखों रुपए में है। बताया गया है कि गुरंदी व मुकामगंज बाजार घने क्षेत्र में है जहां पर सुबह से देर शाम तक जाम के हालात बने रहते है। इस क्षेत्र से आटो रिक्शा का निकलना भी बहुत मुश्किल होता है। ऐसे क्षेत्र में पटाखों की दुकान व गोदाम बनाकर रखे गए हैं। जहां पर जरा सी भी चिंगारी बड़े घटनाक्रम में तब्दील कर सकती है। इसके बाद भी लोग गोदाम बनाकर पटाखे रखे जा रहे है। शनिवार को कोतवाली व क्राइम ब्रांच पुलिस की टीम ने खबर मिलते ही दो दुकानों पर दबिश दे दी। पुलिस ने दबिश के दौरान एक दुकान में पटाखा के 40 बाक्स बरामद किए है, इसी तरह दूसरी दुकानों से भी भारी मात्रा में पटाखा बरामद किए गए है। पुलिस की कार्यवाही से क्षेत्र में हड़कम्प मचा रहा।

## जिला बदर का आरोपी क्षेत्र हथियार के साथ पकड़ा गया

**जबलपुर, देशबन्धु।** रांझी थाना अंतर्गत मड़ई कलारी के पास एक कुख्यात बदमाश को पुलिस ने हथियार लहराते हुये दबोचा है। बताया जा रहा है कि बदमाश जिला बदर का पहले से आरोपी है जो आदेश का उल्लंघन भी कर रहा है। जानकारी के अनुसार रांझी थाना क्षेत्र निवासी तापस मलिक उम्र 36 वर्ष निवासी रिछाई एक कुख्यात बदमाश है। जिसके विरूद्ध कई अपराध पंजीबद्ध होकर न्यायालय मे विचाराधीन है।

जिसकी आपराधिक गतिविधियों को देखते हुये जिला दण्डाधिकारी जबलपुर ने 29 सितंबर 23 को तापस मलिक को जिला जबलपुर एवं जबलपुर से लगे सीमावर्ती जिले मण्डला, डिण्डौरी, सिवनी नरसिंहपुर कटनी, दमोह, उमरिया की राजस्व सीमाओं से जिलाबदर किया गया था। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि तापस मलिक मड़ई कलारी के पास चाकू लहरा रहा है। जिस पर पुलिस ने सूचना पर तत्काल दबिश देते हुये उसे पकड़ लिया। जो अपने हाथ में चाईना चाकू लिये था। आरोपी द्वारा जिला बदर के आदेश का उल्लंघन करना पाया जाने पर पुलिस ने उस पर आर्म्स एक्ट व राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

## 12 लाख की धान लेकर गायब हुआ चालक

**जबलपुर, देशबन्धु।** कृषि उपज मंडी से ट्रक में करीब 12 लाख रुपए कीमत की 980 बोरी धान कुल वजन 39.612 टन लोड कर 30 हजार रुपए एडवांस एवं बिल्टी बिल,मंडी की अनुज्ञा पत्र देकर उक्त ट्रक क्रमांक एचआर 56 सी 5000 को रिद्धि सिद्धि ओवरसीज लिमिटेड कैथल हरियाणा के लिए रवाना किया गया था। निर्धारित समयअवधि के बाद भी धान से भरा ट्रक डिलेवरी देने नहीं पहुंचा।



ट्रक चालक एवं मालिक से सुखबीर सिंह से संपर्क किया गया तो वह गोलमोल जवाब देते हुए कहने लगा कि पहले भाड़ा की शेष रकम 69030 रुपए ऑनलाइन पेमेंट कराइए तभी धान फर्म तक पहुंचेगी। ट्रांसपोर्टर की शिकायत एवं प्राथमिक जांच के बाद विजयनगर पुलिस ने अमानत में ख्यानत करना पाए जाने पर आरोपी ट्रक चालक/मालिक सुखबीर सिंह के विरूद्ध धारा 407 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। विजयनगर थाना पुलिस ने बताया कि सतीश जाट निवासी दद्दा नगर कटंगी बायपास ने शिकायत में बताया कि उसका जयबाबा हरिदास रोड लाइंस नाम से पाटन चौराहा पर ऑफिस है। 21 अक्टूबर को ट्रक क्रमांक एचआर 56 सी 5000 को धान भरने व्यापारी स्नेह इंटरप्राइजेज कृषि उपज मंडी जबलपुर के माध्यम से पाटन कृषि उपज मंडी भेजा गया था। ट्रक लेकर सुखीर सिंह निवासी ग्राम खटकड़ जिला जींद हरियाणा पहुंचा था। ट्रक में 980 बोरी धान कुल वजन 39.612 टन लोड की गई। ट्रक भाड़ा 2500 रुपए प्रतिटन के हिसाब से 99 हजार 30 रुपए अंकित हुआ और एडवांस 30 हजार रुपए ट्रक ड्रायवर/मालिक सुखबीर को नगद देकर स्नेह इंटरप्राइजेज जबलपुर से रिद्धि सिद्धि ओवरसीज लिमिटेड कैथल हरियाणा के लिए भेजा गया और शेष भाड़ा 69030 रुपए प्राप्त करना था। स्नेह इंटरप्राइजेज के दीपक ने जानकारी दी कि उक्त ट्रक ने कैथल हरियाणा में धान माल की डिलेवरी पार्टी को नहीं दी है। चालक सुखबीर से फोन पर बात हुई तो वह गुमराह करने लगा।

## मप्र हाईकोर्ट बार एसोसियेशन ने मनाया स्थापना दिवस

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने शनिवार को अपना स्थापना दिवस मनाया। तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे के मुख्य आतिथ्य में उक्त कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर जस्टिस अराधे ने कहा कि जबलपुर से उनका गहरा नाता है। जबलपुर में उनकी कानूनी शिक्षा उनके कैरियर के लिए मूलभूत थी, जो उनके पेशेवर जीवन को आकार देने में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जबलपुर के महत्व को दर्शाता है। इस अवसर पर जस्टिस विशाल धगट और कई अन्य न्यायाधीशों की उपस्थिति में उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन ने जस्टिस अराधे को सम्मानित किया।

हाईकोर्ट बार एसोसियेशन के सिल्वर जुबली हॉल में हुए कार्यक्रम में वक्ताओं ने न्यायमूर्ति आलोक अराधे की मेहनत की सराहना करते हुए सामूहिक भावना व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी कमी खलती है। वरिष्ठ अधिवक्ता आरपी अग्रवाल, हाईकोर्ट एडवोकेट बार एसोसियेशन के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल खरे, अतिरिक्त महाधिवक्ता हरप्रीत रूपराह और भारत के डिप्टी सॉलिसिटर जनरल पुष्पेंद्र यादव भी इस मंचासीन थे। कार्यक्रम का संचालन सचिव परितोष त्रिवेदी ने किया। वहीं अपने स्वागत भाषण में अध्यक्ष संजय वर्मा ने जस्टिस अराधे की समर्पित कार्य नीति और बार एसोसिएशन में उनकी सदस्यता को ध्यान में रखते हुए सम्मान कार्यक्रम में उनकी शानदार भागीदारी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को सफल बनाने में हाईकोर्ट बार एसोसियेशन के उपाध्यक्ष प्रशांत अवस्थी, आशीष तिवारी, सुरेंद्र खरे, दीपक सिंह, संगीता नायडू, विपुल वर्धन जैन, अमन शर्मा, अजय शुक्ला, सौरव सिंह, नीरज तिवारी, जितेंद्र श्रीवास्तव और अमिताभ भारती का सराहनीय योगदान रहा।

## मामूली विवाद पर दो पक्षों में मारपीट, जमकर चले डंडे

**जबलपुर, देशबन्धु।** अधारताल थाना अंतर्गत पंजाब सिंध बैंक के पीछे दो पक्षों में पेड़ डाल सड़क पर फेंकने से उपजे विवाद पर जमकर मारपीट हो गई। जानकारी के अनुसार अधारताल थाना में शनिवार दोपहर में ओमप्रकाश केवट उम्र 40 वर्ष निवासी पंजाब सिंध बैंक के पीछे सुहागी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह नर्सरी चलाता है। सुबह लगभग 9-30 बजे वह पनागर से अपने परिवार के साथ घर आया। तो देखा कि घर के सामने देवीदास पटैल पेड़ की डाली सड़क पर डाले हुये था। उसने पेड़ की डाली सड़क से हटाने के लिये कहा तो देवीदास पटैल उसके साथ गालीगलौज करने लगा। उसने विरोध किया तो देवीदास ने डंडे से हमलाकर उसे पीठ में चोट पहुंचा दी। उसकी पत्नी अनीता केवट एवं बेटी जिया केवट, बेटा गोल्डी केवट बीच बचाव करने लगे तो देवीदास ने तीनों के साथ मारपीट की।

वहीं देवीदास पटैल उम्र 62 वर्ष निवासी सुहागी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शनिवार सुबह वह अपने घर के पड़ौस वाले प्लाट में झाडी साफ कर रहा था तथा झाड़ी फैकने के लिये सड़क किनारे रखा था। उसी समय अपनी कार से ओमप्रकाश केवट अपने परिवार सहित आया और सड़क पर गाड़ी लगाकर कहने लगा कि बीच सड़क पर झाड़ी क्यो फैंका है उसने कहा कि अभी सफाई करके झाड़ी किनारे मे कर देगा। इसी बात पर ओमप्रकाश गालीगलौज करने लगा, गाड़ी के अंदर से डंडा निकालकर उसके साथ मारपीट करने लगा। वह चिल्लाया तो उसकी बहू दीपिका पटैल नाती नितिन पटैल आ गये तो ओमप्रकाश की पत्नी अनीता केवट ने उसकी बहू दीपिका के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की। दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## खाने पर नहीं बुलाया तो युवक को पीटा

**जबलपुर, देशबन्धु।** खमरिया थाना में शनिवार को दोपहर में रोहित गोंड़ उम्र 22 वर्ष निवासी मढ़िया टोला पिपरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शनिवार दोपहर लगभग 12-30 बजे अपने दोस्त अजीत गोटिया एवं अजीत गोटिया का दोस्त जिसका नाम नहीं जानता है, साथ खाना खाकर अपने घर के आंगन में बैठा था, तभी मोहल्ले का अनिल गोंड़ उसके घर आकर उसके साथ गाली गलौज करते हुये बोला कि तूने मुझे खाने पर क्यों नहीं बुलाया, उसने गालियां देने से मना किया तो हाथ-मुक्कों से मारपीट करने लगा तथा वहीं पड़े डंडे से हमलाकर सिर में चोट पहुंचा दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। युवक की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।

# बिन मां-बाप का पांच साल का बच्चा कैसे कर सकता था आवेदन




## हाईकोर्ट ने छह माह में अनुकंपा नियुक्ति देने के दिये निर्देश

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने एक मामले में कहा है कि जब आवेदक के माता-पिता का देहांत हो गया तो वह अपनी पांच साल की उम्र में कैसे अनुकंपा नियुक्ति के लिये आवेदन कर सकता है। जस्टिस जीएस आहलूवालिया की एकलपीठ ने मामले में अनावेदकों को निर्देशित किया है कि वे छह माह में याचिकाकर्ता को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने के संबंध में उचित निर्णय ले।

हाईकोर्ट में यह मामला कटनी निवासी गंगा प्रसाद रैदास की ओर से वर्ष 2019 में दायर किया गया था। जिसमें कहा गया था कि उसके पिता बैंक ऑफ इंडिया में भृत्य के पद पर कार्यरत थे। जिनकी दिसंबर 2002 में मृत्यु हो गई थी, उस दौरान उसकी उम्र पांच साल थी, मां की भी जन्म देने के दौरान मौत हो चुकी थी। जिसके बाद याचिकाकर्ता ने साल 2017 में अनुकंपा नियुक्ति के लिये आवेदन किया। जिसे यह कहते हुए खारिज कर दिया गया कि अनुकंपा नियुक्ति के लिए कर्मचारी की मृत्यु के एक साल बाद आवेदन करना आवश्यक है। नाबालिग तथा उचित न्यूनतम अर्हता नहीं होने के मामले में चार साल तक विवेकानुसार विचार किया जा सकता है। अवधि गुजर जाने के कारण उसके आवेदन को निरस्त किया जा सकता है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि अबोध बालक होने के कारण निर्धारित अवधि के दौरान वह कैसे आवेदन कर सकता था। सुनवाई के बाद युगलपीठ ने उक्त आदेश दिये। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता नर्मदा प्रसाद चौधरी ने पैरवी की।

## मेडिकल डीन के आदेश पर रोक

### आदेश को हाइकोर्ट ने माना अवमानना

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने स्कूल ऑफ एक्सीलेंस इन पल्मोनरी मेडिसिन के डायरेक्टर पद से जुड़े मामले में नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. गीता गुइन के एक आदेश को प्रथम दृष्टया कोर्ट की अवमानना माना है। कोर्ट ने डीन द्वारा 9 अक्टूबर 2023 को जारी उस आदेश पर रोक लगा दी जिसमें उन्होंने स्वयं को उक्त स्कूल और मेडिकल कॉलेज से जुड़े सभी अस्पतालों का प्रशासनिक मुखिया घोषित कर दिया था। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता डॉ. जितेन्द्र भार्गव उक्त स्कूल के डायरेक्टर पद पर बने रहेंगे। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव, आयुक्त मेडिकल एजुकेशन, मेडिकल कॉलेज के प्रशासक सह संभागायुक्त और कॉलेज की डीन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने 31 अगस्त को डॉ. जितेन्द्र भार्गव को डायरेक्टर के पद पर निरंतर कार्य करने की अनुमति दी थी। इसके बाद राज्य शासन द्वारा 05 अक्टूबर को एक आदेश जारी कर डीन को मेडिकल कॉलेज से जुड़े सभी अस्पतालों का प्रशासनिक मुखिया घोषित कर दिया था । राज्य शासन के आदेश के बाद डीन ने 9 अक्टूबर को आदेश जारी कर सभी सम्बद्ध संस्थाओं के संचालन से संबंधित सभी अधिकार स्वयं रख लिए। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता समदर्शी तिवारी ने दलील दी क डीन ने शासन के आदेश के बिना स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस का विखंडन करते हुए रेस्पीरेटरी मेडिसिन विभाग को पृथक करते हुए डॉ. संजय भारती को विभागाध्यक्ष बना दिया था।

## पीजी डिग्रीधारकों को हाईकोर्ट से राहत

### सहायक प्राध्यापक पदों का मामला, सह-विषय में आवेदन करने की अनुमति

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट से पीजी डिग्रीधारकों को राहत मिली है। चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमथ व जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने सह-विषय में उन्हें सहायक प्राध्यापक पद का आवेदन भरने की अनुमति दी है। एकलपीठ ने उक्त अंतरिम आदेश के साथ ही राज्य शासन, उच्च शिक्षा विभाग सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

यह मामले पन्ना निवासी अखिलेश कुमार सुमन सहित जबलपुर व रीवा के अभ्यर्थियों की ओर से दायर किये गये है। जिसमें कहा गया कि उन्होंने ने जैव रसायन विषय में स्नातकोत्तर उपाधि हासिल की है। मूल विषय जीव विज्ञान व वनस्पति शास्त्र के सहायक प्राध्यापक के पदों पर नियुक्ति हो रही है। इस प्रक्रिया में सहायक-विषय के आधार पर आवेदन नहीं करने दिया जा रहा है। बावजूद इसकेपूर्व में विज्ञापित पदों पर सह-विषय की योग्यता रखने वालों को मूल विषय में परीक्षा की पात्रता निर्धारित की गई थी। चूंकि सह-विषय वालों को आवेदन से वंचित करने का निर्णय विषय विशेषज्ञों की समिति गठित किए बिना लिया गया है, जो कि उचित नहीं है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त अंतरिम आदेश देते हुए अनावेदकों को जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता वृंदावन तिवारी ने पक्ष रखा।

## चोरी की रेत का परिवहन करते ट्रैक्टर चालक धराया

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले के ग्रामीण इलाकों में रेत माफियाओं द्वारा वर्तमान में भी जमकर रेत खनन कर अवैध तरीके से परिवहन किया जा रहा है और सरकार को लाखों करोड़ों की चपत लगायी जा रही है। इसी कड़ी में बेलखेड़ा थाना अंतर्गत ग्राम कूड़ाकला घाट नर्मदा नहीं में पुलिस ने एक बिना नंबर ट्रैक्टर ट्रॉली में रेत परिवहन करते एक युवक को पकड़ा है। जानकारी के अनुसार बेलखेड़ा थाना में पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम कूड़ाकला घाट नर्मदा नदी में एक बिना नम्बर का ट्रेक्टर अवैध रेत भरकर गांव तरफ आ रहा है। जिस पर पुलिस ने तत्काल सूचना पर मौके पर दबिश दी। जहां ग्राम कूड़ाकला के बाहर एक ट्रैक्टर सोनालिका कम्पनी का जिसमें ट्रॉली लगी थी। जिसे रोककर चैक करने पर ट्रॉली में रेत भरी थी। पूछताछ में चालक ने अपना नाम अंकित पटैल निवासी 28 वर्ष निवासी ग्राम कूड़ाकला बताया। रेत परिवहन के संबंध मे पूछने पर नहीं होना बताया तथा नर्मदा नदी कूड़ाकला घाट से रेत उत्खन्न करना बताया।


**In The Court of III, Civil Judge Class-I, District Court Jabalpur**
presiding Officer:
श्वेता तिवारी

आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC /00000116/2023)
अशोक पटेल..................आवेदक
Vs
प्रबंधक महोदय..........अनावेदक
Process Id- /2023
पेशी दि.:-18/12/2023

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता - आम जनता
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक पटेल पता म.नं. 874 अंजनी छाया इन्द्रा गांधी वार्ड जिला जबलपुर म.प्र. ने मृतक राम सहाय उर्फ बगदई पटेल निवासी म.नं. अंजनी छाया इन्द्रा गांधी वार्ड गढ़ा जिला जबलपुर म.प्र. की प्रबंधक महोदय स्टार मल्टी परपस को-आपरेटिव सोसायटी लिमिटेड ऑफिस 3 फ्लोर डोर नं. 5-9-5एपी सेक्रेटिरिया शैफाबाद हैदराबाद से जमा राशि प्राप्ति हेतु राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 18 दिसम्बर 2023 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 18 दिसम्बर 2023 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 18 अक्टूबर 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

**टिप्पणी** - प्रकाशन एवं उपस्थिति हेतु नोटिस के साथ आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 की छायाप्रति संलग्न है।

**कृपया ध्यान दें**- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(श्वेता तिवारी)
तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
र.नं. 1518 जबलपुर (म.प्र.)



**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री पुरूषोत्तम पिता स्व. धनलाल झारिया (मेहरा) के स्वामित्व की संपत्ति मौजा महाराजपुर नं.बं. 661, प.ह.नं. 28 खसरा नं. 62/35/1 रकवा 3443 वर्गफुट पर निर्मित मकान, मदन महल वार्ड तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर स्थित संपत्ति के मालिक स्वामी हैं तथा उक्त संपत्ति के पूर्व के मालिक धनलाल एवं शंकर लाला थे तथा उक्त संपत्ति स्वामी द्वारा विक्रेता बिन्दुदास पत्नि पी. के. दास एवं अन्य विक्रय पत्र दिनांक 22.12.81 के द्वारा क्रय किया था तथा धनलाल की मृत्यु उपरांत तथा शंकरलाल द्वारा निष्पादित अपने हिस्से की वसीयत दिनांक 09.02.2000 के द्वारा श्री पुरुषोत्तम झारिया एवं अन्य के पक्ष की गई थी तथा श्री राजेश झारिया पिता स्व. धनलाल झारिया एवं श्रीमती गुड्डु बाई उर्फ रेखा झारिया पुत्री स्व. धनलाल झारिया द्वारा श्री पुरुषोत्तम झारिया के पक्ष में हकत्याग पत्र दिनांक 20.01.2023 द.नं. एमपी 182552023ए 113886832 निष्पादित किया गया था एवं अब श्री पुरुषोत्तम झारिया बैंक से ऋण प्राप्त कर बैंक में ऋण की प्रतिभूति के तौर पर बंधक किया जाना प्रस्तावित है। अत: जिस किसी भी वित्तीय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था या कोई व्यक्ति जो उक्त संपत्ति पर अपना दखल रखता हो या किसी भी तरह की कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 दिन के अंदर निम्न पते पर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेजों सहित पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित करें अन्यथा समय सीमा उपरांत उक्त संपत्ति को श्री पुरूषोत्तम झारिया द्वारा संपत्ति को बैंक में बंधक रखकर ऋण प्राप्त कर लिया जावेगा तथा किसी भी प्रकार की आपत्ति अमान्य होगी तथा श्री पुरूषोत्तम झारिया एवं बैंक पर बंधनकारी नहीं होगी।

स्थान-जबलपुर,
दिनांक: - ...............

हर्षित पटेल (अधिवक्ता)
म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर
का.-1790 जे.ई.एस. स्कूल के बाजू में न्यू शोभापुर कालोनी व्हीएफजे रोड जबलपुर,
मो.-9893333246
र.नं. 1519



**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,प्रक्षेत्र जबलपुर**

**भूखण्ड हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मिलन कुमार रजक पिता श्री कढोरी लाल रजक पिता के द्वारा सुभाष नगर महाराजपुर कालोनी जबलपुर में मूखण्ड क्रमांक 380 के हस्तांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। वर्तमान में उक्त भूखण्ड श्री राजीव कुमार जायसवाल पिता श्री महेश प्रसाद जायसवाल के नाम आवंटित है। श्री राजीव कुमार जायसवाल पिता श्री महेश प्रसाद जायसवाल के प्राप्त आवेदन एवं निर्धारित दस्तावेज के आधार पर उक्त भूखण्ड श्री मिलन कुमार रजक पिता श्री कढोरी लाल रजक के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जाना है। यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उक्त भूखण्ड के हस्तांतरण बाबत आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैध आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत डाक से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि में किसी भी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर सुभाष नगर महाराजपुर कालोनी जबलपुर स्थित भूखण्ड क्र. 380 श्री मिलन कुमार रजक पिता श्री कढोरी लाल रजक के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जावेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति / दावा मान्य नहीं होगा।

र.नं. 11515

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर



(विक्रय पत्र)

**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर**
रा.प्र.क्र./1506/अ-6/2022-2023
जबलपुर, दिनांक 25/10/2023

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक उदय प्रताप पिता/पति चंदेश्वर अधारताल मौजा अधारताल / ब्लॉक नम्बर 01 प्लॉट नम्बर... स्थित भूमि खसरा नम्बर 156/1,10/2,156/3 में से रकवा 2584 वर्गफुट भूमि जो आवेदक के द्वारा विक्रेता मध्यप्रदेश शासन वगैरह से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक .............से क्रय किया जाना लेख किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 06/11/23 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया 25/10/2023

र.नं. 1516

तहसीलदार
अधारताल जबलपुर



**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं-15 सुहागी,नगर निगम, जबलपुर**
प्रकरण क्रं./ संभा.अधि./ राजस्व./ एम 119 दिनांक 03/11/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारणको सूदित किया जाता है कि श्रीमती दीपशिखा शुक्ला, पत्नि श्री सृजल कुमार पाण्डेय, पुत्री - श्री श्रीराम शुक्ला एवं श्री सृजल कुमार पाण्डेय, पिता- श्री राजेश कुमार पाण्डेय के द्वारा वार्ड 72 दादा ठनठनपाल वार्ड के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1004469228 के पंजीकृत स्वामी श्री राकेश बाजपेई, पिता- आत्मज स्व. श्री एल.डी. बाजपेई एवं श्रीमती सुमिता बाजपेई, पति- श्री राकेश बाजपेई, के नाम से दर्ज बाबू कमला गृह निर्माण सहकारी समिति का दर्ज प्लाट रकवा 1500 व.फु., निर्मित तल मंजिल 1000 व.फु. में से शेष बचा भाग 750 व.फु., एवं उस पर निर्माणाधीन तल मंजिल 650 व.फु., प्रथम मंजिल 650 व.फु., जिसका मौजा लमती खसरा नं. 30/1, 30/23 एवं 30/24 का भाग ले आउट प्लाट नं. ई- 24 का हिस्सा व नामांतरण पश्चात् खसरा नं 30/108 का , विक्रय/ क्रय की गई सम्पत्ति पर निम्न दस्तावेज- ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, टैक्स रसीद, एवं राजस्व नामांतरण शुल्क के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी ( राजस्व ) संभाग क्रमांक 15
सुहागी नगर पालिक निगम जबलपुर



**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं आर्मी नं. 13771798H, RANK L/NK NAME- BHARAT SINGH of presently residing at VIL-LAGE- HARSARU, P/O GARHI HARSARU TEH-GURUGRAM, DISTT-GURUGRAM (HR), PIN-122505 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता जी का नाम SANTOSH DEVI दर्ज है जो कि गलत है। मेरी माताजी का सही एवं वास्तविक नाम SANTOSH है जो कि मेरी माताजी के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी माताजी के इस नाम SANTOSH को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र NO 36AA 597131 दिनांक 02/11/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.।

गलत नाम- SANTOSH DEVI
सही नाम- SANTOSH


## बरगी में जुआफड़ पर पुलिस का छापा, 8 जुआरी गिरफ्तार

**जबलपुर, देशबन्धु।** बरगी थाना क्षेत्र स्थित ग्राम बम्हनौदा में आनंद नगर नहर के पास पुलिस ने जुआफड़ पर छापा मारकर कुछ जुआरियों को जुआ खेलते पकड़ा है। जानकारी के अनुसार बरगी थाना में बीती शाम पुलिस को सूचना मिली कि कुछ जुआरी ग्राम बम्हनौदा में आनंद नगर नहर के पास जुआ खेल रहे हैं। जिस पर पुलिस ने सूचना के आधार पर मौके पर दबिश दी। जहां कुछ जुआरी मन्ना खेलते दिखे, जो पुलिस को देखकर भागने लगे। जिन्हें पुलिस ने दबोच लिया। पूछताछ में जिन्होंने अपने नाम क्रमशः गौरीशंकर सेन निवासी बम्हनौदा, ब्रजेश अहिरवार निवासी ग्राम सिलुआ बरेला, जितेन्द्र उर्फ बुंदी दुबे निवासी ग्राम घाना बरेला, अंकित सिंह राजपूत निवासी बम्हनौदा, सूरज बर्मन निवासी बम्हनौदा, अंशुल उर्फ सुईया ठाकुर निवासी आंनदकुंज गढ़ा अनुज सोनी निवासी छोटी बजरिया थाना गढ़ा, महेन्द्र उर्फ मुंगे दाहिया निवासी आनंद कुंज गढ़ा बताये। पुलिस ने जुआरियों के कब्जे एवं फड़ से ताश के पत्ते एवं नगद जप्त करते हुये जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।


**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं-15 सुहागी,नगर निगम, जबलपुर**
प्रकरण क्रं./ संभा.अधि./ राजस्व./ एम 118 दिनांक 03/11/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारणको सूदित किया जाता है कि श्री रमेश कसेर, पिता- स्व. श्री सुंदर लाल कसेर के द्वारा वार्ड 73 भगवान परशुराम वार्ड के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1000564802 के पंजीकृत स्वामी श्रीमती ज्योति कसेर का दिनांक 25/08/2020 का स्वर्गवास हो जाने के कारण उक्त संपत्ति के उत्तराधिकारी एवं पति की हैसियत से अपना नाम निगम अभिलेखों में दर्ज कराने निम्न दस्तावेज- , भू-आबंटन पत्र, टैक्स रसीद, मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं राजस्व नामांतरण शुल्क के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी ( राजस्व ) संभाग क्रमांक
15 सुहागी नगर पालिक निगम जबलपुर



**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं-15 सुहागी,नगर निगम, जबलपुर**
प्रकरण क्रं./ संभा.अधि./ राजस्व./ एम 117 दिनांक 03/11/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारणको सूदित किया जाता है कि श्री योगेश कोष्टा, पिता- श्री छैलविहारी कोष्टा, के द्वारा वार्ड 74 ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1000521608 के पंजीकृत स्वामी श्री मदन कोष्टा, पिता- स्व. श्री मूलचंद कोष्टा, के नाम से दर्ज जागृति नगर, गुप्ता मोहल्ला निर्मित तल मंजिल 500 व.फु., प्रथम मंजिल 176 व.फु., जिसका मौजा अमखेरा खसरा नं. 119/1 का विक्रय रकवा 500 व.फु., व उस पर निर्मित राजस्व कम्प्यूटर में दर्ज अनुसार , विक्रय/ क्रय की गई सम्पत्ति पर निम्न दस्तावेज- ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, टैक्स रसीद, आधार कार्ड एवं राजस्व नामांतरण शुल्क के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी ( राजस्व ) संभाग क्रमांक
15 सुहागी नगर पालिक निगम जबलपुर



**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं-15 सुहागी,नगर निगम, जबलपुर**
प्रकरण क्रं./ संभा.अधि./ राजस्व./ एम 115 दिनांक 03/11/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारणको सूदित किया जाता है कि श्री अमित शर्मा, पिता- श्री हरगोविंद शर्मा के द्वारा वार्ड 72 दादा ठनठनपाल वार्ड के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1000555834 के पंजीकृत स्वामी श्री सुधीर मिसार, पिता- श्री एस.के. मिसार , के नाम से दर्ज कंचन विहार के पास विजय नगर का दर्ज निर्मित तल मंजिल 600 व.फु., जिसका मौजा लमती खसरा नं. 44/3 का हिस्सा नामांतरण पश्चात् नया खसरा नं. 44/4 का हिस्सा प्लाट रकवा 1015 व.फु., उस पर निर्मित तल मंजिल 600 व.फु. , विक्रय/ क्रय की गई सम्पत्ति पर निम्न दस्तावेज- ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, टैक्स रसीद, आधार कार्ड एवं राजस्व नामांतरण शुल्क के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी ( राजस्व ) संभाग क्रमांक
15 सुहागी नगर पालिक निगम जबलपुर


## इलाज के दौरान युवक की मौत

**जबलपुर,देशबन्धु।** घमापुर थाना में दोपहर मे विक्टोरिया अस्पताल से सूचना मिली कि विक्रमजीत गर्ग उम्र 73 वर्ष निवासी नई बस्ती सर्रापीपल रांझी को 3-11-23 को रात लगभग 10-30 बजे शराब पीने से अचेत अवस्था में 108 द्वारा इलाज के लिये भर्ती कराया गया था जिसकी शनिवार सुबह लगभग 10 बजे दौरान उपचार के मौत हो गयी है। सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम के लिये भिजवाते हुये मर्ग कायम कर मामले का जांच में लिया गया।

# होम्योपैथिक चिकित्सक के भरोसे चल रही ओपीडी

## सरकारी अस्पताल में डॉक्टर नहीं होने मरीज होते हैं परेशान




**बरेला, देशबन्धु।** नगर का एक मात्र शासकीय अस्पताल वर्तमान में भगवान भरोसे चल रहा है यहां पर पदस्थ. प्रभारी डॉक्टर का पोस्ट ग्रेजुएट मैं चयन हो जाने के कारण. भोपाल तबादला हो गया है. इसके कारण वर्तमान में शासकीय अस्पताल डॉक्टर विहीन हो गया है जिसके कारण मरीजों को इलाज के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है।

**पहले गया मुख्यालय और अब डॉक्टर भी नसीब नहीं**

नगर की स्वास्थ्य सेवाएं दिन पर दिन बदतर होती जा रही हैं यहां पर पहले बीएमओ का मुख्यालय था किंतु 3 साल पूर्व. यह मुख्यालय भी बरगी चला गयाऔर वर्तमान में डॉक्टर के चले जाने के कारण अब गरीब आदमी को इलाज के लिए. जिला चिकित्सालय की ओर रुख करना पड़ रहा है.

**होम्योपैथिक डॉक्टर के भरोसे चल रही ओपीडी**

वर्तमान में सरकारी अस्पताल में पदस्थ होम्योपैथिक चिकित्सक के भरोसे यहां की ओपीडी चल रही हैअपने पिता का इलाज कराने आए मनोज दीक्षित का कहना है कि. शासकीय अस्पताल में वर्तमान में कोई एम बी बी एस डॉक्टर नहीं है. इसके कारण उन्हें. होम्योपैथिक चिकित्सक से ही इलाज कराना पड़ रहा है।

**उच्च अधिकारियों को नहीं है अस्पताल की चिंता**

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत 80 गांव आते हैं. यहां की गरीब आबादी. इलाज के लिए केवल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ही निर्भर है. डॉक्टर को गए हुए लगभग 3 दिन होने जा रहे हैं. किंतु इसके बावजूद भी बीएमओ और सीएमएचओ द्वारा इस अस्पताल में अभी तक कोई भी एमबीबीएस डॉक्टर की व्यवस्था नहीं की गई है. बीएमओ और सीएमएचओ द्वारा डॉक्टर को रिलीव करने के पहले. यहां पर डॉक्टर की व्यवस्था करनी चाहिए थी. किंतु उच्च अधिकारियों को भी जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है. यही कारण है कि आज तक यहां पर डॉक्टर की व्यवस्था नहीं की गई है. फिलहाल विकास का दावा करने वाले और विकास के लिए वोट मांगने वाले दोनों दलों के जनप्रतिनिधि फिलहाल वोट मांगने में जुटे हुए हैं और उन्हें जनता की समस्या से कोई लेना देना नहीं है।

**इनका कहना है**

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर की व्यवस्था के लिए सीएमएचओ को पत्र लिखा गया है।

**डॉ. रश्मि भटनागर, बीएमओ**



# गोसलपुर में पुलिस का फ्लैग मार्च

## शांतिपूर्ण मतदान का दिया संदेश

**गोसलपुर, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को बिना डर और निर्भीक होकर अपने पसंद के उम्मीदवार को मतदान करने के लिए जागरुक करने के उद्देश्य से एंव गुंडे और बदमाशों में भय एंव खौफ का माहौल पैदा करने तथा आम जनमानस में सुरक्षा का

भरोसा पैदा करने के लिए पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पारुल शर्मा गोसलपुर थाना प्रभारी प्रियंका केवट एस.आई अनिल मिश्रा ने सीआईएस केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के साथ गोसलपुर थाने के दल बल ने नगर की गलियों में घूमकर फ्लैग मार्च किया तथा अपराधियों एंव असामाजिक तत्वों को साफ तौर पर आगाह किया की यदि किसी ने भी किसी को मतदान करने से रोकने या किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने का दुस्साहस या चेष्टा की तो उसके मंसूबों को नाकाम करने पुलिस प्रशासन द्वारा सक्त कार्यवाही की जायेगी शांतिपूर्ण मतदान में बाधक बनने वाले किसी भी व्यक्ति को बक्शा नहीं जायेगा। चाहे वह कोई भी क्यों न हो फ्लैग मार्ग नगर के प्रमुख मार्ग जैसे शंकर कॉलोनी गुडहाई झंडा बाजार ठाकुर मोहल्ला खिन्नी तिराहा बस स्टैंड कछपुरा जुझारी से गुजरा।

## सार-समाचार



### बसपा ने कटंगी में किया, अपने कार्यालय का शुभारंभ

**पाटन, देशबन्धु।** जिले की पाटन विधान सभा के गोंडवाना गणतंत्र पार्टी एवं बहुजन समाज पार्टी के सयुक्त प्रत्याशी के द्वारा कटंगी निकाय क्षेत्र में कार्यालय का शुभारंभ पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में किया गया। वही विस प्रत्याशी तान सिंह ने पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में शुक्रवार 03 नवम्बर को कटंगी निकाय क्षेत्र के कई वार्डो में जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान लोगों ने अपना आशीर्वाद देकर जीत का आश्वासन दिया है। इस बार पाटन,मझौली, कटंगी विधानसभा क्षेत्र की जनता जनार्दन परिवर्तन चाहती है। इसलिए जनता किसान के बेटे को अपना आशीर्वाद दे रही है।

### चर्चित पेड़ न्यूज़ मामले में बसपा प्रत्याशी ने रिटर्निंग अधिकारी को दिया नोटिस का जवाब

**पाटन, देशबन्धु।** बसपा प्रत्याशी तान सिंह उर्फ (तन्नू भैया) के द्वारा रिटर्निंग अधिकारी विधान सभा क्षेत्र क्रमांक 95 के द्वारा दिनांक 31 सितंबर 2023 को एक खबर प्रकाशित हुई थी जिसमें बताया गया था की भाजपा कांग्रेस को छोड़कर क्षेत्रीय प्रत्याशी बसपा पर मतदाताओं ने भरोसा जताया है। इस खबर से बौखलाए कांग्रेस भाजपा के जनप्रतिनिधियों के द्वारा रिटर्निंग अधिकारी को शिकायत कर बसपा प्रत्याशी को नोटिस भेजा था जिसमें बसपा प्रत्याशी के द्वारा उक्त नोटिस का पार्टी के लीगल सेल भेज दिया गया था आज पार्टी के वरिष्ठ अधिवक्ताओं के द्वारा अपना पक्ष रखते हुए उक्त जवाब रिटर्निंग अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को दिया गया है। साथ ही पार्टी इस तरह की बेबुनियाद शिकायतों का कानूनी ढंग से मुकाबला करने तैयार है।

### बिक्री के लिए रखा अवैध पटाखा जब्त

**शहडोल, देशबन्धु।** बुढार पुलिस ने अवैध रूप से पटाखा बिक्री करने वाले के विरूद्ध कार्यवाही की है। बुढार पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि लखेरन टोला बुढार में एक व्यक्ति अपनी दुकान में अवैध रूप से कार्टून में पटाखा रखकर बिक्री करता है। बुढार पुलिस द्वारा उक्त स्थान में दबिश दी गई। पूछताछ में उसने अपना नाम मुन्ना लखेर निवासी लखेरन टोला बुढार बताया । उक्त स्थान की तलाशी लेने पर 2 कार्टून में विभिन्न प्रकार के पटाखे कीमत 12,000 रूपये बरामद हुए। उक्त पटाखा संबंधी दस्तावेज मांगने पर उसने कोई वैध दस्तावेज नही होना बताया। जिसे जप्त कर उक्त आरोपी के विरूद्ध भादवि एवं विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में उनि उपेन्द्र कुमार त्रिपाठी, सउनि0 गुलाम हुसैन, ज्ञानेन्द्र सिंह, अवधराज सिंह, आर0 आशीष तिवारी, जयकृष्ण तिवारी एवं प्रआर0 चालक प्रभात सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

### नशीले इंजेक्शन बेचने के पहले ही युवक पकड़ाए

**शहडोल, देशबन्धु।** नशीली इंजेक्शन बेचने की फिराक में बैठे दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सोहागपुर पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की है। सोहागपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मैजिक क्रमांक एमपी 19 एल 0839 में अजहर अली एवं मुज्जफर अली नशीली इंजेक्शन बिक्री करने हेतु भीठ शहडोल के पास खड़े हैं।

सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम भीठ शहडोल पहुंची तो दो व्यक्ति बैठे मिले। पुलिस ने जब इनसे पूछताछ की तो उन्होंने अपना नाम अजहर अली पिता असद अली उम्र 22 वर्ष निवासी वार्ड नं 4 सोहागपुर एवं मुज्जफर अली पिता लुकमान अली उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड नं 3 सोहागपुर बताया। पुलिस ने जब उनकी तलाशी ली तो उनके कब्जे से 19 नग प्रतिबंधित नशीली इंजेक्शन और 02 नग मोबाइल पुलिस को मिला। पुलिस ने बताया कि उक्त नशीली इंजेक्शन, मोबाइल एवं मैजिक को जप्त कर दोनों आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट एवं म0प्र0 ड्रग कन्ट्रोल एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई है।

# पेंशन कार्यालय में आपत्ति के नाम पर लूट-खसोट



## भटका रहे सेवानिवृत्त कर्मचारी को

**गोसलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के संरक्षक योगेंद्र दुबे, जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय ने आरोप लगाया है कि पेंशन कार्यालय में भारी लूट खसोट मची हुई है, पेंशन केस करने दर दर भटकाया जा रहा है। आपत्ति हरे पेन से लिख कर केस वापस किए जा रहे है, कंप्यूटर में आपत्ति दर्ज नहीं की जा रही।

आपको अधिक भुगतान हो गया या गलत फिक्सेसन हुआ है, समयमान वेतन गलत लगाया गया है। बिना प्रमाण के आपत्ति लगाई जा रही है, यह सभी कंप्यूटर में होनी चाहिए जिससे सभी को दिखाई दे लेकिन नियमों को ना मानने वाले विभाग के अधिकारी बे खोप होकर परेशान कर रहे है।

पेंशन कार्यालय केअधिकारी को अनेकों बार इसकी जानकारी दी जा चुकी है लेकिन अवैध कार्यवाही पर रोक नहीं लगाई जा रही है। लोक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन , वन , राजस्व ,आई टी आई,महिला वाल विकास,और स्वास्थ्य विभाग के सेवानिवृत्त हो रहे वाहन चालक, ट्रेसर, मान चित्रकार, चौकीदार, समयपाल, लिपिक, चपरासी, उपयंत्री या खानसामा के पेंशन प्रकरणों का निराकरण बिना परेशान किए नहीं किया जा रहा है। अवैध कार्यों पर रोक लगाने की कार्यवाही होना चाहिए। मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिलाध्यक्ष अटल उपाध्याय, मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संतोष मिश्रा, मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस जिलाध्यक्ष विश्वदीप पटेरिया, मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष नरेश शुक्ला,नगर निगम तकनीकी कर्मचारी संघ अध्यक्ष कपिल दुबे, मध्य प्रदेश अजाक्स के जिला अध्यक्ष योगेश चौधरी, राजेंद्र तेकाम, वाहन चालक यांत्रिकी संघ के जिलाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, मध्य प्रदेश आईटीआई तक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष प्रशांत सोंधिया, लघु वेतन कर्मचारी संघ के रविकांत दहायत, अजय दुबे, मध्य प्रदेश लिपिक वर्ग कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष यू, एस करोसिया, मध्य प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर एसोसिएशन के जोनल अध्यक्ष देव दोनेरिया, मध्य प्रदेश कृषि विभाग के संतोष तिवारी, मध्य प्रदेश पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष जोगेन्द्र पीपरी, सिहोरा तहसील अध्यक्ष योगेन्द्र मिश्रा, बरेला विभागीय समिति अध्यक्ष सतीष उपाध्याय, विनय नामदेव, इंद्रप्रताप यादव,नरेंद्र सिंह ,अर्जन सोमवंसी , मनोज राय ने पेंशन कार्यालय में आपत्ति लगाने की प्रविष्टि कंप्यूटर में करके सार्वजनिक करने की मांग की है।

## दुर्गेश पटेल बने प्रदेश कांग्रेस महामंत्री



**पाटन, देशबन्धु।** पूर्व मुख्य मंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ की सहमति एवं राज्य सभा सांसद विवेक तंखा की अनुशंसा पर दुर्गेश पटेल को मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी में महामंत्री बनाया गया है। श्री पटेल की नियुक्ति पर जनप्रतिनिधियों,पार्टी पदाधिकारियों एवँ कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी है।

## पेट्रोल से आग जलाने पर 90 प्रतिशत जली युवती

**गाडरवारा, देशबन्धु।** विकास दिवस ग्राम नांदनेर निवासी गीता बाई पति सन्नू यादव 32 साल खाना बनाने के लिए पेट्रोल डालकर चूल्हा जला रही थी की पेट्रोल से अचानक आग बाव गई और गीताबाई के कपड़ों में आग लग गई जिससे कि वह 90 प्रतिशत जल गई। जली हुई अवस्था में महिला ने बताया कि उनकी ना तो किसी से कोई लड़ाई थी और ना ही किसी से कोई बुराई थी। महिला को घायल अवस्था में स्थानीय चिकित्सालय लाया गया जहां जहां से उपचार हेतु जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर रेफर कर दिया गया है। जैसे ही गीताबाई को जली अवस्था में गाडरवारा चिकित्सा लाया गया वहां उपस्थित सिहोरा पुलिस चौकी में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक विजय पटेल ने देखा कि महिला गंभीर अवस्था में है तो उन्होंने बिना देर किए ही महिला के कथन का वीडियो बना लिया।

# स्टेट एजुकेशन अचीवमेंट सर्वे में कक्षा 3, 6, 9 के 1795 हुए शामिल

## फील्ड इन्वेस्टिगेटर ने जमा किए सर्वे सामग्री के लिफाफे

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** शुक्रवार को आयोजित की गई राज्य शैक्षिक उपलब्धि सर्वेक्षण में विकासखण्ड सिहोरा के ग्रामीण एवम नगरीय शालाओं में आयोजित की गई। गांधीग्राम में मेरिडियन स्कूल, सेंट जॉन्स पब्लिक स्कूल एवं शासकीय माध्यमिक शाला गांधीग्राम में परीक्षा का आयोजन किया गया। विकासखण्ड में कक्षा 3,6 एवम 9 वीं कक्षाओं के 65 स्कूलों के हिन्दी माध्यम के 1212 एवम अंग्रेजी माध्यम के 583, कुल 1795 छात्र छात्राएं शामिल हुए, जिसके तहत समय के अनुसार रिर्पोटिंग करने के लिए जिसमें स्कूल प्रबंधन, फील्ड इन्वेस्टिगेटर्स व ब्लाक लेवल कॉर्डिनेटर सुबह 7 बजे से रिपोर्टिंग करने केन्द्रों में पंहुचे, इसके बाद 7 से 7.30 बजे तक कक्षा कक्ष का अवलोकन किया गया। 7.30 से 8 बजे तक सभी टेस्ट बुकलेट्स एवं ओएमआर के सील्ड पैकेट शाला प्रमुख, ब्लाक लेवल कॉडिनेटर के समक्ष खोला गया,9.30 से 10.20 बजे तक बुकलेट वितरण के पूर्व बच्चों को टेस्ट पेपर पर आवश्यक प्रविष्टियां पूर्ण कराई गई। 12 बजे से 2.30 बजे में बच्चों को पी क्यू बुकलेट दी गई। 2.30 बजे से 3 बजे तक सभी ओएमआर शीट की ग्रेडवार पैंकिग की गई। इसके बाद ओएमआर शीट का पैकेट ब्लाक लेवल कॉडिनेटर बृजेश श्रीवास्तव एवं अश्वनी उपाध्याय, राकेश पटेल को सौंपा गया।

इस अवसर पर ज़िला शिक्षा केंद्र से पहुंचे ए पी सी प्रेम नारायण तिवारी, बी एल सी बृजेश श्रीवास्तव,डाइट से भावना दुबे,स्वाति बरकड़े, अकादमिक समन्वयक राजेश तिवारी, बीएसी राकेश पटेल,प्रधानाध्यापक अशोक तिवारी, फील्ड इन्वेस्टिगेटर योगेंद्र मिश्रा ने कहा कि छात्रों की शैक्षणिक स्तर में सुधार लाने के लिए शासन, प्रशासन नए-नए प्रयोग करती है। जिससे छात्रों का भविष्य उज्जवल हो सके। बच्चों की शैक्षणिक स्तर को जानने के लिए शैक्षिक उपलब्धि सर्वे आयोजित किया गया है । जिसके लिए विद्यालयों में प्रैक्टिस टेस्ट लेकर बच्चों को इस सर्वेक्षण के लिए तैयार किया गया । इस टेस्ट में हिन्दी, अंग्रेजी गणित विषय शामिल किए गए।

**कक्षा 3,6 व 9 के स्कूल, शिक्षक व एफआई की संख्या**

| कक्षा | स्कूल | शिक्षक | एफआई |
|---|---|---|---|
| 3 ... | 20 | 40 | 20 |
| 6 ... | 19 | 38 | 21 |
| 9 ... | 26 | 52 | 26 |
| कुल | 65 | 130 | 67 |

**हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम के शामिल छात्र छात्राएं**

| कक्षा | हिंदी | अंग्रेजी |
|---|---|---|
| 3 | 291 | 228 |
| 6 | 333 | 208 |
| 9 | 588 | 147 |
| कुल | 1212 | 583 |

# पुरगवां के खेत में मिला युवक का शव



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिले में सिहोरा पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम पुरगवां में शनिवार की सुबह 11 बजे एक युवक का शव मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई, गांव में सड़क के किनारे गन्ने के खेत में युवक का शव मिलने की जानकारी मिलते ही सिहोरा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जाँच शुरू की। मौजूद लोगों के मुताबिक युवक की हत्या कर शव खेत में फेंका गया है, मृतक का जानकारी अंकित कौरव उम्र 22 साल निवासी सिमरिया तहसील करेली बताई जा रही हैं।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया की मामला संज्ञान में लिया गया है जांच जारी है, प्रथम दृष्टया मामला हत्या का लगा है, जाँच में जो भी तथ्य सामने आएंगे कार्रवाई की जाएगी।

## अज्ञात आरोपियों ने की 23 वर्षीय युवक की निर्मम हत्या

**गाडरवारा, देशबन्धु।** विगत शुक्रवार की रात्रि घर से निकले 23 वर्ष से युवक का शव सुबह एक खेत में पड़ा मिला। खेत में लाश मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर अज्ञात आरोपियों की तलाश में जुड़ गई है।

घटनाक्रम के अनुसार बताया जाता है कि 24 वर्षीय युवक अंकित कौरव पिता लक्ष्मी कौरव निवासी सिमरिया कला का शव टेकापार तिगड़ा स्थित एक खेत में मिला। अंकित के शरीर में धारदार हथियार से घाव से उसके गार्डन में किसी धारदार हथियार से बार कर हत्या की जानी प्रतीत हो रही है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है तथा भारतीय दंड विधान संहिता की धारा 302 के तहत मामला कायम कर विवेचना में लिया है।




## मुस्तैदी से कार्य करने पर एफएसटी ने 8 लाख रुपए नकदी जब्त की

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन- 2023 के अंतर्गत पारदर्शी, निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशन में जिले के एसएसटी चेक पोस्ट पर लगातार टीमों द्वारा वाहनों की जांच की जा रही है। जिले के विधानसभा क्षेत्र तेंदूखेड़ा के अंतर्गत ग्राम कौंड़िया में बनाये गये चेक पोस्ट में स्थैतिक निगरानी दल- (एसएसटी) द्वारा शुक्रवार की रात्रि वाहनों की जांच की जा रही थी। इस दौरान टीम द्वारा जबलपुर निवासी मिथलेश सिंह श्रीवास्तव के वाहन क्रमांक एमपी 49 सी 8208 की जांच की गई। वे गाडरवारा से नरसिंहपुर जा रहे थे। जांच के दौरान उनके पास 8 लाख रुपये नगद पाये गये। टीम द्वारा इसकी सूचना एफएसटी को दी गई।

## क्यूबा के खिलाफ आर्थिक, व्यापारिक और वित्तीय पाबंदी को जल्द हटाए अमेरिका

बीजिंग, (आईएएनएस)। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वनपिन ने 3 नवंबर को प्रेस वार्ता में संयुक्त राष्ट्र महासभा में क्यूबा के खिलाफ अमेरिका के आर्थिक, व्यापारिक और वित्तीय नाकेबंदी का आखिरी प्रस्ताव पारित करने पर टिप्पणी करते हुए कहा कि अमेरिका को अंतरराष्ट्रीय समुदाय की न्यायोचित आवाज सुनकर जल्द ही क्यूबा के खिलाफ आर्थिक, व्यापारिक और वित्तीय नाकेबंदी हटानी चाहिए। ध्यान रहे कि 2 नवंबर को 78 यूएन महासभा के पूर्ण सत्र ने पक्ष में 187 मतों, विपक्ष में 2 मतों और मतदान से अलग होने वाले एक मत से क्यूबा के खिलाफ अमेरिका के आर्थिक, व्यापारिक और वित्तीय नाकेबंदी का आखिरी प्रस्ताव पारित किया। संबंधित सवाल के जवाब में प्रवक्ता ने कहा कि वर्ष 1992 से यूएन महासभा ने लगातार 31वीं बार ऐसा प्रस्ताव पारित किया है, जिसने अंतरराष्ट्रीय समुदाय की न्यायोचित आवाज और जबरदस्त इच्छा का प्रतिनिधित्व किया है।

# अमेरिका से नहीं डरते, हिजबुल्लाह चीफ की खुली धमकी, अभी और भड़केगा इजरायल-हमास युद्ध

**बेरुत।** इजरायल पर हुए सात अक्टूबर को हुए हमलों को लेकर हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्ला ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। नसरल्ला ने कहा है कि हमास ने ही इस हमले को अंजाम दिया है। उसने कहा कि यह सौ फीसदी फिलिस्तीनी फैसला था और खुफिया तरीके से अंजाम दिया गया था। नसरल्ला के मुताबिक यह हमला एक तरह से सरप्राइज था। हमास और इजरायल के बीच चल रहे युद्ध के बाद से यह पहली बार है जब हिजबुल्लाह चीफ ने कोई बयान दिया है। इसके साथ ही उसने इजरायल-हमास युद्ध के और भड़कने की चेतावनी देते हुए अमेरिका से न डरने की बात कही है।

**हम डरेंगे नहीं**- लेबनान के उग्रवादी समूह हिजबुल्ला के नेता ने कहा कि उसकी मिलिशिया इजराइल-हमास युद्ध से दूर रहने की अमेरिका की चेतावनियों से डरने वाली नहीं है। टेलीविजन पर प्रसारित भाषण में हसन नसरल्ला ने क्षेत्र में अमेरिका की सैन्य तैनाती का जिक्र करते हुए कहा कि भूमध्य सागर में आपके बेड़े... हमें नहीं डरा सकेंगे।

हिजबुल्ला सभी विकल्पों के लिए तैयार है। नसरल्ला ने कहा कि उसकी ताकतवर मिलिशिया सीमा पर इजराइल के साथ अभूतपूर्ण लड़ाई में जुटी हुई है। उसने क्षेत्र में संघर्ष और तेज होने की धमकी भी दी। भाषण में नसरल्ला ने यह घोषणा नहीं की कि हिजबुल्ला पूरी तरह से इजराइल-हमास युद्ध में शामिल हो रहा है। उसने धमकी दी कि



लेबनान-इजराइल सीमा पर लड़ाई अब तक देखे गए स्तर तक सीमित नहीं रहेगी।

**लेबनान में मनाई गई खुशी**- हिजबुल्लाह चीफ ने कहा कि हमास का फैसला पूरी तरह सही, बुद्धिमानी और हौसले से भरा हुआ था। यह फैसला बिल्कुल सही वक्त पर आया है। जिस वक्त नसरल्ला का भाषण टीवी पर दिखाया जा रहा था, उस दौरान लेबनान की राजधानी बेरुत में चौराहे पर भीड़ जुटी थी। वहां मौजूद लोग खुशी में गोलियां चला रहे थे। यह भाषण युद्ध शुरू होने के बाद से सीमा पर हिजबुल्ला और इजरायली बलों के बीच झड़प बढ़ने के एक दिन बाद आया है। इसी दिन शीर्ष अमेरिकी राजनयिक इजरायल की यात्रा पर थे। अमेरिकी रक्षा सचिव एंटनी ब्लिंकेन ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात की थी। उन्होंने इजरायल के प्रधानमंत्री से गुहार लगाई है हमास के साथ युद्ध में आम लोगों की रक्षा की जाए।

**संगठन की भूमिका से इनकार**- अपने लंबे भाषण में नसरल्ला ने हमास के हमले की तारीफ की। इस हमले की योजना फिलिस्तीन में बनाई गई थी और वहीं से इसे अंजाम दिया गया। हालांकि उसने यह भी कहा कि उसके आतंकी संगठन की कोई भूमिका नहीं है। नसरल्ला के भाषण को पूरे क्षेत्र में इस संकेत के रूप में लिया जा रहा था कि क्या इजरायल-हमास संघर्ष एक क्षेत्रीय संघर्ष में बदल जाएगा। युद्ध की शुरुआत के बाद से, हमास के सहयोगी हिजबुल्लाह ने लेबनान के साथ अपनी सीमा पर इजरायल की सेना को उलझाने के लिए कई कदम उठाए थे। हालांकि यह युद्ध भड़कने की सीमा तक नहीं पहुंचा था।

**इजरायल मानता है खतरा**- इजरायली सेना ने कहा कि शुक्रवार तक उत्तरी सीमा पर उनके सात सैनिक और एक नागरिक की मौत हो गई थी। हिजबुल्लाह के 50 से अधिक लड़ाके और उससे जुड़े समूहों के 10 आतंकियों के साथ रॉयटर्स के पत्रकार सहित 10 नागरिक लेबनान में मारे गए हैं। इजरायल ईरान समर्थित लेबनानी शिया आतंकवादी समूह को अपना सबसे गंभीर खतरा मानता है। अनुमान है कि हिजबुल्लाह के पास इजरायल को टारगेट करने वाली करीब 150,000 रॉकेट और मिसाइलें हैं। साथ ही ड्रोन और सतह से हवा और सतह से समुद्र में मार करने वाली मिसाइलें हैं। हालांकि हिजबुल्लाह के लिए पूर्ण युद्ध भी महंगा पड़ेगा। उसने 2006 में इजरायल के साथ 34 दिन तक लड़ाई चली थी, जो बिना फैसले के खत्म हुई थी।

## आज का इतिहास

1556 – पानीपत के दूसरे युद्ध में मुग़ल शासक अकबर ने हेमू को हराया।
1630 – स्पेन और इंग्लैंड के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर।
1678 – जर्मनी की विशेष सेना ब्रैंडनबर्गर्स ने स्वीडन में ग्रीफ्सवाल्ड शहर पर कब्जा जमाया।
1811 – स्पेन के खिलाफ मध्य अमेरिकी देश अल सल्वाडोर का प्रथम स्वतंत्रता संघर्ष।
1854 – क्रीमिया के युद्ध में ब्रिटिश और फ्रांस की संयुक्त सेना ने इकेरमान में रूसी सेना को पराजित किया।
1870 – महान स्वतंत्रता सेनानी चित्तरंजन दास का जन्म हुआ।
1914 – इंग्लैंड और फ्रांस ने तुर्की के विरुद्ध युद्ध की घोषणा की।
1920 – इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी की स्थापना।
1930 – अमेरिका के महान साहित्यकार सिन्क्लेयर लेविस को उनकी कृति बाबित्त के लिए साहित्य का नोबल पुरस्कार मिला।
1950 – ध्रुपद तथा खयाल गायन शैली के श्रेष्ठतम गायक फैयाज खां का निधन हुआ।
1951 – अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
1976 – सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया।

## सुडोकू 6367

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | 7 |
| 8 | 2 | | | | | 6 | 9 | |
| | | 4 | | 3 | | 5 | 2 | |
| | | 2 | | | 9 | 1 | 6 | |
| 3 | | | 1 | | 6 | | | 2 |
| | 1 | 8 | 2 | | | 7 | | |
| | 4 | 5 | | 2 | | 3 | | |
| | 8 | 6 | | | | | 1 | 5 |
| 7 | | | | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## इजरायल डिफेंस फोर्सेज ने 10 हमास कमांडरों को मारने का किया दावा

**तेल अवीव, (आईएएनएस)।** इजरायल डिफेंस फोर्सेज ने कहा है कि 27 अक्टूबर को गाजा में जमीनी हमले के बाद से सेना ने अब तक हमास आतंकवादी समूह के 10 ब्रिगेड और बटालियन कमांडरों को मार गिराया है। यह रहस्योद्घाटन आईडीएफ के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगारी ने किया। आईडीएफ के अनुसार, जमीनी हमले के बाद से 130 से अधिक हमास आतंकवादी मारे गए हैं। प्रवक्ता ने जोर देकर कहा कि लेबनान में ईरान समर्थित हिजबुल्लाह आतंकवादी समूह के कई उकसावे के बावजूद सेना गाजा पट्टी पर केंद्रित रही। हगारी ने यह भी स्वीकार किया कि सेनाएं हमास-नियंत्रित क्षेत्र के अंदर एक कठिन लड़ाई लड़ रही थीं और कहा कि आईडीएफ ने पहले ही कई सुरंगों को नष्ट कर दिया था जहां आतंकवादी छिपे हुए थे। आईडीएफ ने यह भी कहा कि मंगलवार को सेना के ऑपरेशन के दौरान जबेलिया शरणार्थी शिविर पर कब्जा करने के बाद उसे आतंकवादी समूह के बारे में बहुत सारी जानकारी मिली है। इसमें आगे कहा गया कि गाजा पट्टी में सबसे बड़े शिविर से प्राप्त खुफिया सामग्री का इस्तेमाल हमास पर आगे के हमलों के लिए किया जाएगा। इस बीच इजरायली जमीनी सेना फिलिस्तीनी क्षेत्र के सबसे बड़े और सबसे घनी आबादी वाले केंद्र गाजा सिटी को बंद कर रही है। आईडीएफ सैनिकों के बीच मरने वालों की संख्या बढ़कर 23 हो गई है।

## आईडीएफ ने लेबनान में आतंकी ठिकानों पर फिर किया हमला

**तेल अवीव, (आईएएनएस)।** इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने शनिवार को कहा कि गाजा में युद्ध जारी रहने के बीच सीमा पर चल रही झड़पों के बीच उसने लेबनान में आतंकी ठिकानों पर फिर से हमला किया। सेना ने एक बयान में कहा कि उसने लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों को नष्ट कर दिया, जहां से आईडीएफ पर रॉकेट दागे गए थे। आईडीएफ ने कहा कि उसने इजराइल में शिलोमी के पास इजराइल में घुसने की कोशिश करने वाले एक आतंकवादी को भी मार गिराया है। यह घटनाक्रम हिजबुल्लाह नेता सैय्यद हसन नसरल्ला द्वारा चेतावनी दिए जाने के कुछ ही घंटों बाद आया है कि लेबनान की दक्षिणी सीमा पर इज़राइल के साथ टकराव मौजूदा झड़पों से आगे बढ़ेगा। पिछले महीने की शुरुआत में इज़राइल-हमास संघर्ष और इज़राइल-हिज़्बुल्लाह टकराव के बाद अपने पहले टेलीविजन भाषण में, नसरल्ला ने शुक्रवार को कहा कि लेबनान के मोर्चे पर युद्ध का बढ़ना और विकास दो मूलभूत कारकों पर निर्भर करता है - गाजा में होने वाली घटनाएं और लेबनान के प्रति इज़राइल का आचरण।हमारे दक्षिणी मोर्चे पर सभी विकल्प खुले हैं। हम किसी भी समय इन विकल्पों का सहारा ले सकते हैं नसरल्लाह ने कहा कि अमेरिकी हवाई हमलों के खतरे ने कभी भी प्रतिरोध के दृढ़ संकल्प या स्थिति को प्रभावित नहीं किया है, उन्होंने अमेरिका को चेतावनी दी कि हमने अपने युद्ध बेड़े के साथ आपके द्वारा की जाने वाली किसी भी कार्रवाई के लिए उचित प्रतिक्रिया तैयार की है।

## पाकिस्तान वायु सेना के ट्रेनिंग बेस पर आतंकी हमला, सैनिकों ने 9 आतंकी मार गिराए

**इस्लामाबाद, (आईएएनएस)।** मियांवाली में पाकिस्तान वायु सेना (पीएएफ) के ट्रेनिंग बेस पर हथियारों से लैस आतंकी घुस गए। पाकिस्तानी सैनिकों ने हमले को नाकाम कर दिया और 9 आतंकियों को मार गिराया। डॉन न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, एक अपडेट में इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने पुष्टि की कि पीएएफ ट्रेनिंग एयरबेस मियांवाली में तलाशी और निकासी अभियान समाप्त हो गया है। सभी नौ आतंकवादियों को जहन्नुम भेज दिया गया है। यह ऑपरेशन शनिवार सुबह बेस पर हुए कायरतापूर्ण और असफल आतंकवादी हमले के बाद आसपास के क्षेत्र में किसी भी संभावित खतरे को खत्म करने के लिए शुरू किया गया था। आईएसपीआर ने आगे कहा कि पीएएफ की किसी भी कार्यात्मक परिचालन संपत्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ है, जबकि हमले के दौरान पहले से ही चरणबद्ध तरीके से बाहर किए गए तीन गैर-परिचालन विमानों को केवल कुछ नुकसान हुआ।

डॉन न्यूज ने मीडिया विंग के हवाले से कहा, पहले के एक बयान में आईएसपीआर ने कहा था कि हमले के दौरान पहले से ही जमीन पर खड़े तीन विमानों को भी कुछ नुकसान हुआ था और एक व्यापक संयुक्त निकासी और तलाशी अभियान शुरू किया था। इस बीच मीडिया को दिए एक बयान में, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से संबद्ध एक नए उभरे आतंकवादी समूह तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान (टीजेपी) ने हमले की जिम्मेदारी ली है। डॉन न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, हाल के महीनों में पाकिस्तान में आतंकवादी हमलों में वृद्धि देखी गई है, खासकर खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांतों में। पिछले महीने, पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी स्टडीज (पीआईसीएसएस) ने कहा था कि अगस्त में आतंकवादी हमलों की संख्या लगभग नौ वर्षों में मासिक हमलों की सबसे अधिक संख्या थी। पीआईसीएसएस ने कहा था कि देश भर में 99 हमले हुए, जो नवंबर 2014 के बाद से एक महीने में सबसे अधिक संख्या है।

## इजरायल को फंसाने का प्लान तैयार कर चुका है हमास, जल्दी नहीं खत्म होगा युद्ध

**गाजा सिटी।** गाजा में इजरायली सेना के भीषण हमले के बाद भी हमास के आतंकियों को लगता है कि वे यहूदी देश को अपने जाल में फंसाने में कारगर होने वाले हैं। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक हमास के नेताओं को लगता है कि वे इजरायल को सीजफायर करने पर मजबूर कर देंगे। हमास के पास अब भी पर्याप्त मात्रा में गोला-बारूद, खाने की सामग्री और दवाएं उपलब्ध हैं। हमास को विश्वास है कि सुरंगों में उसके लड़ाके महीनों तक सर्वाइव कर सकते हैं।

वे इजरायली सेना को गुरिल्ला युद्ध के जरिए परेशान कर सकते हैं। हमास को यह भी लगता है कि गाजा में मारे जा रहे मासूमों की वजह से इजरायल पर सीजफायर करने का अंतरराष्ट्रीय दबाव बनेगा। इसके अलावा बंधकों की रिहाई को लेकर भी हमास के साथ शेटलमेंट करने पर बात हो सकती है। हमास का कहना है कि कतर के माध्यम से अमेरिका और इजरायल को बता दिया गया है कि उनकी जेलों में बंद फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले में बंधकों को मुक्त किया जाएगा।

हमास का कहना है कि वह चाहता है कि गाजा के लिए सप्लाई का 17 साल पुराना ब्लॉकेड खोल दिया जाए। इसके अलावा वे येरुशलम की अल-अक्शा मस्जिद पर फिर से पूरा कब्जा चाहते हैं। गुरुवार को यूएन के अधिकारियों ने मानवीय स्तर पर सीजफायर का आग्रह किया था। उन्होंने कहा था कि गाजा में बड़ा नरसंहार हुआ है और अभी खतरा मंडरा रहा है। जॉर्डन के पूर्व विदेश मंत्री और उपप्रधानमंत्री जो किअब यूएन में काम करते हैं, ने कहा कि हमास को खत्म करना इतना आसान काम नहीं है।

## इजरायल के फाइटर विमान ने हवा में मार गिराई दुश्मन की क्रूज मिसाइल

**यरुशलम।** इजरायल और हमास के बीच युद्ध लगातार जारी है। दोनों देशों के बीच हवा और जमीन दोनों पर लड़ाई चल रही है। इस बीच इजरायली एयरफोर्स के लड़ाकू विमान ने एफ-35 ने दुश्मन की क्रूज मिसाइल को हवा में ही मार गिराया।

लड़ाकू विमान एफ-35ढ्ढ आदिर इजरायली एयरफोर्स का पांचवीं पीढ़ी का फाइटर जेट है। दुश्मन को मार गिराने वाली क्रूज मिसाइल इसी फाइटर विमान से लांच की गई थी। इजरायल और हमास के बीच चल रहे युद्ध में इस लड़ाकू विमान का यह पहला शिकार है। वहीं, इजरायली डिफेंस फोर्सेज ने कहा है कि इसी दिन ऐरो मिसाइल एंटी-टैक्टिकल बैलिस्टिक मिसाइल ने लाल सागर में जमीन से जमीन पर मार करने वाली मिसाइल को रोकने में कामयाबी हासिल की थी।

इजरायल डिफेंस फोर्सेज ने हवा में मिसाइल को मार गिराने का वीडियो भी शेयर किया है। यह वीडियो इंफ्रारेड इमेजरी फॉर्मेट में है। इस वीडियो में दिखाया गया है कि एफ-35 फाइटर जेट टर्बो इंजन से चलने वाली क्रूज मिसाइल का पीछा कर रहा है। यह क्रूज मिसाइल इजरायल के एयरस्पेस की तरफ बढ़ रही थी।

इसी दौरान एयरफोर्स के कंट्रोल सिस्टम ने इसका पता लगा लिया। इसके बाद इसने संकेत भेजा और इजरायल ने फाइटर जेट लांच कर दिया। रिपोर्ट के मुताबिक एफ-35 आई से किया गया यह पहला हमला है। गौरतलब है कि सात अक्टूबर को हमास ने इजरायल पर रॉकेट से हमला किया था। इसके बाद से इजरायल गाजा पर लगातार हमलावर है।

## वर्ग पहेली 6367



**बायें से दायें:-**

१. जिसके हाथ में चक्र हो, विष्णु
३. सर्वविदित (उर्दू)
५. आलिंगन, अंकपाश (उर्दू)
६. माथा, ललाट
७. नुकसानदेह
९. निंदित, बेइज्जत (उर्दू)
१०. टालमटोल
१२. सूर्य
१३. घुंघरू
१४. अन्यमनस्क
१६. 'टेंशन'
१८. श्रीराम के श्वसुर
२०. बंधक, रेहन (उर्दू)
२१. समान दरजे का
२३. सेनापति

**ऊपर से नीचे:-**

१. आलोकित होना, चौंकना
२. उद्धार होना, मुक्ति पाना (मुहावरा)
३. प्रसन्नचित्त (उर्दू)
४. भय, दहशत
५. अग्निकांड (उर्दू)
८. 'मेंटनेंस', देखभाल
१०. उपन्यास, कहानी
११. हसरत
१०. हिंदुस्तान
१३. नया, नवीन
१४. पत्नी
१५. बजरंगबली
१७. अनीश्वरवादी
१८. सूचित करना
१९. टीस
२२. नुकसान

## वर्ग पहेली-6366

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | नु | २ प्र | स्था | ३ न | ■ | ४ अ | सं | ५ भ | व |
| नु | ■ | रो | ■ | ६ र | क्त | प | ■ | गि | ■ |
| ७ र | क्ता | क्ष | ■ | सं | ■ | ८ ना | ज | नी | ९ न |
| क्त | ■ | क | ■ | १० हा | र | ना | ■ | ■ | ग |
| ■ | ११ स | र | १२ का | र | ■ | ■ | १३ सं | त | रा |
| ■ | ह | ■ | र | ■ | १४ नि | र्दे | श | ■ | ग |
| १५ शी | र्ष | १६ को | ण | ■ | ह | ■ | १७ य | १८ ती | म |
| र्षा | ■ | ला | ■ | १९ उ | त्था | २० न | ■ | स | ■ |
| २१ स | ला | ह | ■ | जा | ■ | २२ जा | फ | रा | २३ न |
| न | ■ | २४ ल | क | ड़ | हा | रा | ■ | ■ | ग |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

चुनाव | *किसान आंदोलन के समय पर हुए मुक़दमे वापस लेने का वादा कर रही कांग्रेस*

# किसानों, महिलाओं, युवाओं के भविष्य का चुनावः कमलनाथ

**मंदसौर, (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि प्रदेश का आने वाला चुनाव किसानों, महिलाओं और युवाओं के भविष्य का चुनाव है कि वे आने वाली पीढ़ी को किस तरह का प्रदेश सौंपना चाहते हैं। श्री कमलनाथ ने यहां पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए ये बात कही।**

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार आने पर नौजवानों को रोजगार, 100 यूनिट बिजली मुफ्त, किसानों को पांच हार्स पावर बिजली फ्री देने का काम करेंगे। मंदसौर में किसान आंदोलन के समय पर हुए मुक़दमे वापस लेने का काम कांग्रेस सरकार करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने संतरे पर भी कर लगाया हुआ है। इतना कर लेने के बाद भी प्रदेश की अर्थव्यवस्था चौपट है। उन्होंने भाजपा



■ भक्तों की संख्या व दान की तीन गुना रफ्तार

सरकार पर कोरोना में ऑक्सीजन घोटाला करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने माफियाओं के खिलाफ युद्ध लड़ा, शुद्ध के लिए युद्ध लड़ा, क्योंकि प्रदेश की पहचान माफिया राज से या मिलावट से नहीं होनी चाहिए।

### दिग्विजय ने दीपक जोशी के क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक की

वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने आज मध्यप्रदेश के देवास जिले के खातेगांव विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी दीपक जोशी के प्रचार के संबंध में कार्यकर्ताओं से चर्चा की। पूर्व मुख्यमंत्री श्री सिंह ने खातेगांव विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रबंधन के उद्देश्य से ब्लाक, मंडलम, सेक्टर और बूथ के कार्यकर्ताओं के साथ संवाद स्थापित कर आवश्यक मार्गदर्शन दिया। श्री सिंह कल से राजगढ़ जिले की यात्रा पर रहेंगे और पार्टी प्रत्याशियों के चुनाव प्रबंधन के संबंध में बैठकें करेंगे।

## जय-वीरू नहीं, श्याम-छेनू की जोड़ी है दिग्विजय और कमलनाथः शिवराज

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और दिग्विजय सिंह पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता उनकी जोड़ी को जय और वीरू की जोड़ी बता रहे हैं, लेकिन यह जय और वीरू की नहीं श्याम और छेनू की जोड़ी है। श्री चौहान ने टीकमगढ़ जिले के खरगापुर, छतरपुर जिले के बिजावर, दमोह जिले के पथरिया, हटा और कटनी जिले के मुड़वारा तथा जबलपुर जिले के पनागर और जबलपुर की चार विधानसभाओं में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में रोड शो कर कुल 10 चुनावी सभाओं को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने सभाओं को संबोधित करते हुए जय-वीरू की जोड़ी पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता तो श्री कमलनाथ और श्री दिग्विजय सिंह को जय-वीरू की जोड़ी बता रहे हैं।

# खेल जगत

## विलियमसन वनडे विश्व कप इतिहास में न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने

**बेंगलुरु।** न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन शनिवार को यहां एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ लीग चरण के मैच के दौरान ब्लैककैप्स के लिए आईसीसी वनडे विश्व कप इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। विलियमसन ने हसन अली की शॉर्ट गेंद को चौके के लिए भेजकर यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की और मात्र 79 गेंदों में शानदार 95 रन बनाए। इस उपलब्धि ने उन्हें अनुभवी स्टीफन फ्लेमिंग से आगे निकलने की अनुमति दी, जिन्होंने 33 पारियों में 1075 रन बनाए थे, और अब विलियमसन केवल 24 पारियों में 1084 रन के साथ न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वालों की सूची में शीर्ष पर हैं। हालाँकि, 33 वर्षीय खिलाड़ी 35वें ओवर में इफ्तिखार अहमद की गेंद पर 95 रन बनाकर आउट होने के बाद अपना तीसरा विश्व कप शतक बनाने से चूक गए। 2023 विश्व कप में, विलियमसन केवल दो मैचों में 173 का उत्कृष्ट औसत बनाए रखते हुए 173 रन बनाने में सफल रहे।



# भारत का विजय रथ रोकना दक्षिण अफ्रीका के लिए नहीं होगा आसान

**कोलकाता।** विश्वकप में अब तक अजेय रह कर सेमीफाइनल में अपना स्थान सुरक्षित करने वाली भारतीय टीम रविवार को खचाखच भरे ईडन गार्डन्स पर खिताब की प्रबल दावेदार दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल करने के लिये लगातार आठवीं जीत दर्ज करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

अंकतालिका में शीर्ष स्थान हासिल करने की इस जंग का गवाह बनने के लिये दर्शकों का हुजूम ईडन गार्डन्स की ओर सुबह से ही उमड़ने लगेगा। नंबर एक और नंबर दो टीम के इस रोमांचक मुकाबले में सबकी निगाहें बर्थडे ब्वाय विराट कोहली पर होंगी। कल अपने जन्मदिन पर किंग कोहली के पास अपना 49वां शतक बनाने और सचिन तेंदुलकर के सर्वाधिक एकदिवसीय शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी करने का मौका होगा, जिससे दर्शकों को दोहरा जश्न बनाने का सुनहरा अवसर मिल सकता है।

भारत ने मौजूदा विश्वकप के अब तक खेले गये सभी सात मुकाबले जीते हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका के हाथ इतने ही मुकाबलों में छह जीत नसीब हुयी हैं। जीत हार के इस अंतर को बढ़ाने का दारोमदार कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी पर होगा। भारत अगर पहले दस ओवर में बगैर विकेट खोये रन बनाता है तो उसको बड़े स्कोर पर पहुंचने से रोकना दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों के लिये चुनौती होगी। श्रेयस अय्यर और विराट कोहली के अलावा सूर्य कुमार यादव और रविंद्र जडेजा का योगदान भी इस मुकाबले मे काफी अहम रहने वाला है।



दूसरी ओर मोहम्मद शमी के आने से भारत की तेज गेंदबाजी को धार मिली है। शमी ने पिछले मैचों में अपनी श्रेष्ठता साबित की है वहीं जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को प्रचंड फार्म में चल रहे क्विंटन डिकॉक को जल्द निपटाने की चुनौती होगी। कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा को इनफार्म दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों के रनो की रफ्तार में अंकुश लगाने का जिम्मा होगा। कुल मिला कर दर्शकों को साप्ताहिक अवकाश वाले दिन एक दिलचस्प और रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है। आंकड़ों की बात करें तो भारत और साउथ अफ्रीका के बीच अब तक खेले गये 90 मुकाबलों में भारत के पक्ष में 37 मैच गये है जबकि 50 में दक्षिण अफ्रीका को जीत मिली है। विश्वकप में भी दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा भारी रहा है। दोनो टीमें पांच बार आमने सामने हुयी है जिनमें दक्षिण अफ्रीका ने तीन और भारत ने दो मैच जीते हैं। 2019 के पिछले विश्वकप में कप्तान रोहित शर्मा ने शतक जड़ कर दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों को चेतावनी दी थी।

संभावित टीमें इस प्रकार हैं: **दक्षिण अफ्रीका** :- तेम्बा बावुमा (कप्तान), क्विंटन डीकॉक, रासी वान डेर डुसेन, एडेन मार्करम, हेनरिक क्लासेन, डेविड मिलर, मार्को जानसेन, गेराल्ड कोएत्जी, केशव महाराज, तबरेज शम्सी, कैगिसो रबाडा।

**भारत** : रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, रवींद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज।

## हार्दिक पांड्या विश्व कप से बाहर,प्रसिद्ध कृष्णा टीम में शामिल

**मुंबई।** आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में अब तक अजेय मेजबान भारत को बड़ा झटका लगा है कि स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या अपने टखने की चोट से उबरने में नाकाम रहे हैं और टूर्नामेंट के बाकी मैचों में नहीं खेल पाएंगे। पिछले महीने पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ भारत के विश्व कप मैच के दौरान गेंदबाजी करते समय पंड्या के बाएं टखने में चोट लग गई थी। बीसीसीआई ने अब यह साफ कर दिया है कि 30 वर्षीय खिलाड़ी विश्व कप के शेष अभियान के लिए समय पर ठीक होने में विफल रहे हैं। भारत की टीम में उनकी जगह प्रसिद्ध कृष्णा लेंगे। अनुभवहीन तेज गेंदबाज को शनिवार को टूर्नामेंट की इवेंट टेक्निकल कमेटी द्वारा अनुमोदित किए जाने के बाद प्लेइंग ग्रुप में शामिल किया गया है। कृष्णा ने भारत के लिए सिर्फ 19 एक दिवसीय मैच खेलें हैं। उन्हें आखिरी बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देखा गया था जब उन्होंने विश्व कप से ठीक पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ ओवरों में 1/45 लेकर डेविड वार्नर का बेशकीमती विकेट लिया था। दाएं हाथ का यह बल्लेबाज भारत के तेज आक्रमण में जगह बनाने के लिए जसप्रित बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज जैसे खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने जा रहा है। इवेंट टेक्निकल कमेटी ने शनिवार को भारत के प्रतिस्थापन खिलाड़ी को मंजूरी दे दी, इसका मतलब है कि कृष्णा रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व कप के महत्वपूर्ण मुकाबले के लिए चयन के लिए उपलब्ध हैं।

## आईसीसी विश्वकप 2023 अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | पाइंट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 7 | 7 | 0 | 0 | 14 |
| दक्षिण अफ्रीका | 7 | 6 | 1 | 0 | 12 |
| ऑस्ट्रेलिया | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 |
| न्यूजीलैंड | 8 | 4 | 4 | 0 | 8 |
| पाकिस्तान | 8 | 4 | 4 | 0 | 8 |
| अफगानिस्तान | 7 | 4 | 3 | 0 | 8 |
| श्रीलंका | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 |
| नीदरलैंड | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 |
| बांग्लादेश | 7 | 1 | 6 | 0 | 2 |
| इंग्लैंड | 6 | 1 | 5 | 0 | 2 |

## वर्ल्ड कप से बाहर होने के बाद हार्दिक पांड्या ने लिखा इमोशनल नोट '..बाहर होना बहुत कठिन है'

नई दिल्ली। भारत के हरफनमौला खिलाड़ी हार्दिक पांड्या ने टखने की चोट के कारण आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 में अपना अभियान बीच में रुकने के बाद सोशल मीडिया पर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं और कहा कि इस बात को पचाना बहुत कठिन है कि वह शोपीस इवेंट के शेष भाग को मिस कर देंगे। आईसीसी ने शनिवार को पुष्टि की कि 19 अक्टूबर को बांग्लादेश के खिलाफ लीग मैच के दौरान बाएं टखने की चोट से उबरने में विफल रहने के कारण स्टार ऑलराउंडर को शेष मेगा टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया है। पांड्या ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, इस तथ्य को पचाना मुश्किल है कि मैं विश्व कप के शेष भाग से चूक जाऊंगा। मैं पूरे जोश के साथ टीम के साथ रहूंगा और हर मैच की हर गेंद पर उनका उत्साहवर्धन करूंगा। सभी की शुभकामनाओं और प्यार के लिए धन्यवाद, समर्थन अविश्वसनीय रहा है। यह टीम विशेष है और मुझे यकीन है कि हम सभी को गौरवान्वित करेंगे। पुणे के एमसीए स्टेडियम में 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के भारत के चौथे लीग मैच के दौरान अपनी ही गेंदबाजी पर क्षेत्ररक्षण करते समय अपने बाएं टखने में चोट लगने के बाद 30 वर्षीय खिलाड़ी लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चले गए, और तब से भारतीय लाइन अप का हिस्सा नहीं रहे। इवेंट टेक्निकल कमेटी ने भारतीय टीम में पांड्या के स्थान पर प्रसिद्ध कृष्णा को मंजूरी दे दी है।

# भारत के खिलाफ मैच से अफगानिस्तान को थोड़ा आत्मविश्वास मिला : जोनाथन ट्रॉट

**लखनऊ।** हालांकि पुरुष वनडे विश्व कप 2023 में अफगानिस्तान मेजबान भारत से हार गया, लेकिन मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट का मानना है कि इस मैच ने उनकी टीम को बल्लेबाजी के नजरिए से कुछ आत्मविश्वास दिया, जिसने उन्हें चार मैच जीतने के लिए प्रेरित किया, जिनमें से नवीनतम नीदरलैंड के खिलाफ आ गया। शुक्रवार को एकाना क्रिकेट स्टेडियम में, अफगानिस्तान ने 31.3 ओवर में 180 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा किया, जिससे यह लगातार तीसरा क्लिनिकल रन-चेज़ बन गया और उनकी सेमीफाइनल की उम्मीदें



बरकरार रहीं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि भारत के खिलाफ हमने टीम में थोड़ी फॉर्म देखी। जाहिर तौर पर हम मैच हार गए लेकिन फिर इससे हमें थोड़ा आत्मविश्वास मिला। मैंने कहा था कि हम पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला और फिर एशिया कप में कई करीबी मैच हार चुके हैं।

ट्रॉट ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मैंने सिर्फ इतना कहा कि हमें बस 1-1 या 2 से शुरुआत करने की जरूरत है और हमें वह आत्मविश्वास मिलेगा और हमारे कदमों में थोड़ा सुधार आएगा और हम उन करीबी मैच को जीत सकते हैं लेकिन अगर हमें मौका मिलता है तो मैच पर हावी भी हो सकते हैं। अफगानिस्तान, जो अब अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है, अपने आखिरी दो लीग चरण मैचों में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। कुछ चीजें हैं जिन्हें हमें बेहतर बनाने की आवश्यकता है। हमें मुंबई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले मैच के लिए सुधार करने की जरूरत है।

ट्रॉट ने कहा, लेकिन मैंने बहुत सी अच्छी चीजें भी देखीं जो हमें अगले दो मैचों में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका जैसी टीमों के खिलाफ अच्छी स्थिति में खड़ा करेंगी। काम करने के लिए बहुत कुछ है, लेकिन खुश होने के लिए भी बहुत कुछ है और कल एक और जीत और दो दिनों के अभ्यास के साथ मुंबई के लिए उड़ान भरने और मैच के लिए तैयार होने को लेकर उत्साहित हूं।

कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी और रहमत शाह के बीच साझेदारी के बारे में बात करते हुए, जिन्होंने अब पाकिस्तान, श्रीलंका और नीदरलैंड के खिलाफ क्रमश: नाबाद 96, 58 और 74 रनों की साझेदारी की है, ट्रॉट ने कहा, यह सिर्फ खुद को अंदर लाने और स्कोर बनाने को न भूलने के बारे में है। वे सकारात्मक रहने की कोशिश कर रहे हैं और बाउंड्री लगाने की कोशिश कर रहे हैं और अपने कौशल के माध्यम से गेंदबाज पर अपने तरीके से दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं, फिर इंतजार कर रहे हैं और सुनिश्चित कर रहे हैं, जब उन्हें बाउंड्री लगाने का मौका मिलता है तो उसका फायदा उठाते हैं। मैंने सोचा कि जिस तरह से उन्होंने खेला - रहमत को बहुत निराशा हुई कि आपको अंत में पता नहीं चला। लेकिन मुझे लगा कि अज़मत जिस तरह से आये और अच्छा खेला वह शानदार था। वहां कप्तान को विजयी रन बनाते हुए और फिर से बल्लेबाजी करते हुए देखना अच्छा है। अफगानिस्तान पिचों की प्रकृति को पहचानने और उसके अनुसार अपने गेंदबाजी संयोजन में बदलाव करने में भी बहुत अच्छा रहा है। पाकिस्तान के खिलाफ चार स्पिनरों को खिलाने के बाद, अफगानिस्तान ने बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर नूर अहमद को शामिल किया।

# वर्षा और फखर ने जिंदा रखा पाकिस्तान की उम्मीद को

- डकवर्थ लुईस नियम के सहारे पाकिस्तान ने 21 रनों से जीता मुकाबला
- पॉइंट टेबिल में पाकिस्तान अब पांचवे नम्बर पर पहुंचा

**बेंगलुरु।** फखन जमान (126 नाबाद) के तूफानी शतक और वर्षा की बदौलत पाकिस्तान ने शनिवार को विश्वकप के मौसम बाधित मुकाबले में न्यूजीलैंड को डीएलएस पद्धति के आधार पर 21 रन से हरा कर सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को जीवित रखा।

रचिन रविंद्र (108) और कप्तान केन विलियम्सन (95) के बीच 180 रन की साझीदारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने आईसीसी विश्वकप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुये पाकिस्तान को जीत के लिये 402 रन का विशाल लक्ष्य दिया था। पाकिस्तान ने लक्ष्य का पीछा करते हुये एक विकेट पर 200 रन बना भी लिये थे कि इस बीच बारिश के कारण आगे का खेल संभव नहीं हो सका जिसके बाद डीएलएस पद्धति का सहारा लिया गया जिसमें पाकिस्तान को 21 रन से विजयी घोषित किया गया।

पाकिस्तान को विश्वकप मे बने रहने के लिये यह मैच जीतना बेहद जरूरी था। पाकिस्तान की इस जीत के नायक फखर जमान बने जिन्होने महज 81 गेंदो में आठ चौके और 11 छक्के उड़ा कर विशाल लक्ष्य को बौना साबित कर दिया। उनके इस काज में कप्तान बाबर आजम का भरपूर सहयोग मिला जिन्होने एक छोर पर 93 मिनट बिताये और अपनी टीम को 66 रनो का योगदान दिया। दोनो ही बल्लेबाज नाबाद रहे। इससे पहले एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर भारतीय मूल के 23 वर्षीय खिलाड़ी रचिन ने मौजूदा विश्व कप मे अपना तीसरा शतक जड़ा। अपने ननिहाल बैंगलुरू में रचिन ने अपनी बेमिसाल बल्लेबाजी से स्टेडियम में बैठे भारतीय दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी।



रचिन अब तक विश्वकप में 523 रन बना चुके है और दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डीकॉक के बाद विश्व कप में अब तक वे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी है। उनके पहले दो शतक इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया के खिलाफ आये थे। वहीं चोट से उबरने के बाद मैदान पर वापसी कर रहे विलियम्सन ने नवोदित बल्लेबाज का बखूबी साथ देते हुये पाकिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ दी। विलियम्सन हालांकि अपने 14वें वन डे शतक से पांच रन से चूक गये। वह इफ्तिखार अहमद की गेंद को छक्के में तब्दील करने के प्रयास में लांग आफ में खड़े फखर जमान के हाथों लपके गये।

रचिन रविन्द्र पारी के 36वें ओवर में मोहम्मद वसीम का शिकार बने जिसके बाद भी पाकिस्तान के गेंदबाज कीवी बल्लेबाजों के रनो की रफ्तार को नहीं रोक सके। वसीम 60 रन पर तीन विकेट लेकर सबसे सफल और किफायती गेंदबाज रहे जबकि स्ट्राइक बॉलर शाहीन शाह अफरीदी ने 90 और हारिस रउफ ने 85 रन लुटाये। दोनो को एक एक विकेट मिला। मैच से पहले पाकिस्तान की तुरूप का इक्का समझे जाने वाले हसन अली भी 82 रन देकर सिर्फ एक विकेट ही हासिल कर सके।

## सार संक्षेप

### बाधा दौड़ एथलीट धवल उतेकर की नजरें अब भारतीय कैंप पर

**पणजी।** 37वें राष्ट्रीय खेलों में 400 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक जीतने वाले गुजरात के उभरते हुये युवा एथलीट धवल उतेकर ने अब अपनी नजरे भारतीय कैंप पर टिका दी हैं। वडोदरा के 23 वर्षीय धावक ने कहा, यह मेरे लिए करो या मरो वाली स्थिति थी। यह मेरी क्षमता दिखाने की आखिरी घरेलू दौड़ थी। मैं यहां गोवा में स्वर्ण पदक जीतना चाहता था। मैं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप या हांग्झोऊ एशियाई खेलों दोनों के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाया और यह मानसिक रूप से बहुत कठिन था। बम्बोलिम एथलेटिक्स स्टेडियम में 400 मीटर बाधा दौड़ के फाइनल में सर्विसेस के निखिल भारद्वाज ने उन्हें कड़ी टक्कर दी, लेकिन धवल अपने प्रतिद्वंद्वियों से आगे फिनिश लाइन पार करने में सफल रहे। उनका स्वर्ण पदक जीतने का समय 51.20 सेकंड था, जबकि भारद्वाज ने रजत पदक के लिए 51.50 सेकंड का समय निकाला। विजय सिंह मलिक (सर्विसेस) 51.67 सेकंड के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

### वायु प्रदूषण के कारण श्रीलंका-बांग्लादेश मैच के लिए स्थिति का आकलन किया जा रहा है : आईसीसी

नई दिल्ली। श्रीलंका ने वायु प्रदूषण के कारण शनिवार को यहां अरुण जेटली स्टेडियम में अपना अभ्यास सत्र रद्द कर दिया, इसके ठीक एक दिन पहले बांग्लादेश ने शुक्रवार शाम को इसी कारण से अपना अभ्यास सत्र रद्द कर दिया था। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा कि दोनों टीमों के बीच सोमवार को होने वाले लीग मैच की स्थिति का फिलहाल आकलन किया जा रहा है।

# क्विंटन डी कॉक विश्व कप में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ खेल रहे हैं : एबी डिविलियर्स

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स का मानना है कि वह मौजूदा 2023 आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के दौरान एक वैश्विक टूर्नामेंट में सलामी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देख रहे हैं।

डी कॉक ने चार शतक लगाए हैं - जो पुरुष वनडे विश्व कप में किसी एक खिलाड़ी द्वारा लगाए गए दूसरे सबसे ज्यादा शतक है। कुल मिलाकर, उन्होंने सात पारियों में 545 रन बनाए हैं, जो टूर्नामेंट के एक संस्करण में किसी भी दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज द्वारा बनाये गए सबसे अधिक रन हैं। आईसीसी ने डिविलियर्स के हवाले से कहा,,मुझे लगता है कि यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ है जिसे मैंने विश्व कप में खेलते हुए देखा है। वह निश्चित रूप से घर पर लगता है, उसके पास साबित करने के लिए एक बिंदु है और जब वह ऐसा कर रहा होता है तो वह शांत दिखता है। दक्षिण अफ्रीका को ठोस शुरुआत देने के लिए हमें उसकी जरूरत है जितनी बार संभव हो सके वह उतनी बार करें क्योंकि अगर हमें वह ठोस शुरुआत मिलती है तो यह वास्तव में मध्य



ओवर के लिए अच्छा है।

विश्व कप में डी कॉक के चार शतकों का मतलब है कि बाएं हाथ के इस बल्लेबाज के नाम अब 21 एकदिवसीय शतक हैं, जो 13 साल से अधिक के अपने अंतरराष्ट्रीय खेल करियर के दौरान डिविलियर्स द्वारा बनाए गए 25 शतकों से चार कम हैं। दक्षिण अफ्रीका को अंक तालिका में दूसरे स्थान पर रखने में उनकी फॉर्म एक बड़ा कारक रही है। डिविलियर्स ने कहा, जब से मैंने उसे पहले दिन से खेलते हुए देखा है, तब से वह हमेशा मेरे लिए बहुत खास रहा है। क्विनी ने दिखाया कि वह किसी भी अन्य से एक स्तर ऊपर है। मैंने वास्तव में कभी किसी को गेंद को लगातार ऊपर की तरफ हिट करते नहीं देखा, जैसा वह करता है और उसने किया है। हां, यहां या वहां एक या दो असफलताएं मिलीं, लेकिन उनमें हमेशा वापसी करने की क्षमता रही है।

डिविलियर्स का मानना है कि प्रोटियाज टीम अपने इतिहास में पांचवीं बार विश्व कप के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने की राह पर है और उन्हें इस बार भी आगे बढ़ने की उम्मीद है। वनडे विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका का अगला मैच रविवार को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में भारत के खिलाफ है।

फिलहाल बल्लेबाजी क्रम वास्तव में अच्छा है, और एक-दूसरे और गेंदबाजों पर पूरा भरोसा है। टूर्नामेंट की शुरुआत में जिन सभी पर संदेह किया जा रहा था, वे फॉर्म में दिखना शुरू कर रहे हैं, इसलिए कुल मिलाकर, चीजें एक साथ आ रही हैं और उम्मीद है कि हम सभी तरह से आगे बढ़ेंगे।

## आस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को दिया 287 रन का लक्ष्य



**अहमदाबाद।** स्टीव स्मिथ (44),मार्नस लाबुशेन (71) और कैमरन ग्रीन (47) की टिकाऊ पारियों के बावजूद आस्ट्रेलिया विश्वकप मुकाबले में शनिवार को इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे 49.3 ओवर में 286 रनों पर ढेर हो गयी। नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में आस्ट्रेलिया की पारी को समेटने में क्रिस वोक्स (54 रन पर चार विकेट) और आदिल रशीद (38 रन पर दो विकेट) की भूमिका महत्वपूर्ण रही। विश्व कप से पहले ही बाहर हो चुकी इंग्लैंड के गेंदबाजों ने आज अनुशासित गेंदबाजी का मुजाहिरा किया जिसके चलते कंगारू बल्लेबाजों को खुल कर खेलने में परेशानी का सामना करना पड़ा। वोक्स ने डेविड वार्नर (15) और ट्रेविस हेड (11) की सलामी जोड़ी को जल्द विदा कर आस्ट्रेलियाई खेमे में सनसनी मचा दी। हालांकि स्मिथ और लाबुशेन ने स्कोरबोर्ड को तेजी से चलाया। स्मिथ आदिल रशीद की फिरकी को उड़ाने के प्रयास में थर्ड मैन पर खडे मोइन अली को कैच थमा बैठे। नये बल्लेबाज जॉश इंग्लिस (3) भी रशीद का शिकार बने। खतरनाक साबित हो रहे लाबुशेन को मार्क वुड ने पगबाधा आउट किया। कैमरन ग्रीन का साथ देने आये मार्कस स्टॉयनिस (35) ने टीम के स्कोर को 241 पर पहुंचाया। कप्तान पैट कमिंस (10) और मिचेल स्टार्क (10) रनो की रफ्तार बढाने के प्रयास में अपना विकेट गंवा बैठे हालांकि एडम जम्पा ने आखिरी ओवरो में चार चौको की मदद से 29 महत्वपूर्ण रन जोड़े।

## सुडोकू 6367 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 1 | 6 | 9 | 2 | 8 | 4 | 7 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 6 | 9 | 3 |
| 9 | 6 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 2 | 1 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 9 | 1 | 6 | 8 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 1 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 3 | 9 |
| 1 | 4 | 5 | 9 | 2 | 8 | 3 | 7 | 6 |
| 2 | 8 | 6 | 7 | 4 | 3 | 9 | 1 | 5 |
| 7 | 9 | 3 | 5 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 |

SENSEX BSE 64363.78 ▲ 282.88 19230. 60 ▲ 97.35 MCX Gold 61025 ▲ 114 silver 72287 ▲ 887

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

## आरबीआई ने फेडरल बैंक समेत पांच पर लगाया जुर्माना

नई दिल्ली। आरबीआई नियामक मानदंडों का अनुपालन नहीं करने पर पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) और फेडरल बैंक समेत चार पर जुर्माना लगाया है। पीएनबी पर कर्ज पर ब्याज दर और बैंकों में ग्राहक सेवा से जुड़े प्रावधानों का पालन नहीं करने के लिए 72 लाख रुपये जुर्माना लगाया गया है। फेडरल बैंक पर केवाईसी मानदंडों के कुछ प्रावधानों के उल्लंघन पर 30 लाख का जुर्माना लगा है। मर्सिडीज-बेंज फाइनेंशियल सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लि. (पहले डेमलर फाइनेंशियल सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लि.) पर भी 10 लाख जुर्माना लगा है। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी कोसामट्टम फाइनेंस लि., कोट्टायम पर 13.38 लाख का दंड लगाया गया है।






## एसबीआई का शुद्ध लाभ बढ़ा, दूसरी तिमाही में 16,099 करोड़ हुआ

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 9.13 प्रतिशत वृद्धि के साथ 16,099.58 करोड़ रुपए हो गया। कंपनी ने शनिवार को यह जानकारी दी। बैंक ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 14,752 करोड़ रुपए का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया था।बैंक ने बताया कि एकल आधार पर उसका शुद्ध लाभ समीक्षाधीन तिमाही में 14,330.02 करोड़ रुपए रहा है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 13,264.52 करोड़ रुपए रहा था। आलोच्य तिमाही में बैंक की कुल आमदनी 1.12 लाख करोड़ रुपए रही, जो सितंबर, 2022 तिमाही में 88,733 करोड़ रुपए रही थी। एसबीआई के पास कुल बाजार का 5वां हिस्सा है और देश में इसका सबसे बड़ा नेटवर्क है। सितंबर, 2023 के अंत में बैंक का सकल एनपीए (गैर निष्पादित संपत्तियां) घटकर सकल कर्ज के मुकाबले 2.55 प्रतिशत हो गया, जो पिछले साल सितंबर अंत में 3.52 प्रतिशत और चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के अंत में 2.76 प्रतिशत था।

## सीमेंट की कीमतों में उछाल, भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग करेगा मामले की जाँच



*नई दिल्ली। सीमेंट कीमतों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है, जिससे निर्माण लागत बढ़ रही है। इस बढ़ोतरी को लेकर लगातार आरोप लग रहे हैं कि सीमेंट कंपनियां मिलीभगत कर रही हैं। इस मामले में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने पूरे देश में सीमेंट सेक्टर की जांच करने का फैसला किया है।*

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने कहा है कि सीमेंट निर्माण और बुनियादी ढांचे के लिए एक महत्वपूर्ण इनपुट है। इन क्षेत्रों में कई अन्य उद्योग भी जुड़े हुए हैं। इसलिए, सीमेंट की कीमतों में बढ़ोतरी से देश की अर्थव्यवस्था पर बड़ा असर पड़ सकता है। आयोग सीमेंट की कीमतों, उत्पादन लागत, क्षमता, क्षमता उपयोग और लाभों का अध्ययन करेगा। यह यह भी पता लगाएगा कि कीमतों में बढ़ोतरी के क्या कारण हैं।

सितंबर में, सीमेंट कंपनियों ने कीमतों में 12 से 13प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी। कंपनियों ने कहा था कि यह बढ़ोतरी लागत में बढ़ोतरी के कारण हुई है। हालांकि, कई लोगों का मानना है कि यह बढ़ोतरी मिलीभगत के कारण हुई है।

## त्यौहारी सीजन में एसी से लेकर फ्रिज और कार पर खुले हाथों से खर्च कर रहे हैं भारतीय

### खर्च के मामले में फैशन नंबर वन

*नई दिल्ली। त्यौहारी सीजन पूरे देश में जोरों पर है. अगले एक सप्ताह के दौरान धनतेरस और दिवाली जैसे त्योहार मनाए जाने वाले हैं. हर साल की तरह इस बार भी त्योहारी सीजन में भारतीय जमकर खरीदारी कर रहे हैं.एक हालिया रिपोर्ट में भारतीयों के खर्च के पैटर्न के बारे में जानकारी दी गई है. रिपोर्ट की मानें तो इस बार के फेस्टिव सीजन में भारतीयों का खर्च एसी से लेकर फ्रिज और कार जैसी नॉन-इसेंशियल चीजों पर बढ़ा हुआ है.*



**पिछले महीने की तुलना में इतनी वृद्धि** - यह रिपोर्ट तैयार की है कंज्यूमर डेटा इंटेलीजेंस कंपनी एक्सिस माय इंडिया ने. एक्सिस माय इंडिया ने साथ ही इंडिया कंज्यूमर सेंटिमेंट इंडेक्स का ताजा संस्करण भी जारी किया है. इंडेक्स के अनुसार, भारतीय परिवारों के ओवरऑल हाउसहोल्ड स्पेंड में तेजी देखी जा रही है. 60 फीसदी परिवारों के ऐसे खर्च बढ़े हुए हैं. यह पिछले महीने की तुलना में 7 फीसदी ज्यादा है. इसे पता चलता है कि त्योहारी सीजन में अब ज्यादा परिवार खरीदारी में जुटे हैं.

इंडेक्स में बताया गया है कि जैसे-जैसे दिवाली पास आ रही है, खर्च करने के बारे में लोगों का मन उदार होता जा रहा है. सर्वे में 25 फीसदी लोगों ने बताया कि वे फेस्टिव सीजन के दौरान अपनी खरीदारी को बढ़ाने की तैयारी कर रहे हैं. कैटेगरी के हिसाब से देखें तो फैशन नंबर वन बनकर उभरा है. 67 फीसदी लोगों ने बताया कि वे कपड़े-लत्ते व फैशन की अन्य चीजों पर खर्च कर रहे हैं.

**इस तरह से बढ़ा परिवारों का खर्च** - रिपोर्ट के अनुसार, पर्सनल केयर और घर के सामानों जैसी इसेंशियल चीजों पर 44 फीसदी परिवारों का खर्च बढ़ा है. यह पिछले महीने की तुलना में 1 फीसदी ज्यादा है. वहीं 8 फीसदी परिवारों के लिए एसी, फ्रिज और कार जैसी नॉन-इसेंशियल चीजों पर खर्च बढ़ा है. वहीं हेल्थ व खान-पान से जुड़ी चीजों पर 37 फीसदी परिवारों का खर्च बढ़ा है।

## पीएनबी ने एफडी दरों में किया इजाफा




*नई दिल्ली। एफडी कराने वाले निवेशकों के लिए खुशखबरी है। सरकारी क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक की ओर से दो करोड़ रुपये से कम की चुनिंदा अवधि की एफडी की ब्याज दरों में 0.50 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की गई है।*

इस बढ़ोतरी के बढ़ोतरी के बाद बैंक की ओर से 7 दिन से 10 वर्ष की अवधि की एफडी पर सामान्य नागरिकों को 3.5 प्रतिशत से लेकर 7.25 प्रतिशत, वरिष्ठ नागरिकों को 4.0 प्रतिशत से लेकर 7.75 प्रतिशत और अतिवरिष्ठ नागरिकों को 4.3 प्रतिशत से लेकर 8.05 प्रतिशत का ब्याज दिया जा रहा है। पीएनबी की वेबसाइट के अनुसार, ये बढ़ी हुई ब्याज दरें 1 नवंबर, 2023 से लागू हो गई है।

**किन-किन अवधि की एफडी ब्याज दरों में हुआ बदलाव?** - पीएनबी की ओर से 180 दिनों से लेकर 270 दिनों की एफडी पर ब्याज को 6.25 प्रतिशत कर दिया है जो पहले 5.8 प्रतिशत था। वहीं, 271 दिनों से लेकर एक वर्ष से कम की अवधि की एफडी पर ब्याज दर को बढ़ाकर 6.25 प्रतिशत कर दिया गया है, जो कि पहले 5.8 प्रतिशत था। बैंक की ओर से अधिकतम ब्याज 444 दिनों की एफडी पर दिया जा रहा है। इसमें सामान्य निवेशकों को 7.25 प्रतिशत, वरिष्ठ निवेशकों को 7.75 प्रतिशत और अति-वरिष्ठ निवेशकों को 8.05 प्रतिशत का ब्याज दिया जा रहा है।

## सीतारमण ने श्रीलंका-भारत के बीच रुपये में व्यापार शुरू करने के लिए एसबीआई की सराहना की

*कोलंबो। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को श्रीलंकाई रुपया-भारतीय रुपया के बीच सीधे व्यापार शुरू करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की सराहना की।*



एसबीआई श्रीलंका में पहला विदेशी बैंक है, जो सफलतापूर्वक यह सेवा मुहैया करा रहा है। सीतारमण श्रीलंका की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। उन्होंने उत्तरी प्रांत के गवर्नर पी एस एम चार्ल्स के साथ जाफना में दूसरी एसबीआई शाखा का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान एसबीआई के चेयरमैन दिनेश खारा और श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त गोपाल बागले भी मौजूद थे।

वित्त मंत्रालय ने एक्स पर लिखा, केंद्रीय वित्त मंत्री ने श्रीलंका में प्रत्यक्ष एलकेआर-आईएनआर व्यापार सफलतापूर्वक शुरू करने वाला पहला विदेशी बैंक बनने के लिए एसबीआई की सराहना की। मंत्रालय ने कहा कि इस पहल को स्थानीय कॉरपोरेट के बीच लोकप्रियता मिली है और साथ ही श्रीलंका के आयातकों ने अमेरिकी डॉलर पर निर्भर हुए बिना श्रीलंकाई अर्थव्यवस्था को महत्वपूर्ण समर्थन दिया है। सीतारमण ने कहा कि जाफना की शाखा श्रीलंका के उत्तरी प्रांतों में उभरती व्यावसायिक संभावनाओं को पूरा करेगी। वित्त मंत्री ने बृहस्पतिवार को त्रिंकोमाली में एक और एसबीआई शाखा का उद्घाटन किया था।

## एयर इंडिया अपने बेड़े में 30 नए विमान करेगी शामिल, चार नए अंतरराष्ट्रीय डेस्टिनेशंस के लिए शुरू करेगी फ्लाइट

*नई दिल्ली। टाटा समूह के नेतृत्व वाली एयरलाइन एयर इंडिया आने वाले छह महीने में अपने बेड़े में 30 नए विमान को शामिल करेगी। एयरलाइन इसके साथ ही चार नए इंटरनेशनल डेस्टिनेशन भी जुड़ जाएगी। पैसेंजर्स को इन नए चार लोकेशन के लिए फ्लाइट बुकिंग का मौका मिलेगा। एयरलाइन ने कहा कि उत्तरी अमेरिका, यूरोप और दक्षिण पूर्व एशिया में अंतरराष्ट्रीय विस्तार की योजना बनाई गई है।*

**शीतकालीन कार्यक्रम की खास तैयारी** - बेड़े के विस्तार करने की कोशिशों के बारे में जानकारी देते हुए एयरलाइन ने कहा कि वह शीतकालीन कार्यक्रम के हिस्से के रूप में मार्च 2024 तक अपने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय रूट नेटवर्क में 400 से ज्यादा साप्ताहिक फ्लाइट्स जोड़ने का इरादा रखती है। शीतकालीन कार्यक्रम 2023 अगले वर्ष 29 अक्टूबर से 30 मार्च तक प्रभावी है।

**घरेलू रूट पर 200 से अधिक साप्ताहिक फ्लाइट्स** - एयर इंडिया की अपनी तैयारी के मुताबिक, अगले छह महीनों में नए विमानों की डिलीवरी के आधार पर, कई घरेलू रूट पर 200 से अधिक साप्ताहिक फ्लाइट्स जोड़ने का है। एक विज्ञप्ति में कहा गया कि अब और मार्च 2024 के बीच, एयर इंडिया को अपने बेड़े में 30 से ज्यादा वाइड बॉडी और नैरो बॉडी विमान शामिल करने की उम्मीद है, जिसमें छह ए350, चार बी777 और 20 ए320 नियो शामिल हैं।

**बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए कोशिशें लगातार जारी** - एयर इंडिया के सीईओ और एमडी कैंपबेल ने कहा कि हमारे बेड़े का मॉडर्नाइजेशन और नए प्रोडक्ट्स और सेवाओं को पेश करना एयर इंडिया की चल रही परिवर्तन यात्रा में पहली प्राथमिकता है। हम बाजार में तेजी से बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपने रूट नेटवर्क को और विस्तारित करने पर भी समान रूप से ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।


देशबन्धु

ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

टेलर्स वारिस

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596

मो.-9424392281, 9425152707

देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

बिना ऑपरेशन

डॉ. विश्वास

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे

मो: 9827042596

देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।



महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338

प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 13000-14000, मीडियम बोल्ड 15000-16000, फाइन 17000-17500, एक्स्ट्रा बोल्ड 17500-18000, चना दाल एवरेज 7400-7600 चना दाल मार्का 7600-7800, मसूर दाल एवरेज 7800-8000, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 11000-12000, फाइन 12500-13000, उड़द धुली 11500-12500, फाइन 13000-13500, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 10000-10200, मूंगदाल धुली 10500-10800, फाइन 10800-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3400, बीपीटी चालू 3200-3400, फाइन 4000-4200,एचएमटी-5000-5300 फाइन-5500-5800 दुबराज भाटापारा 5000-5200, जेजेएल चालू 5500-6000, फाइन 6000-6500, बासमती कनकी चालू 3000-3500, बासमती कनकी मीडियम 4000-4500, बेस्ट 4500-5500, मोगरा- 4000-4500, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-8000, बासमती 10000-11000, बेस्ट 12000-12500 पोहा- 4000-4200, फाइन 4200-4400, मुरमुरा- 5800-6500, फाइन- 7000-7500, रु.- लाई- 6000-6500 रु., फाइन- 8000-8500 रु.।


## कपड़ा निर्यात 2030 तक 40 अरब अमेरिकी डॉलर पहुंचने की उम्मीद : एईपीसी

**नई दिल्ली।** नए गंतव्यों की खोज और रणनीतिक साझेदारी को बढ़ावा देने जैसी पहलों के दम पर परिधान निर्यात 2030 तक 40 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। एईपीसी ने यह बात कही।

भारतीय कपड़ा निर्यात संवर्धन परिषद के चेयरमैन नरेन गोयनका ने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए परिषद नवाचार, बाजार तथा उत्पादों के विस्तार और पर्यावरण के अनुकूल व्यापार गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। एक बयान में कहा, 'हमने 2030 तक 40 अरब अमेरिकी डॉलर का परिधान निर्यात हासिल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। इसे '30 में 40' नाम दिया गया है।

यह वर्तमान दशक में नई ऊंचाइयों तक पहुंचने और सीमाओं को बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।' गोयनका ने कहा कि वाणिज्य एवं उद्योग तथा कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल नौ दिसंबर को यहां तैयार कपड़ों के परिधान निर्यातकों को निर्यात पुरस्कार प्रदान करेंगे। यह पुरस्कार आधुनिक उद्यमों के निर्माण में भारतीय परिधान निर्यातकों द्वारा किए गए योगदान को मान्यता देता है। गोयनका ने कहा, 'हमारे अंतरराष्ट्रीय व्यापार की वृद्धि में योगदान देने के अलावा, इन निर्यातकों ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार समुदाय के एक प्रगतिशील सदस्य के रूप में भारत की बेहतर छवि बनाने में योगदान दिया है। ये भारतीय निर्यातकों की भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा हैं।' वित्त वर्ष 2023-24 के अप्रैल-सितंबर में तैयार कपड़ों का निर्यात 6.92 अरब अमेरिकी डॉलर था,।


सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095

सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 62200 चांदी टंच-73600 चांदी रिफाइन -74200

दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-

मो. 9425860998,9826307100

सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 62200 चांदी टंच-73600

चांदी रिफाइन -74200


### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83.28 |
| एक यूरो | 89. 39 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 103 . 10 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54. 23 |
| एक जापानी येन | 00. 55 |


परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने

फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 78 प्रति कि.

जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 100 प्रति कि.

जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-110 नेट प्रति किलो

जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -75 नेट प्रति किलो

जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. प्रति किलो

(जिंदा थोक फार्म रेट)

अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070

भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6700, 6 एम एम 6700, 8 एम एम 6200, 10 एम एम 6050,12 एम एम, 6000 एवं 16 एम 6000 रु.। तार- 75 रु. किलो।



अनुलग्नक 47

प्रारूप C-1 से C-8 तथा CA

प्रारूप C-1

आपराधिक प्रकरणों संबंध में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटेरेस्ट फाउंडेशन और ओर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता: पंकज सिंह तेकाम, निवासी वार्ड नम्बर 11, डिण्डौरी

राजनैतिक दल का नाम : भारतीय जनता पार्टी

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)

निर्वाचन का नाम : मध्यप्रदेश विधानसभा

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : 104 डिण्डौरी अ.ज.जा.

मैं पंकज सिंह तेकाम (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिये अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषणा करता हूँ

(A) लंबित अपराधिक प्रकरण

| क्रम सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओ) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमान मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डिण्डौरी | अपराधिक प्रकरण क्रमांक 1348/18 | लंबित है | 188/34 भादवि |
| 2 | श्री न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी डिण्डौरी | अपराधिक प्रकरण क्रमांक 08/19 | लंबित है | 147, 148, 149, 452 भादवि |

(B) दंडनीय अपराधों के लिये सजा के प्रकरणों का विवरण

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियां) | कार्यालय (यों) और लगाई गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| 1 | निरंक | निरंक | निरंक |

राज्य परिषद के निर्वाचन या विधायकों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन की स्थिति में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।



अनुलग्नक 47

प्रारूप C-1 से C-8 तथा CA

प्रारूप C-1

आपराधिक प्रकरणों संबंध में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) नम्बर. 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटेरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्श बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता: ओम प्रकाश धुर्वे निवासी रूसा तहसील बजाग जिला डिण्डौरी

राजनैतिक दल का नाम : भारतीय जनता पार्टी

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)

निर्वाचन का नाम : मध्यप्रदेश विधानसभा

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : 103 शहपुरा अ.ज.जा.

मैं ओम प्रकाश धुर्वे (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषणा करता हूँ

(A) लंबित अपराधिक प्रकरण

| क्रम सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओ) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मान. उच्च न्यायालय जबलपुर | एमसीआरसी/ 2335/2015 अभ्यर्थी को विचारण न्यायालय द्वारा दोषमुक्त घोषित किया गया है किन्तु मध्यप्रदेश राज्य द्वारा विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त कार्यालय भोपाल ने माननीय उच्च न्यायालय में अपील प्रस्तुत की है। | लंबित है | 13 (1) (डी) सहपठित धारा 13 (2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988, सहपठित धारा 120 ख का भादवि |

(B) दंडनीय अपराधों के लिये सजा के प्रकरणों का विवरण

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियां) | कार्यालय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| 1 | निरंक | निरंक | निरंक |


## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का शुद्ध लाभ 35 प्रतिशत बढ़कर 751 करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के निदेशक मंडल की हाल ही में बैठक समाप्त हुई। इस दौरान 30 सितंबर, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए गैर-ऑडिट फाइनेंशियल रिजल्ट्स को मंजूरी दे दी गई। लाभप्रदता (प्रोफिटेबिलिटी) - कोर ऑपरेटिंग इनकम में सुदृढ़ वृद्धि के चलते नेट प्रॉफिट 35 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में 751 करोड़ रु. हो गया, जो कि वित्त वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही में 556 करोड़ रु. था। कोर ऑपरेटिंग प्रॉफिट (ट्रेडिंग लाभ को छोड़कर प्री प्रोविज़न ऑपरेटिंग प्रॉफिट) सालाना 38 प्रतिशत की शानदार वृद्धि के साथ वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में 1,456 करोड़ रु. हो गया, जो कि वित्त वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही में 1,052 करोड़ रु. था नेट इंटरेस्ट इनकम 32 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में 3,950 करोड़ रु. हो गई, जो कि वित्त वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही में 3,002 करोड़ रु. थी नेट इंटरेस्ट मार्जिन (आईबीपीसी और बिक्री का ग्रॉस) वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही में 6.32त्न था।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# गुरंदी क्षेत्र में 6 वर्षीय दलित मासूम के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार



**जबलपुर, देशबन्धु।** बेलबाग थाना अंतर्गत गुरंदी क्षेत्र के बांस बल्ली मार्केट वंशकार मोहल्ला में बीती रात एक 6 साल के मासूम बच्चे के साथ दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक मासूम बाहर मैदान में खेल रहा था।

इसी दौरान एक अज्ञात युवक ने मासूम को बहला फुसलाकर अंजान जगह पर ले जाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दे दिया। जिसके बाद युवक वहां से भाग निकला। काफी देर तक जब बच्चा नहीं मिला तो परिजनों ने उसकी तलाश की, जो लहूलुहान अवस्था में उन्हें मैदान में मिला। बताया जा रहा है कि बच्चा दलित परिवार का है। परिजनों ने इसकी शिकायत बेलबाग थाने में दी। परिजनों का पुलिस पर आरोप है कि शिकायत दर्ज कराने आये तो पुलिस ने उल्टा उन पर लाठीचार्ज कर दिया। हालांकि सीएसपी पंकज मिश्रा का कहना है कि लाठीचार्ज जैसी कोई स्थिति नहीं थी। मामले की गंभीरता को देखते हुये आरोपी को तत्काल हिरासत में लिया गया है। जिससे पूछताछ की गई है। वहीं 6 वर्षीय बालक को इलाज के लिये जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जहां क्षेत्रीयजनों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर हंगामा किया। इस संबंध में क्षेत्रीय निवासी ने बताया कि क्षेत्र में ही एक फ्लॉवर वाले सौरभ यादव हैं उनके यहां का एक कर्मचारी है जिसने इस बच्चे के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस का कहना है कि बच्चे के भर्ती करा दिया गया है रिपोर्ट आने के बाद विधिवत कार्यवाही की जायेगी।

## क्षेत्रीय जन पहुंचे थाने मचा हंगामा

घटना से क्षेत्र में सनसनी मच गई। जिसके बाद क्षेत्रीयजनों ने थाना में पुलिस से घटना की शिकायत की। इसी बीच बच्चे के साथ हुई घटना से आक्रोशित जनों ने थाने में हंगामा मचा दिया। क्षेत्रीय जनों का कहना था कि आरोपी पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाये।

थाने में हंगामे की खबर मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी बेलबाग थाना पहुंचे और परिजनों को मामले में आरोपी पर सख्त कार्रवाई का आश्वसन दिया और क्षेत्रीयजनों के बयानों के आधार पर अरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जिससे पूछताछ की जा रही है।

# मध्यप्रदेश के 4 संभाग में भूकम्प के झटके, जबलपुर में 3.09 तीव्रता मापी गई

**जबलपुर, देशबन्धु।** नेपाल में बीती रात 11.32 बजे के लगभग 6.4 की तीव्रता से आए भूकम्प का असर म.प्र. के जबलपुर सहित भोपाल, सागर व रीवा में रहा। यहां पर लोगों ने भूकम्प के झटके महसूस किए है, यह हलचल कुछ सेकेंड की महसूस की गई।

मौसम विशेषज्ञों की मानें तो भोपाल के नए व पुराने शहर, कोलार, भेल टाउनशिप सहित अन्य क्षेत्रों में 11.30 बजे के लगभग लोगों ने भूकम्प झटके महसूस किए हैं।



जबलपुर के घने इलाकों में लोगों ने भूकम्प के कारण कंपन महसूस किया है, यहां पर भूकम्प की तीव्रता 3.06 मापी गई है, यहां पर भी घरों की पहली, दूसरी व तीसरी मंजिल में रहने वालों ने झटके महसूस किए हैं, जबलपुर की विजय नगर, यादव कॉलोनी सहित अन्य क्षेत्रों में तो कुछ देर के लिए लोग घरों बाहर निकल आए थे।

इसी तरह रीवा, आगर, मालवा, मुरैना व ग्वालियर में भी लोगों को भूकम्प का अहसास हुआ है। सतना की विराट नगर कॉलोनी में ऊपरी मंजिलों में रहने वालों को भूकम्प का अहसास हुआ है। कुछ पल के लिए हुए कम्पन से लोग घबरा गए, यहां तक तो कई लोग अपने घरों से बाहर निकल आए थे।

# ओएफके में विस्फोटक से भड़की आग, एक कर्मी के हाथ जले





**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर के सुरक्षा संस्थानों में लगातार हो हादसे चर्चा का विषय बने हुये हैं। बीते दिनों सीओडी में एक आउटसोर्स कर्मी का विस्फोट के कारण हाथ के आधा हाथ ही उड़ गया था। जिसकी जांच चल रही है। इसी बीच शनिवार की सुबह आयुध निर्माणी खमरिया (ओएफके) में एफ-9 सेक्शन में हुए हादसे में एक कर्मी बुरी तरह से झुलस गया। जिसे गंभीर अवस्था में निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

एफ -9 सेक्शन में एक सप्ताह में यह दूसरी घटना हुई है। इसके पहले एक कर्मी का अंगूठा प्रेस मशीन की चपेट में आ गया था। लगातार हो रही घटनाओं के पीछे उत्पादन लक्ष्य को लेकर प्रबंधन के बढ़ रहे दबाव को एक मुख्य कारण बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक सुबह 1130 बजे ओएफके एफ-9 सेक्शन की बिल्डिंग नंबर 129 में प्रेस मशीन पर काम कर रहे रवि पवार नामक कर्मचारी विस्फोटक में अचानक आग भड़कने से बुरी तरह झुलस गया। बताया जाता है कि प्रेस मशीन पर बम का फ्यूज बनाने के दौरान यह हादसा हुआ है। बारूद में अचानक आग भड़कने से कर्मी के दोनो हाथ उसकी चपेट में आ गए थे। जिसके बाद घायल रवि को तत्काल ओएफके हॉस्पिटल पहुंचा गया, लेकिन चिकित्सकों ने उक्त कर्मी की हालत को देखते हुए उसे निजी हॉस्पिटल के लिए रिफर कर दिया।

## सूचना के अधिकार के तहत मिली जानकारी से खुलासा

# बिना टेण्डर बुलाये प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में खरीदी जा रही अधिक कीमत पर दवायें

**जबलपुर, देशबन्धु।** सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त जानकारी से खुलासा हुआ है कि प्रदेश के शासकीय मेडिकल कॉलेजों में दवा खरीदी में भारी अवैधानिकता बरती जा रही है। बगैर टेण्डर बुलाये दवायें खरीदी जा रही है और वह भी प्रचलित मूल्यों से अधिक कीमतों पर। इस बाबद् जबलपुर, सागर, रीवा आदि मेडिकल कॉलेजों में हो रही अनियमितताओं का उदाहरण देकर उपभोक्ता मंच ने शासन को शिकायत भेजी है। पत्र में बताया कि दीनदयाल योजना के तहत अमृत फार्मसी का उपक्रम भारत सरकार ने शुरू किया है, जिसमें गरीब मरीजों का बाजार से नहीं बल्कि अमृत फार्मसी योजना के तहत कम से कम दामों में प्राप्त हो सके, यह निश्चित किया है। इसके लिये एमओयू भी हस्ताक्षरित हुए हैं। लेकिन इन एमओयू में कोई उल्लेख न होते भी समस्त दवायें तथा सर्जिकल सामग्री केवल अमृत फार्मसी से ही खरीदना शुरू कर दी है। जबकि समस्त दवायें आदियों के लिये नियमों के तहत टेण्डर बुलाकर ही खरीदी की जाना चाहिये था। इसमें आश्चर्य की बात यह है कि यह दवायें बाजार भाव से कई गुना अधिक दर पर खरीदी की गई हैं। उपभोक्ता मंच के डॉ. पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, सुशीला कनौजिया, डीआर लखेरा, ने उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# सोहनलाल एंड संस ज्वेलर्स शुद्धता व कम बनवाई के लिए लोकप्रिय

## हॉलमार्क गोल्ड ज्वेलरी के साथ सिल्वर व डायमंड ज्वेलरी का नायाब संग्रह

***जबलपुर, देशबन्धु।*** *त्यौहारी सीजन के आते ही बाजार में धूम मचने लगी है। विशेषकर सराफा बाजार में खरीदी का दौर तेज होने लगा है। न सिर्फ विशेष मुहूर्त बल्कि शादी विवाह की खरीददारी भी जोर-शोर से होने लगी है। शहर के प्रमुख शोरूमों में ग्राहकों की भीड़ उमड़ना शुरू हो गई है। पुष्य नक्षत्र के साथ-साथ धनतेरस व दीवाली की खरीदी को लेकर व्यापारी उत्साहित नजर आ रहे हैं। शहर में कुछ ज्वेलरी शॉप ऐसे हैं जो ग्राहकों में नायाब आभूषण, शुद्धता के साथ कम बनवाई और उचित दाम के लिए जाने जाते हैं। इसी कड़ी में रसल चौक स्थित सोहनलाल एंड संस ज्वेलर्स शुद्धता और कम बनवाई के साथ कलात्मक आभूषण के लिए ग्राहकों में लोकप्रिय हो चुका है।*

इस प्रतिष्ठान की खासियत यह है कि एक बार जो ग्राहक यहां ज्वेलरी खरीदी के लिए आता है, वह दूसरी बार खरीदी के लिए जरूर आता है। सोहनलाल एंड संस ज्वेलर्स के संचालक जितेश भोला व






अंकुर भोला ने बताया कि ग्राहकों को शुद्धता व उचित दाम में ज्वेलरी उपलब्ध कराने की परम्परा पीढ़ी दर पीढ़ी से चली आ रही है, यही वजह है कि सोहनलाल एंड संस ज्वेलर्स में ग्राहकों में लोकप्रिय है। सोहनलाल एंड संस ज्वेलर्स में ग्राहक पूर्ण रूप से संतुष्ट होकर जाते हैं। हमारा सदैव ग्राहकों के प्रति यही ध्येय रहता है कि ग्राहकों को कम से कम बनवाई व उचित दाम में ज्वेलरी मिले यानि हम ग्राहकों की जेब का ध्यान भी बखूबी रखते हैं और उन्हें हर लाभ देने की कोशिश करते हैं।

त्यौहारी सीजन व शादी विवाह के लिए सोहनलाल एंड संस ज्वेलर्स ने हॉलमार्क गोल्ड ज्वेलरी के साथ-साथ डायमण्ड व सिल्वर की सम्पूर्ण नायाब रेंज ग्राहकों के लिए पेश की है, इसके साथ ही ग्राहकों द्वारा बताई गई डिजाईनों के जेवरों को भी सरलता से बनाया जाता है। धनतेरस व दीवाली पर्व को देखते हुए सोने-चांदी के सिक्के, लक्ष्मीजी-गणेशजी की मूर्तियां, चांदी के बर्तन, सभी राशियों के राशि रत्न व गिफ्ट आईटम भी उपलब्ध हैं। साथ ही ग्राहकों के लिए गोल्ड स्कीम 11 प्लस एक भी पेश की गयी है, जिसका लाभ ग्राहक उठा रहे हैं।

# निर्वाचन आयोग ने दी संविदा कर्मियों की निर्वाचन ड्यूटी लगाने की अनुमति

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश द्वारा संविदा कर्मियों को चुनाव ड्यूटी में लगाये जाने के भेजे गये प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान कर दिया है। हालांकि निर्वाचन आयोग ने संविदा कर्मियों को निर्वाचन ड्यूटी में लगाये जाने के लिये कुछ शर्तें भी तय की है तथा इनका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा संविदा कर्मियों को चुनाव ड्यूटी में लगाये जाने के प्रस्ताव को दिये गये अनुमोदन में कहा गया है कि संविदा कर्मियों की ड्यूटी केवल इस स्थिति में ही लगाई जाये जबकि संबंधित जनपद द्वारा यह प्रमाणित कर दिया जाये कि मंडलीय पूल से प्राप्त नियमित कर्मियों को पूर्णतः यूटिलाइज कर लिया गया है। आयोग ने कहा है कि जहां तक संभव हो संविदा कर्मियों को आरक्षित पूल में रखा जाये। उनकी ड्यूटी केवल मतदान अधिकारी द्वितीय या मतदान अधिकारी तृतीय के रूप में लगाई जा सकेगी। किसी भी परिस्थिति में इन संविदा कर्मियों को पीठासीन अधिकारी के रूप में न नियुक्त किया जाये।

आयोग ने कहा है किसी भी स्थिति में किसी भी मतदान दल में एक से अधिक संविदा कर्मी को न लगाया जाये। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में पदस्थ संविदा कर्मियों की सूची भेजकर निर्वाचन आयोग को चुनाव कार्य में इनकी ड्यूटी लगाये जाने की अनुमति प्रदान करने का प्रस्ताव भेजा था।








**सोनू पोल्ट्री**

बड़ा ब्रॉयलर - रु. 74

मीडियम ब्रॉयलर - रु. 96

छोटा ब्रॉयलर - रु. 106

मोबाइल नं. 9300692405

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

**J.B.F.A.**

मुर्गा छोटा - रु. 110

मुर्गा मीडियम - रु. 100

मुर्गा बड़ा - रु. 78

मुर्गा जम्बो - रु. 70

मो.-9039925000, 9425800409










अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से

**मोतियाबिंद ऑपरेशन**

मध्य भारत का सबसे आधुनिक **नया युग**

आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर

डॉ।पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894

जनज्योति सुपर स्पेशिलिटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

